


बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड 14
लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल 13

## अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना



बुधवार को अनंतनाग के पहलगाम स्थित नुनवान बेस कैंप पहुंचे तीर्थ यात्री।

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यहां से अमरनाथ तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को कश्मीर स्थित दो आधार शिविरों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गुरुवार तीन जुलाई को घाटी से दो मार्ग से शुरू होगी - अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा (14 किमी) लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। यात्रा का समापन नौ अगस्त को होगा। अधिकारियों ने बताया कि 1,115 महिलाओं, 31 बच्चों और 16 ट्रांसजेंडर सहित 5,892 तीर्थयात्रियों का जत्था यात्रा में शामिल होने के लिए तड़के साढ़े चार बजे आधार शिविर से रवाना हुआ। अब तक 3,31,000 से अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं।

## शेख हसीना को छह महीने की जेल की सजा

### बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री अदालत की अवमानना मामले में दोषी करार

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने छह महीने की जेल की सजा सुनाई। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी।

डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, न्यायाधीश मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने अपदस्थ अवामी लीग की नेता से संबंधित लीक हुई फोन पर बातचीत के अंश की समीक्षा के बाद यह आदेश पारित किया। फोन पर बातचीत के अंश पिछले वर्ष सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे। पिछले साल अगस्त में पद छोड़ने के बाद से यह पहली बार है जब 72 वर्षीय नेता को किसी मामले में सजा सुनाई गई है। ऑडियो क्लिप में अपदस्थ प्रधानमंत्री को गोविंदगंज उपजिला के पूर्व अध्यक्ष और प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) के नेता शकील अकंद बुलबुल से कथित तौर पर ये कहते सुना जा सकता है कि मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज हैं, इसलिए मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। न्यायाधिकरण ने बयान को अवमाननापूर्ण और अदालत को कमजोर करने का सीधा प्रयास माना।



- प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता शकील बुलबुल को भी सजा

### आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी सजा

न्यायाधिकरण ने प्रतिबंधित बांग्लादेश छात्र लीग के नेता बुलबुल को भी दोषी ठहराया और दो महीने के कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधिकरण ने फैसले में कहा कि सजा की अवधि उनकी गिरफ्तारी या आत्मसमर्पण के दिन से लागू होगी। पिछले साल पांच अगस्त को देश में छात्रों के नेतृत्व वाले एक बड़े आंदोलन के बाद हसीना को अपदस्थ कर दिया गया था, जिसके बाद उन्हें ढाका छोड़कर जाना पड़ा था। हसीना के पद से हटने के बाद 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला था।

## नेशनल हेराल्ड केस : एजेएल के अधिग्रहण में हुआ था फर्जी लेनदेन

### राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी के दावे से सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

- 2000 करोड़ रुपये एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड की संपत्ति
- यंग इंडिया में हिस्सेदार हैं सोनिया और राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया। ईडी की तरफ से राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपये है।

एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। जिसमें कांग्रेस संसदीय पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्षी नेता राहुल गांधी प्रमुख हिस्सेदार हैं। इसका लक्ष्य पार्टी नेतृत्व को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाना था।

एएसजी राजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कई सीनियर नेता एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को किए गए ''फर्जी लेनदेन'' में शामिल थे। ईडी के मुताबिक, कांग्रेस के बड़े नेताओं के निर्देश पर कुछ लोगों ने फर्जी तरीके से किराए का भुगतान किया था। इन लेन-देन के साथ फर्जी किराया रसीदें तैयार की गई थीं। ईडी ने दावा किया कि साजिश थी कि यंग इंडिया के माध्यम से 2,000 करोड़ की संपत्ति कब्जे में लेकर 90 करोड़ का कर्ज लिया जाए।



### भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने दर्ज कराई थी वर्ष 2012 में शिकायत

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

### 50 लाख रुपये में यंग इंडिया को बेच दी एजेएल की संपत्ति

ईडी ने ये भी बताया कि कांग्रेस कमेटी ने सार्वजनिक टेंडर निकाले बिना एजेएल की संपत्ति यंग इंडिया को 50 लाख रुपये में बेच दी, जबकि एजीएल की संपत्ति 2,000 करोड़ की थी। यंग इंडिया के पास इसे चुकाने के लिए पैसे नहीं थे, जिसके बाद यह मामला कोलकाता में शेल कंपनियों तक पहुंचा। एक करोड़ रुपय का लोन यंग इंडिया को दिया गया, जबकि इसकी बैलेंस शीट नेगेटिव थी। एएसजी राजू ने कोर्ट को बताया कि ईडी की जांच में यह भी सामने आया है कि यंग इंडिया पर राहुल गांधी और सोनिया गांधी का नियंत्रण था। दोनों ने मिलकर 76 प्रतिशत शेयर अपने पास रखे थे। वास्तव में ये दोनों इनके संचालन के लिए जिम्मेदार थे।

## चीनी नागरिक से जुड़े साइबर फ्राड मामले में ईडी का छापा

### 900 करोड़ की धोखाधड़ी में दिल्ली में पांच जगहों पर छानबीन

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा कथित तौर पर 900 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर धोखाधड़ी किए जाने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय एजेंसी ने इस धोखाधड़ी की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने बताया कि शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ जांच के सिलसिले में दिल्ली में पांच परिसरों की तलाशी ली जा रही है। आरोप है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर आम लोगों को धोखा दिया और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक (एफएफएमसी) का उपयोग करके धन शोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अपराध के जरिए करीब 903 करोड़ रुपये प्राप्त किए जाने का आरोप है।

### साइबर धोखाधड़ी में जामताड़ा से तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति से 10.80 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में झारखंड के जामताड़ा से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि संदेह से बचने और स्थानीय लोगों की तरह दिखने के लिए पुलिस की एक टीम ने पारंपरिक आदिवासी पोशाक पहनकर आरोपियों की टोह ली और कई घंटे तक दूर से संदिग्धों पर नजर रखी। दावा किया कि आरोपियों की गिरफ्तारी से जामताड़ा से साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मुजफ्फर जिलानी (27), आफताब अंसारी (27) और मोहम्मद इकबाल रजा (24) के रूप में हुई है, जो जामताड़ा के करमाटार के रहने वाले हैं।

### दिल्ली के साइबर थाने में दर्ज हुआ था मामला

दिल्ली के पालम निवासी केसी बर्थवाल (49) की शिकायत पर साइबर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज होने के बाद धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया। बर्थवाल ने आरोप लगाया कि पांच अप्रैल को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई में एक सरकारी बैंक की क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताते हुए झूठा दावा किया कि उनके क्रेडिट कार्ड से 588.82 रुपये भुगतान हो गए हैं। डीसीपी ने कहा कि इसके बाद फोन करने वाले ने पीड़ित पर दबाव डाला कि वह उसके फोन पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके अपना क्रेडिट कार्ड सक्रिय या ब्लॉक कर दे।




## प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

विधि संवाददाता, लखनऊ

- बच्चों की याचिका पर कोर्ट आज करेगी सुनवाई

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में बेसिक शिक्षा परिषद के तहत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले को स्कूली बच्चों की ओर से याचिका दाखिल करते हुए चुनौती दी गई है। मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी।

बुधवार को सीतापुर के 51 स्कूली बच्चों की ओर से दाखिल याचिका न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए पेश हुई। इस पर राज्य सरकार की ओर से मामले की सुनवाई अगले दिन करने का अनुरोध किया गया जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई का निर्देश दिया है। याचिका में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे शिक्षा के अधिकार के विरुद्ध होने की दलील दी है। साथ ही विलय से छोटे बच्चों के स्कूलों से दूर हो जाने का मुद्दा भी उठाया गया है।

## पीक ऑवर में दोगुना किराया वसूल सकेंगी कैब कंपनियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र सरकार ने जारी किए दिशा निर्देश

सड़क परिवहन मंत्रालय ने उबर, ओला और रैपिडो जैसी कैब सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों (कैब एग्रीगेटर) को 'पीक ऑवर' (व्यस्त समय) के दौरान आधार मूल्य का दोगुना तक किराया वसूलने की अनुमति दे दी है। अभी तक यह डेढ़ गुना है। गैर व्यस्त समय के लिए किराया आधार मूल्य का न्यूनतम 50 प्रतिशत होना चाहिए।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने 'मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश-2025' में कहा है कि 'एग्रीगेटर को उप-खंड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराए से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा अधिकतम दोगुना मूल्य निर्धारण की अनुमति होगी। इसके अलावा, निश्चित आधार किराया न्यूनतम तीन किलोमीटर के लिए होगा, ताकि डेड माइलेज की भरपाई की जा सके। इसमें बिना यात्री के तय की गई दूरी, यात्रा वाली दूरी और यात्री को लेने के लिए उपयोग किया गया ईंधन शामिल है।

## पत्नी व बच्चे को वित्तीय मदद में देरी, सम्मान से वंचित करना

### दिल्ली हाई कोर्ट ने भरण-पोषण के मामले में की टिप्पणी, अलग रह रही पत्नी व बच्चे को सहायता देने के निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक वैवाहिक मामले में एक व्यक्ति को 'अंतरिम भरण-पोषण' आदेश देते हुए कहा कि अलग रह रही पत्नी और बच्चे को वित्तीय सहायता देने में देरी करना सम्मान से वंचित करने के समान है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा कुटुंब अदालत के उस आदेश के खिलाफ पति की अपील की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें इसने (कुटुंब अदालत ने) व्यक्ति (पति) को निर्देश दिया था कि वह अलग रह रही अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रतिमाह कुल 45,000 रुपये का भुगतान करे। इस राशि में से दोनों को बराबर-बराबर हिस्सा दिया जाना है।

एक जुलाई को जारी फैसले में कहा गया है कि वित्तीय सहायता में देरी करना सम्मानित जीवन से वंचित करना है और यह अदालत इस तथ्य से अवगत है कि समय पर भरण-पोषण दिया जाना न केवल जीवनयापन के लिए, बल्कि वैसे लोगों की बुनियादी गरिमा की रक्षा के लिए भी आवश्यक है, जो कानूनी रूप से ऐसे समर्थन के हकदार हैं। न्यायमूर्ति शर्मा ने नाबालिग बेटी के लिए दी जाने वाली राशि घटाकर 17,500 रुपये प्रतिमाह कर दी, जबकि पत्नी के लिए दी जाने वाली राशि को बरकरार रखा। अदालत ने कहा कि पति अपनी नियमित आय और संसाधनों के बल पर सुरक्षित शांति से सोता रहा, जबकि अलग रह रही पत्नी चुपचाप पीड़ा झेलती रही, अनिश्चितता और चिंता से जूझती रही कि अगर यह राशि समय पर नहीं दी गई, तो वह अपनी बुनियादी जरूरतों को कैसे पूरा करेगी। अदालत ने कहा कि यद्यपि याचिकाकर्ता (पति) का तर्क है कि केवल एक महीने का भरण-पोषण बकाया है, प्रतिवादी (पत्नी) पर इस तरह की देरी के प्रभाव को कम करके आंका नहीं जा सकता है।

### भरण-पोषण देना कानूनी और नैतिक कर्तव्य भी

अदालत ने यह भी रेखांकित किया कि भरण-पोषण केवल एक मौद्रिक दायित्व नहीं, बल्कि एक कानूनी और नैतिक कर्तव्य है, जो आश्रित पति-पत्नी और बच्चे की गरिमा और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि जब वित्तीय सहायता में देरी होती है, तो सबसे पहले गरिमा को ठेस पहुंचती है... यदि भरण-पोषण का काम कमाऊ पति या पत्नी की सुविधा पर छोड़ दिया जाता है, तो भरण-पोषण का उद्देश्य ही विफल हो जाता है।

# स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार भाई और बहन की मौत

संवाददाता, प्रतापगढ़


निखिल। अमृत विचार


शिखा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** निजी स्कूल बस की टक्कर से भाई और बहन की मौत हो गई। दो मौतों से परिजनों में कोहराम मच गया। चालक मौके से फरार हो गया। बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा की तहरीर पर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

नगर कोतवाली के सिविल लाइन करनपुर निवासी मनोज कुमार की इलेक्ट्रिक की दुकान हैं। उनका बेटा निखिल ( 15 वर्ष) बाइक से अपनी बहन शिखा ( 13 वर्ष) को लिवाकर चाचा संजय की ससुराल लालगंज के ताला सरिस्ता बाद गया था। बुधवार सुबह वहां से घर वापस लौट रहा था। सुबह करीब 7 बजे लखनऊ - वाराणसी हाईवे पर सुखपाल नगर स्थित पेट्रोल पंप के पास सामने से आई सिटी पब्लिक स्कूल अष्टभुजा नगर की बस ने टक्कर मार दी। बाइक बस में फंसने से निखिल और बाइक कुछ दूर तक घिसटती रही। जिससे निखिल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गम्भीर रूप से घायल शिखा को एसआरएन अस्पताल प्रयागराज भेजा गया। वहां पहुंचने से पहले ही शिखा की भी सांसे थम गईं। चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। शव घर पहुंचने पर बेटे व बेटी के शव से लिपटकर मां अनीता रोते रोते बेसुध हो गई। मनोज व छोटा बेटा अंशू सहित परिजन रो रो कर बेहाल हो गए। चाचा संजय की तहरीर पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर केस दर्ज किया गया है।

# यूपी बोर्ड: टीआर के पन्ने बदले, तीन कर्मचारी फंसे

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के तीन कर्मचारियों ने सारणीयन पंजीयन (टैबुलेशन रजिस्टर) का पन्ना कई वर्ष पहले फाड़कर बदल दिया था। उस समय उनके खिलाफ सिविल लाइंस थाने में एफआईआर हुई थी।वह तीनों कर्मचारी अब रिटायर हो गये है लेकिन शासन ने आज तीनों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दें दी है। यूपी बोर्ड मुख्यालय में रिटायर तीनों कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारियां शुरू हो गयी है।

वर्ष -2012 में मण्डल स्तर पर राजकीय इण्टर कालेजों में शिक्षकों की भर्ती हुई थी जिसमें प्रयागराज जिले के अभ्यर्थियों में से कई ने फर्जी मार्कशीट लगाया था। सत्यापन के दौरान यूपी बोर्ड के प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के तीन कर्मचारियों प्रमोद तिवारी प्रधान सहायक, राजेश कुमार और प्रदीप सिंह प्रशासनिक अधिकारी ने टीआर बदल दिया था। मामले की शिकायत में तीनों कर्मचारियों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इस दौरान प्रयागराज क्षेत्रीय कार्यालय के तीनों कर्मचारी अब रिटायर हो गये है।

यूपी बोर्ड ने शासन से कारवाई के लिए अनुमति मांगी थी इस पर शासन ने अनुशासनिक कार्रवाई की अनुमति दें दी है। यूपी बोर्ड मुख्यालय के अपर सचिव प्रशासन सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शासन ने तीनों लोगों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति दे दी है।

## सार-संक्षेप

### मोहर्रम: डीएम व एसपी पहुंचे शेखपुर आशिक

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : मोहर्रम पर्व पर बेहतर कानून-व्यवस्था को लेकर डीएम शिव सहाय अवस्थी एवं एसपी डा .अनिल कुमार ने थाना कुंडा में शेखपुर आशिक गांव का भ्रमण कर निरीक्षण किया। क्षेत्र की सामाजिक- सांप्रदायिक स्थिति, संवेदनशील स्थलों एवं सार्वजनिक स्थलों का अवलोकन किया। कानून - व्यवस्था की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। पुलिस बल एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। सतर्कता एवं ड्यूटी अनुशासन की जांच कर पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के निर्देश दिए। डीएम एवं एसपी ने थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत मोहनगंज चौराहा पर महाराणा प्रताप की प्रस्तावित मूर्ति स्थापना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### ढेकाही में सर्पदंश से किशोरी की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : कोतवाली देहात के ढेकाही गांव में मंगलवार की रात राजू हरिजन की पुत्री शिखा चारपाई पर लेटी थी। इसी दौरान सांप ने डंस लिया। परिजन आननफानन में लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजू चंडीगढ़ में रह कर प्राइवेट नौकरी करता है। बेटी के मौत की खबर से वह घर के लिए निकल पड़ा है। शिखा के अलावा राजू के एक बेटी व एक बेटा है।

### पुलिस ने आरोपी के घर चस्पा की कुर्की की नोटिस

**कोहड़ौर, प्रतापगढ़** : कोहड़ौर थाना क्षेत्र के अतरसंड गांव में कुछ दिनों पहले दुकान से घर जाते समय युवक पर जानलेवा हमला हुआ था। मारपीट सहित जानलेवा हमले के फरार अभियुक्तगण अतरसंड गांव के निलेश त्रिपाठी व योगेश त्रिपाठी पुत्रगण जय शंकर त्रिपाठी के घर व सार्वजानिक स्थानो पर कुर्की की नोटिस चस्पा की। बुधवार को मदाफरपुर चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार दुबे ने पुलिस टीम के साथ पंहुच कर गांव में मुनादी कराई। बताया कि आरोपी एक माह के अंदर कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध कुर्की का आदेश प्राप्त कर कार्रवाई की जाएगी।

### एक पेड़ काटने पर हो 40 हजार का जुर्माना, सौंपा मांगपत्र

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : लालगंज में क्षेत्रीय विधायक व यूपी सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा मोना से मिलकर स्वामी करपात्री जी सेवा संस्थान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने एक मांगपत्र सौंपा। 1976 में बने उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण संसोधन अधिनियम में बदलाव की मांग रखी। इसके साथ ही मांगपत्र देकर यह भी बताया कि 1976 में बना वृक्ष संरक्षण अधिनियम 49 वर्ष पुराना हो चुका है। जो अब समय सीमा पार कर चुका है। पुराने अधिनियम में 49 वर्ष पहले हरा एक पेड़ काटने पर जुर्माने की राशि एक हजार थी। आज की बढ़ती मुद्रास्फीति को देखते हुए अधिनियम में संशोधन कर एक पेड़ काटने पर जुर्माने की राशि बढ़ाकर 40 हजार की जाए। ज्ञापन लेने के बाद विधायक ने सदन में मुद्दे को रखकर प्राइवेट बिल लाने के लिए प्रयास करने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने में ट्रस्ट के उपसचिव शिवम तिवारी, सदस्य प्रकाश पांडेय, दीपेंद्र ओझा, नितेश तिवारी, अनुपम मिश्र आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री कल करेंगे आम महोत्सव की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ:** उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 4 से 6 जुलाई तक लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में आम महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में लगभग 800 किस्मों के आमों का प्रदर्शन किया जाएगा। यह महोत्सव प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने तथा आम के विविध स्वरूपों को आमजन तक पहुंचाने की दिशा में एक पहल है। मंत्री ने बताया कि महोत्सव का उद्घाटन 4 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी करेंगे।

# 703 शिक्षकों का ब्लॉक स्तर पर हुआ तबादला

**प्रयागराज, अमृत विचार:** प्रयागराज जिले में आठ वर्ष बाद 703 परिषदीय शिक्षक - शिक्षिकाओं का जिले के अंदर स्थानांतरण और समायोजन हुआ है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवव्रत सिंह तबादले वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं को कार्यमुक्त और कार्यभार परिषदीय विद्यालयों में ग्रहण करवा रहे हैं। बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेन्द्र कुमार तिवारी की ओर से 30 जून की देर शाम जारी सूची में प्रदेशभर के 20182 शिक्षक, शिक्षिकाओं का आठ वर्ष बाद जिले के अंदर तबादले हुए है। इनमें से प्रयागराज के 703 शिक्षक, शिक्षिकाओं को मनमाने स्कूलों में स्थानान्तरण का लाभ आठ वर्ष बाद मिला है। 2017 के बाद यह पहला मौका है जब शिक्षकों का जिले के अंदर ट्रांसफर हुआ है। जिले के अंदर तबादले और समायोजन के लिए पूरे प्रदेश से 33,4,84 शिक्षकों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिन स्कूलों में आवश्यकता से अधिक शिक्षक थे उनसे 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे और 30 जून को तबादला हो गया।

# वज्रपात से युवती की गयी जान

**प्रयागराज, अमृत विचार:** बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बुधवार को विवाहिता गंभीर रूप से घायल हो गयी। उपचार के लिए मांडा सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर विवाहिता के मायके और ससुराल जनों में कोहराम मच गया। बुधवार को बारिश के दौरान बिजली मांडा क्षेत्र के कोसड़ा कला गांव में गिरी जिसकी चपेट में देवी प्रसाद यादव की बहू निशा देवी उम्र (35) पत्नी विनोद कुमार यादव आ गयी जो गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास के लोग निशा को उपचार के लिए सीएचसी लें गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# तीन-तीन लाख लेकर डीएफओ ने की फर्जी नियुक्तियां

## सदर विधायक ने आरोप लगाते हुए प्रधान वन संरक्षक से की शिकायत

**आरोप**

संवाददाता, प्रतापगढ़

> डीएफओ प्रतापगढ़ ने शासन की मंशा के विपरीत 32 फर्जी नियुक्ति किया है। इसकी उच्च स्तरीय जांच होने पर हकीकत सामने आ जायेगी। जनता और जनप्रतिनिधियों के प्रति उनका व्यवहार भी ठीक नहीं रहता है। **-राजेंद्र कुमार मौर्य**, सदर विधायक

> सदर विधायक द्वारा जो भी आरोप लगाये गए हैं सभी बेबुनियाद हैं। शिकायत में लगाये गए आरोपों की जांच चल रही है। जांच के बाद सच्चाई सामने आ जाएगी। **-जेपी श्रीवास्तव**, डीएफओ प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** भाजपा से सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने प्रभागीय वन अधिकारी पर गलत तरीके से 32 नियुक्ति करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि 03 - 03 लाख रूपये लेकर कार्य करने का फर्जी प्रमाणपत्र बनवाया। मामले की शिकायत प्रधान वन संरक्षक व प्रदेश के विभागाध्यक्ष वन विभाग से की है। उच्चस्तरीय जांच कर जनपद से हटाये जाने की मांग की है।

विधायक राजेंद्र मौर्य ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि बीते माह वन विभाग में 32 लोगों की फर्जी तरीके से नियुक्ति की गई। 18-18 हजार न्यूनतम वेतनमान पर इन लोगों को रखा गया है। इनके फर्जी अनुभव या कार्य प्रमाण-पत्र भी लगाए गए हैं। वन विभाग के कार्मिकों के सगे संबंधियों व गैर जनपद के लोगों को इसमें नियम विरुद्ध लाभ पहुंचाया गया है। जिन लोगों की फर्जी तरीके से नियुक्ति की गई है, उनसे मूल काम भी लिया नहीं जा रहा है। इससे सरकार की छवि धूमिल हो रही है और सरकारी पैसे का भी गलत प्रयोग किया जा रहा है।

सदर विधायक राजेंद्र ने डीएफओ के खिलाफ यह भी शिकायत की है कि आरा मशीनों के नवीनीकरण में वसूली की जा रही है। धनउगाही कर मानक दरकिनार कर नवीनीकरण किया जा रहा है। इसी कारण हरे पेड़ों की कटाई तक हो रही है। शिकायत के बाद भी डीएफओ द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती है।

विधायक ने प्रधान वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष उत्तर प्रदेश वन विभाग सुनील कुमार श्रीवास्तव को भेजे गए पत्र में आग्रह किया है कि मामले की गंभीरता से उच्च स्तरीय टीम के द्वारा जांच कराई जाए। यहां से डीएफओ जेपी श्रीवास्तव को हटाकर मुख्यालय संबद्ध किया जाए।

# यूपी बोर्ड: 9वीं व 11वीं में पांच अगस्त तक छात्र- छात्राओं के दाखिले

**प्रयागराज, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) के कक्षा नौ और 11 में छात्र - छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण पांच अगस्त तक होंगे। यूपी बोर्ड के सचिव सचिव भगवती सिंह ने इस संबंध में आज बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज से समयसारिणी जारी की है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं का अग्रिम पंजीकरण आवेदन उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर आनलाइन अपलोड करना होगा। यह परीक्षार्थी वर्ष 2027 की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि

परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल कंपार्टमेंट परीक्षा उत्तीर्ण एवं स्क्रूटनी के बाद हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों के कक्षा 11 में प्रवेश 20 अगस्त तक होंगे। छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रुपया प्रति छात्र की दर से कोषागार में एकमुश्त चालान के माध्यम से जमा करने तथा शुल्क जमा की सूचना व विद्यार्थियों के शैक्षिक विवरण वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त है। सचिव ने बताया कि विद्यार्थियों के अपलोड विवरण अर्थात नाम, माता-पिता का नाम, जन्मतिथि, जेंडर, विषय, फोटो का परीक्षण प्रधानाचार्य 26 अगस्त से पांच सितंबर तक कर सकेंगे। इस अवधि में वेबसाइट पर कोई अपडेशन नहीं होगा। जांच में किसी प्रकार का संशोधन है तो उसे प्रधानाचार्य छह सितंबर से 20 सितंबर के बीच अपडेट कर सकेंगे, लेकिन किसी नए छात्र का विवरण अपलोड नहीं कर सकेंगे। सचिव भगवती सिंह ने बताया कि पंजीकृत अभ्यर्थियों की नामावली एवं उससे संबंधित कोषपत्र की एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजे जाने के लिए 30 सितंबर तक डीआइओएस कार्यालय में प्रधानाचार्य जमा कराएंगे। परीक्षार्थियों का संपूर्ण विवरण पूर्ण शुद्धता के साथ वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना अनिवार्य है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।
**एडमिन यूनिट/जोन:** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं० /लॉट सं०:** LJN-ADVT-08-25, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि:** 30-06-2025 समय 16:34 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 16-07-2025 समय 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय:** 16-07-2025 समय 13:40 बजे, **नीलामी का प्रकार:** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of www.ireps.gov.in
**सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,**
मुजाधि/वाणिज्य-73 **लखनऊ**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।



**गुमशुदा तलाश गस्ती**
1. **गुमशुदा-अनीस कुमार साहू (बुद्धी)** सुपुत्र-श्री शिवराज साहू ग्रा0-माँझगाँव, थाना-बाजार शुक्ल, जि0-अमेठी उम्र 18 वर्ष। 2. सूचना कर्ता का नाम व पता-श्रीमती शैल कुमारी पत्नी स्व0 श्री शिवराज साहू, ग्रा0 - माँझगाँव, थाना बाजार शुक्ल, जि0-अमेठी, उम्र 50 वर्ष। मो0: 7238803453, 7311174847, 9354193404, 3. गुमशुदगी रिपोर्ट - 01.06. 2025, 4. हुलिया- सावला रंग, गोल चेहरा, लम्बाई लगभग 5 फिट। 5. पहनावा काला जीन्स, सफेद शर्ट, 6. संक्षिप्त विवरण- दिनांक 30.05.2025 को सांय: 06:00 बजे से घर से गायब है। उपरोक्त अनीस कुमार साहू (बुद्धी) सुपुत्र-श्री शिवराज साहू ग्रा0-माँझगाँव, थाना- बाजार शुक्ल, जि0-अमेठी उम्र 18 वर्ष के विषय में कुछ जानकारी होती है तो निम्नलिखित मो० नम्बर पर सूचित करने की कृपा करें।

1. पुलिस अधीक्षक अमेठी मो0: 9454400427
2. अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी मो0: 9454401977
3. क्षेत्राधिकारी अमेठी मो0: 9454401405
उ0 नि0 साबिर अली, थाना-बाजार शुक्ल, जनपद- अमेठी, मो०: 7985780882
थानाध्यक्ष, थाना बाजार शुक्ल, जनपद- अमेठी, मो0: 9454404329



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई-निविदा सूचना**
**खुली ई-निविदा सूचना संख्या:** SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10 Date - 30.06.2025
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है।
कार्य का नाम : मैकेनिकल वर्कशॉप इज्जतनगर में वैगन पॉकेट यार्ड और शंटिंग लाइनों के विद्युतीकरण से सम्बंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2025-26-T10, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 2,29,60,966.31, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी: 2,64,800.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 24.07.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 9 Months ● खुली ई-निविदा दिनांक 24.07.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/**
**मुजाधि/विद्युत -73** **इज्जतनगर**
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**सार्वजनिक अधिसूचना**
(25000 वोल्ट शिरोपरि कर्षण तारों के उर्जित किये जाने के सम्बन्ध में।)
रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि पूर्वोत्तर रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उत्तरोत्तर रूप से उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और बाद की तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय लगातार विद्युतमय माना जायेगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता अथवा में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।, **क्रम सं. 1.- खण्ड का नाम** : टनकपुरयार्ड (Excl)- लाइन नं0 16 एवं 17 (Incl), **ऊर्जा प्रवाह की तारीख** : 04.07.2025
**वमंविइं/टीआरडी**
**मुजाधि/विद्युत-72** **इज्जतनगर**
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



Achievers Law College Of Lucknow
NARVADESHWAR LAW COLLEGE
Approvedby BCI & Lucknow University
15 PCS-J, 1 IPS, 22 GOLD, 1 Chancellor
ADMISSION OPEN
LL.B. 3YRS & 5YRS
BA, B.Com, BBA. MBA & D.PHARM. GNM(AYD)
Hostel & Placement Facility Available
Special Guidance For PCS-J Exam
Malhaur Road Chinhat, Gomti Nagar, Lko
www.narvadeshwar.org
9918132882, 945045168



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि सुकोमल सेन पत्नी सुबोधचन्द सेन हमारे मकान नं.- SS1/394 से.D1, L.D.A. कालोनी कानपुर रोड लखनऊ रकबा 36.75 Sq. मीटर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र एवं मुख्तारनामा 4/10/1989 का क्रम सं. 1349 वास्तव में खो गया है, जिसका प्रयोग अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध माना जाये।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैं JUHI UPADDHYAY पुत्री SATYA DEV UPADHAYAY निवासी निकट नशरा कैंपस लेखराज चौराहा जी 86 संजय गांधी पुरम इंदिरा नगर लखनऊ की रहने वाली हूं। मैंने अपना नाम बदलकर JUHI UPADHYAY रख लिया है। अब भविष्य में मैं अपने इसी नाम से जानी वह पहचानी जाऊं।

**सूचना**
पहले मेरा नाम : PRABHAT KUMAR KHARE था से बदलकर PRABHAT KHARE रख लिया है। अब मुझे PRABHAT KHARE के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O - SUDHIR KHARE FLAT NO-303 BCC GRAVITY APARTMENT TIKAIT GANJ MOHAN ROAD LUCKNOW - 226017

**सूचना**
मैं राज कुमार कसौंधन पुत्र स्व0 कृष्णा प्रसाद कसौंधन निवासी म0 नं0 - 180 खोवामण्डी शाहगंज थाना कोतवाली नगर परगना मीरानपुर तहसील सदर जनपद सुलतानपुर। मैंने दिनांक 25/06/2025 को जनपद सुलतानपुर में एक बैनामा जो कि जो मेरे नाम से था जिसकी पुस्तक संख्या 2 क्रमांक 230 पृष्ठ संख्या 51-72 क्रम संख्या 5987 दिनांक 16 /12/2002 कहीं खो गया है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाई स्कूल का अंकपत्र रोल नंबर 2720960 वर्ष 2019 और इंटरमीडिएट का अंकपत्र रोल नंबर 217175615 वर्ष 2021 वास्तव में खो गया है। **मनोज कुमार पुत्र घनश्याम निवासी नौवनपुरवा अरनवा, थाना खैरीघाट जिला बहराइच।**

**सूचना**
मेरा पुत्र नरेन्द्र सिंह और पुत्रवधू मंजू यादव का चाल चलन खराब होने के कारण मैंने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उससे कोई लेन-देन तथा मुकदमेबाजी करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **फूलश्री पत्नी रामनरेश निवासी- सरैया चुंगी सैनिक विहार कालोनी, इटावा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने तीसरे पुत्र राघवेन्द्र कुमार मिश्र के खराब चाल चलन, आये दिन मुझसे व परिवार वालों से लड़ाई-झगड़ा करने, अपराधिक व घृणित कृत्यों में लिप्त रहने एवं मुझे शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से कष्ट पहुंचाने के कारण विवश होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये अपराधिक कुकृत्यों व घृणित कार्यों से मेरा व मेरे परिवार तथा रिश्तेदारों का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। **सत्यनरायन मिश्र पुत्र हनुमंत बलि साकिन बेहड़ा बैरिया पोस्ट कोड़हा थाना बौण्डी जिला बहराइच।**



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## सार-संक्षेप

### बैठक में फर्टिलाइजर, जीएसटी और टैक्स मुद्दों पर चर्चा



व्यापारियों के साथ मौजूद बनवारी लाल कंछल। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल और प्रांतीय महामंत्री सचिन कंछल ने बुधवार को बैठक की। यह बैठक अवसानेश्वर मार्ग स्थित मां चंद्रिका ऑटोमोबाइल्स पर आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों ने फर्टिलाइजर, जीएसटी, इनकम टैक्स और नगर की विभिन्न समस्याएं रखीं। प्रांतीय अध्यक्ष ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर इन समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिलाध्यक्ष शिवकुमार चतुर्वेदी, महामंत्री जितेंद्र सिहल, संजीव गोयल, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार शुक्ला, नगर अध्यक्ष पप्पू सिद्दीकी, महामंत्री राम शरण साहू, शैलेंद्र सिंहल, राम प्रकाश, गौरी शंकर पांडे, शिवाकांत, रमेश शुक्ला, प्रकाश सिंह, बृजेश त्रिपाठी, विशाल सोनी, आईबी वर्मा, राजकुमार और रजनीश झुनझुनवाला आदि थे।

### गोमती के किनारे विधायक व ग्रामीणों ने रोपे पौधे


पौधरोपण करते विधायक व बच्चे। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी : अमृत विचार** : एक से पांच जुलाई तक चल रहे वन महोत्सव के तहत बुधवार को बाबा टीकाराम धाम मंदिर के पास गोमती नदी के किनारे पौधे रोपे गये। वन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधायक दिनेश रावत मुख्य अतिथि रहे। जिपं सदस्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। प्रधान रामकिशोर मिश्रा, बूथ अध्यक्ष मनोज सिंह समेत वन विभाग के अधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। नवजात बच्चों के परिवारों को सागौन का पौधा और ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट दिया गया। छात्र-छात्राओं ने पौधों की बारात निकाली।

### तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं का प्रदर्शन


प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार** : तहसील में बुधवार को अधिवक्ताओं ने धरना प्रदर्शन किया। वकीलों का आरोप है कि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कई बार शिकायतें की गईं। लेकिन तहसील प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की। धरने में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र, महामंत्री सुनील त्रिवेदी, राम प्रताप सिंह, कुंवर बहादुर यादव, संजय सिंह, रूपनारायण वर्मा, विजयराज, राजेश तिवारी, जगदीश प्रसाद शर्मा और विजेंद्र प्रताप सिंह, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### भिखारी प्रदेश अध्यक्ष और रवि बने अयोध्या मंडल अध्यक्ष

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार** : हिंदू महासंघ में भिखारी प्रजापति को प्रदेश अध्यक्ष का पद मिला है। रवि सिंह को अयोध्या मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के जिला अध्यक्ष शुभम कसौधन, विपिन कौशल और समीर साहू समेत कई लोगों ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी।

### नाली निर्माण और परिवार रजिस्टर में नाम सुधार की मांग



शिकायतें सुनते बीडीओ संदीप कुमार श्रीवास्तव। अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार** : मसौली में आयोजित ब्लॉक दिवस में दो शिकायतें आईं। अध्यक्षता बीडीओ संदीप कुमार श्रीवास्तव ने की ज्योरी मजरे दहेजिया के चिन्जी लाल ने नाली निर्माण की मांग की। बांसा की मीरा ने परिवार रजिस्टर में अपने नाम के शुद्धिकरण के लिए आवेदन दिया। कार्यक्रम में सचिव महेश प्रताप सिंह, संजीव कुमार सिंह, सौम्या सिंह, बीना मौर्या, वंदन पाल आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बाराबंकी, अमृत विचार** : एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स में लखनऊ जोन की अन्तर्जनपदीय वैज्ञानिक अनुसंधान, पुलिस फोटोग्राफी, कम्प्यूटर व वीडियोग्राफी, एण्टी सेवोटाज चेक एवं डॉग स्क्वायड प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह व प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पूर्व राज्यमंत्री का भाजपा को मजबूत करने पर जोर

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राज्यमंत्री एवं हिन्दुस्तान पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नानकदीन भुर्जी का जैदपुर भाजपा कार्यालय में मंडल उपाध्यक्ष अलीम राईन की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बैठक में अमरीश रावत और मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी से कहा गया कि 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी के प्रत्येक बूथ को मजबूत किया जाए। इस अवसर पर सुऐब राईन, इस्लाम अंसारी, सरताज चौधरी, अब्दुर्रहीम, जुनैद राईन, आलम दर्जी, सईद दर्जी, रेहान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महादेवा मेले में साफ-सफाई को लेकर प्रशासन सख्त


सफाई कार्य की निगरानी करते बीडीओ। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** : महादेवा मेले में सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं। बीडीओ जितेंद्र कुमार ने बुधवार को एडीओ पंचायत अभय शुक्ला के साथ बहोनिया तालाब पर उपस्थित होकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया। मंगलवार को एसडीएम और बीडीओ ने प्रशासनिक अमले के साथ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया था। निरीक्षण में क्षेत्र में गंदगी की स्थिति पाई गई। यद्यपि महादेवा क्षेत्र सूरतगंज ब्लॉक में आता है, फिर भी बीडीओ रामनगर ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए बहोनिया तालाब और अभरन सरोवर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। बीडीओ ने सफाई कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए।

# खतरे के निशान से दो सेमी दूर सरयू

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**


कटान करती सरयू नदी। अमृत विचार

**अमृत विचार** चेतावनी बिंदु पार कर सरयू नदी खतरे के निशान से महज दो सेंटीमीटर दूरी पर बह रही है। बढ़ने के बाद जलस्तर घटने की बात कही जा रही लेकिन भारी बारिश को देखते हुए इस बार नेपाल से छोड़ा गया पानी नदी में गंभीर हलचल लाएगा, इसमें कोई संदेह नहीं।

उधर नदी किनारे बसे तराई वासी दहशत में हैं, नदी के स्वभाव की परख रखने वाले ग्रामीण धीरे धीरे पलायन की तैयारी कर रहे। जबकि नदी से जुड़ी तहसीलों के अफसर सबकुछ सामान्य होने की बात कह रहे हैं। बताते चलें कि सरयू नदी का खतरे का निशान 106.007 है और नदी का जलस्तर फिलहाल 105.782 पर जाकर ठहर गया है। दावा किया जा रहा कि जलस्तर बढ़ने के बाद घट रहा है लेकिन कटान से इंकार नही। नदी के खतरे के निशान तक पहुंचने में कमी सिर्फ दो सेंटीमीटर की है और नेपाल से बड़ी मात्रा में पानी छोडे. जाने की दशा में न सिर्फ यह अंतर खत्म हो जाएगा बल्कि गांवों में पानी तेजी से घुसना शुरु भी हो जाएगा। हर साल नदी का स्वभाव यही रहा है। गनीमत यह कि कटान के चलते दायरा बढ़ाती गई नदी में आने वाला पानी काफी हद तक फैल जाता है वरना स्थिति अब तक विकराल हो चुकी होती। कुछ भी हो नदी किनारे बसे तराई वासी दोतरफा मार झेल रहे, जलस्तर स्थिर रहने या घटने से जमीन मकान कटान की आगोश में जा रहे तो जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा बना हुआ है। नदी से जुड़े रामनगर, रामसनेहीघाट, सिरौली गौसपुर के सैकड़ों गांव बाढ़ की दशा में खतरे की चपेट में हैं। ग्रामीण डरे हुए हैं क्योंकि नदी के खतरे का निशान पार करने के बाद उनके पास पलायन के अलावा कोई चारा नहीं रहेगा। भले ही तीनों तहसीलों के अफसर सारी तैयारियां पूरी होने का दावा करें पर गांवों के डूबने व पलायन की स्थिति से कोई बचा नहीं सकेगा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए अब तक करोड़ों रुपये फूंके जा चुके पर बचाव के ठोस इंतजाम अब तक नहीं किए जा सके हैं।

### कछारी गांव नदी के निशाने पर, कटान तेज

रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार तहसील क्षेत्र के कछारी गांव में नदी तेजी से कटान कर रही है। जिससे कई घर अब कटान की सीधी जद में हैं। गांव के बुजुर्ग कमलेश ने बताया कि वह 1965 से इस गांव में रहकर नदी का विकराल रूप देखते आ रहे हैं। उनका घर पूरी तरह से नदी में समा गया है और अब उनके पास न रहने की जगह बची है, न कोई सहारा। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें अब तक सरकार से कोई कॉलोनी, सहायता या वृद्धा पेंशन नहीं मिली। इंदल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि नदी अब सीधे उनके घरों के पास तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की टीम आई थी और थोड़ी राहत सामग्री मंगाई गई, लेकिन हालात पर कोई खास असर नहीं पड़ा। कटान तेज़ हो गई है। राजेंद्र निषाद ने बताया कि टीमें यहां जरूर तैनात हैं और कुछ काम भी कर रही हैं, लेकिन नदी का बहाव इतना तेज है कि प्रयासों से कोई खास फर्क नहीं दिख रहा। वहीं ग्रामीण गोगे ने बताया कि पिछली बाढ़ में गांव का सरकारी विद्यालय भी नदी में समा गया था।




### वाहन खराब होने से संजय सेतु पर लंबा जाम

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार** :बुधवार को संजय सेतु पुल पर अचानक डीसीएम खराब हो जाने के चलते जाम लग गया। करीब एक घंटे तक लोग जाम के झाम से जूझते रहे। पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर यातायात बहाल करवाया। सरयू नदी के पुल के बीच बुधवार की शाम डीसीएम खराब हो गयी। जिससे पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।




## घर जा रहे बीज विक्रेता पर चाकू से किया हमला

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार** : मंगलवार की रात दुकान बंद कर घर जा रहे बीज विक्रेता पर अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल विक्रेता का इलाज सीएचसी में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

निजामपुर निवासी चंद्रशेखर रावत उर्फ (कन्हैया) पुत्र श्रीपाल कस्बा त्रिलोकपुर में बीज़ भंडार की दुकान चलाता है। मंगलवार रात कन्हैया दुकान बंद कर घर जा रहे थे। तभी निजामपुर चुरुलिया मोड़ पर खेत के पास अज्ञात लोगों ने चाकू से चंद्रशेखर पर जानलेवा हमला कर दिया। चौकी इंचार्ज विजय गुप्ता का कहना है कि अज्ञात लोगों ने हमला किया है। परिजनों द्वारा चाकू से हमले की बात कही जा रही है। अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस जांच कर रही है।

**फावड़े से हमला, ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास** : सफदरगंज के रहरामऊ के अमित की बड़ागांव में कृषि भूमि है। डेढ़वा निवासी अमित ने बंटाई पर जमीन ले रखी है। अमित ने खेत में धान की तैयारी के लिए नहर से पानी लगा रखा था, तभी अमित व आकाश ने पानी अपने खेत मे बांध लिया। इसी बीच अमित और आकाश ने रहरामऊ के अमित पर फावड़े से प्रहार कर दिया। उसे बचाने के लिए दौड़े शिवकुमार पर भी हमला बोल दिया। घायल अमित एव शिवकुमार जब भागे तो दबंगों ने घायलों को ट्रैक्टर से कुचलने की कोशिश की, किसी तरह जान बचाकर भागे अमित एवं शिवकुमार को सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया।

## फंदे से लटका मिला पीएसी सिपाही का शव

**बाराबंकी, अमृत विचार** : शहर में एक पीएसी सिपाही का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के पीछे घरेलू विवाद बताया जा रहा। पता यह भी चला कि वह मूल तैनाती स्थल से गैर हाजिर चल रहा था।

मालगोदाम रोड के निकट कालिकाजीपुरम के रहने वाले देवांश सिंह (27) ने मंगलवार की देर रात घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुत्र को फंदे से लटका देख मां श्रावती देवी अवाक रह गयी। सिविल लाइन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा कि देवांश को पिता की मौत् के बाद मृतक आश्रित कोटे से नौकरी मिली थी। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## सदन के सजग प्रहरी थे रामसेवक : चौधरी


सम्मानित करते रामगोबिंद चौधरी व गोप। अमृत विचार

**बाराबंकी: अमृत विचार** : पूर्व सांसद-विधायक रामसेवक यादव की जयंती मनाई गई। रामगोविंद चौधरी ने कहा कि रामसेवक यादव सदन के सजग प्रहरी थे। धनोखर चौराहा और छाया चौराहा स्थित रामसेवक यादव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह ने उन्हें समाजवाद को मजबूत करने वाला नेता बताया। गुरुबचन लाल यादव और हरिराम सिंह को स्मृति सम्मान दिया गया। पूर्व मंत्री रामगोबिंद चौधरी ने कहा कि सरकार गरीब बच्चों को शिक्षित नहीं करना चाहती। इस दौरान डॉ. पवन यादव की पुस्तक समाजवाद के प्रयोगधर्मी नायक रामसेवक यादव का वितरण भी किया गया। संचालन ज्ञान सिंह यादव व डॉ. विकास यादव ने आभार व्यक्त किया।

## जमीन देखने गये व्यक्ति को राइफल लेकर दौड़ाया

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जमीन देखने गए लखनऊ के व्यक्ति को लाइसेंसी बंदूक लहराते हुए दौड़ा लिया गया। खेत में लगी फसल भी दबंग उठा ले गए। पुलिस में सुनवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली तब रिपोर्ट दर्ज की गई। लखनऊ के इंदिरानगर के अमराई निवासी ज्ञानेन्द्र यादव ने एसीजेएम कोर्ट में गुहार लगायी। बताया कि उनके पिता ने वर्ष 1979 में सतरिख के गिरहापुरवा मजरे सुल्तानपुर में स्थित भूमि खरीदी थी। आरोप है कि विपक्षियों ने एक महिला को मृत खातेदार राजदेई के नाम पर खड़ा करके फर्जी वसीयत तैयार करवाई। आरोप है कि 30 अप्रैल को जब ज्ञानेन्द्र फसल देखने पहुंचे तो विपक्षी फसल काटते मिले। विरोध पर हरिनाथ ने लाइसेंसी राइफल से हमला किया और दौड़ा लिया।

## खेत में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : बुधवार की भोर खेत गया अधेड़ संदिग्ध रूप में मृत मिला। पुलिस पहली नजर में हार्ट अटैक की संभावना जता रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा।

खजुहा मजरे सलारपुर गांव में बुधवार एक व्यक्ति का शव खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा देखा। शव की पहचान रामसजीवन यादव (48) के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रामसजीवन रोज की तरह बुधवार की भोर में खेत जाने के लिए घर से निकले थे, काफी देर बीत जाने के बाद भी घर न लौटने पर उनकी तलाश शुरू की गई। कुछ ही दूरी पर खेत में उनका शव पड़ा मिला। यह देख परिजन शोर मचाने लगे। ग्राम प्रधान पुत्र शान बहादुर सिंह ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## शिक्षण क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान के लिए रेशू को स्टार एक्सीलेंस अवॉर्ड



पुरस्कार ग्रहण करतीं रेशू पांडेय। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार** : शिक्षिका रेशू पांडेय को मुंबई में मां फाउंडेशन द्वारा आयोजित हेमोत्सव में स्टार एक्सीलेंस अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें परिषदीय विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए दिया गया। नगर के कटरा निवासी रेशू पांडेय वर्तमान में बलरामपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय इमलिया में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका हैं। सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, फिल्म अभिनेता राजपाल यादव और मनोज जोशी मौजूद रहे। उन्होंने रेशू को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और 11,000 रुपये का चेक प्रदान किया। वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पांडे और शिक्षिका मंजुला पांडे की पुत्री रेशू की इस उपलब्धि से पूरा जिला गौरवान्वित है।

## कंटेनर ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, एक की मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : बुधवार भोर करीब चार बजे लोनीकटरा थाना क्षेत्र के मंगलपुर चौराहे के पास कंटेनर ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ही जस्कापुर निवासी ट्रैक्टर चालक चन्द्रसेन (45), चंदर(42) निवासी ककरी व विजय (45) निवासी तेजवापुर के साथ ट्रैक्टर से घर वापस जा रहा था। पीछे से आ रहे कंटेनर ट्रक ने ट्राली मे टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया, जहां से चंदर को लोहिया चिकित्सालय लखनऊ रेफर किया गया था। इलाज के दौरान चंदर की मौत हो गई।

## ट्रक की टक्कर से लखनऊ निवासी वृद्ध की गयी जान

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**

**अमृत विचार** : लखनऊ जाने के लिए बस पर चढ़ रहा वृद्ध पैर फिसलने से सड़क पर गिर गया, तभी उधर से गुजर रही तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गई। वह बाराबंकी में अपने मकान का किराया लेने आया था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा बुधवार की दोपहर शहर कोतवाली क्षेत्र में अनुबंधित बस स्टैंड के पास हुआ। लखनऊ में पवनपुरी गली संख्या 9 में रहने वाले 84 साल के हरे कृष्ण तिवारी पुत्र राधा रमण तिवारी बुधवार को बाराबंकी में राजकमल रोड स्थित अपने मकान के किराए दार से किराया लेने आए थे।

किराया लेकर वह लखन्ऊ वापसी के लिए बस स्टैंड पहुंच गए। बताया जा रहा कि बस पर चढ़ते समय उनका पैर फिसलने से वह सड़क पर गिर पड़े, इसी बीच दूसरी ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे में गंभीर रूप से जख्मी वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के बैग से निकले फोन नंबरों के आधार पर परिवार को जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया जबकि खलासी पुलिस की हिरासत में है।



नवनियुक्त पदाधिकारी। अमृत विचार

### आनंद अध्यक्ष व जानकीराम मीडिया प्रभारी बने

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार**, बाराबंकी :उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी पंचायत के हुए संठनात्मक चुनाव मे आनंद कुमार सिंह को अध्यक्ष एव शंभूनाथ पाठक को तो जानकीराम मीडिया प्रभारी बनाया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला एव जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडले की मौजूदगी मे संगठन चुनाव को लेकर हुई बैठक मे सर्वसम्मति पदाधिकारीयों को चुना गया जिसमे आनंद कुमार सिंह को बाराबंकी इकाई का अध्यक्ष, अनिल कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, शंभूनाथ पाठक को मंत्री, विजय कुमार को कोषाध्यक्ष, सम्प्रेक्षक के रूप मे शैलेन्द्र कुमार दुबे, मीडिया प्रभारी के लिए जानकीराम को चुना गया। नवनिर्वाचित संघ के पदाधिकारियों को अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे द्वारा पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी।

## विधायक के काफिले के 40 वाहन बिना टोल दिये निकले

**हंगामा**

**हैदरगढ़ बाराबंकी, अमृत विचार** : लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर गोतौना के निकट पड़ने वाले टोल प्लाजा पर विधायक के समर्थकों ने बुधवार की सुबह हंगामा किया और बिना टोल दिए ही 40 गाड़ियां जबरदस्ती निकाल लीं।

गोतौना गांव के पास पड़ने वाले बारा टोल प्लाजा पर बुधवार की सुबह 10:20 बजे उस समय हंगामा हो गया, जब अपना दल (एस) के एक विधायक के काफिले में चल रही करीब 40 गाड़ियां टोल टैक्स दिए बिना टोल प्लाजा से पार करा दी गईं। इस घटना को देखने वाले लोगों के अनुसार टोलकर्मियों ने विधायक की गाड़ी को तो पहले निकाल दिया, लेकिन उसके बाद पीछे-पीछे आ रहे समर्थकों के वाहनों को रोकने की कोशिश की। इसी को लेकर टोलकर्मियों और विधायक समर्थकों के बीच नोकझोंक शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हंगामे में बदल गई। मौके पर तैनात गनर और समर्थकों ने मिलकर काफिले के सभी वाहनों को जबरन बैरियर हटवाकर टोल प्लाजा से पार कराया। विवाद बढ़ता देख स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात को किसी तरह शांत कराया। टोल मैनेजर ने इस मामले में जहां कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। वहीं एनएचएआई के अधिकारियों के अलावा इसकी सूचना अपनी कंपनी के अधिकारियों को भेजी है। वहीं इस घटना को लेकर टोल कर्मचारियों में नाराजगी है। बताया जा रहा है कि विधायक किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बनारस से लखनऊ की ओर जा रहे थे।



# नहरों में टेल तक पहुंचे पानी : डीएम

## बाराबंकी ब्रांच नहर के 9 से 22 किलोमीटर तक के क्षेत्र का किया निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** खरीफ सीजन और धान की रोपाई के मौसम में किसानों को सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शारदा सहायक संगठन के अंतर्गत बाराबंकी ब्रांच नहर के 9 से 22 किलोमीटर तक के क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने इस दौरान प्रमुख रजबहों, माइनर, कोलाबो और गूलों की कार्यशीलता की समीक्षा की।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि जनपद में 128 छोटी-बड़ी नहरें हैं। इन नहरों की कुल लंबाई करीब 1500 किलोमीटर है। ये नहरें दो प्रमुख ब्रांच नहरों से नियंत्रित होती हैं। पहली घाघरा और कल्याणी के बीच दरियाबाद ब्रांच। दूसरी कल्याणी और गोमती के बीच बाराबंकी ब्रांच। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नहरों का संचालन इस तरह हो कि पानी अंतिम छोर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान, खासकर सीमांत और छोटे किसान, पानी की कमी से न जूझें। कटान की आशंका वाले क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने को कहा। अधिकारियों को नहरों की सफाई, जल वितरण की निगरानी और किसानों से संवाद बढ़ाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सिंचाई संबंधी शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए।

### किसानों की सहमति के बिना खाद संग अतिरिक्त सामग्री न दें



निरीक्षण करते डीएम।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम शशांक त्रिपाठी ने जिला कृषि अधिकारी के साथ विभिन्न उर्वरक वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया। देवा के पावैयाबाद स्थित इफको केंद्र पर डीएम ने उर्वरकों की मात्रा, वितरण प्रक्रिया और स्टॉक रजिस्टर की जांच की। फतेहपुर के रजौली में ग्रामीण सहकारी समिति का निरीक्षण किया। कुछ किसानों ने बताया कि उर्वरकों के साथ अतिरिक्त वस्तुएं भी दी जाती हैं। इस पर डीएम ने सख्त निर्देश दिए कि किसानों की सहमति के बिना कोई अतिरिक्त सामग्री न दी जाए। विकास खंड बंकी के चन्दौली गांव में प्राइवेट खाद विक्रय केंद्र और पीसीएफ के गोदाम का भी निरीक्षण किया गया। डीएम ने धान सीजन में खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गोदामों में पहले से स्टॉक रखने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएपी, एनपीके, यूरिया सहित अन्य उर्वरकों की जानकारी भी ली गई। निरीक्षण में जिला कृषि अधिकारी राजित राम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नपं बोर्ड बैठक में 4.65 करोड़ के कार्यों का प्रस्ताव पारित

**संवाददाता, फतेहपुर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत फतेहपुर में बुधवार को चैयरमैन इरशाद अहमद कमर की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत 4.65 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित किया गया।

मुख्यमंत्री सृजन योजना के अंतर्गत 17.91 लाख रुपये की लागत से सड़क और पुलिया निर्माण का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। सभासदों ने वार्डों में जलभराव की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जलनिगम द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की अनुचित मरम्मत का मुद्दा भी उठाया।

अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा ने आश्वासन दिया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाएगा। साथ ही जलनिकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में वार्ड सभासदों ने 17 नए विकास कार्यों का प्रस्ताव भी रखा। बैठक में प्रमुख रूप से लिपिक नदीम अहमद, अनुपम वर्मा, संतोष शुक्ला, मोहम्मद राहिल, मोहम्मद हसीब, मोहम्मद अनवर राईन, मोहम्मद सुहैल, खुर्शीद जमाल, अनिल शर्मा सहित सभी वार्डों के सभासद उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### धागे से बनाई डीएम की अनूठी तस्वीर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** हरख क्षेत्र के नानमऊ गांव के कलाकार रवि धीमान ने धागों का उपयोग कर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का चित्र बनाया है। रवि ने इस कलाकृति को बनाने में 10 दिन का समय लगाया। जिलाधिकारी ने इस अनोखी कला को देखकर रवि की प्रशंसा की। रवि धीमान परंगोली बनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। इस अवसर पर असद साजिद, विकास धीमान, उत्तम यादव, अभिषेक सोनी और त्रिकेश शुक्ला समेत कई लोग उपस्थित थे।



डीएम व रवि धीमान। अमृत विचार

### कैप्टन राजेश तिवारी बने आईआईए डिवीजनल चेयरमैन



**बाराबंकी, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने वर्ष 2025–26 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें दिनेश गोयल को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। आलोक अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक बजाज महासचिव और अवधेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष बने हैं। कार्यकारिणी में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति बाराबंकी से हुई है। पिछले दो वर्षों से बाराबंकी के चेयरमैन रहे कैप्टन राजेश कुमार तिवारी को अयोध्या मंडल का डिविजनल चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कैप्टन तिवारी का मुख्य कार्य इन जिलों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के विकास को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने अयोध्या के नव नियुक्त चेयरमैन सुमित जायसवाल, बाराबंकी के विधु गुप्ता और अमेठी के हेमंत विक्रम सिंह के साथ मिलकर अयोध्या मंडल में उद्योगों के विकास के लिए काम का संकल्प लिया है।

### कृष्णप्रिया ने जीते स्वर्ण और रजत पदक



मेडल के साथ एडीजे की पुत्री कृष्णप्रिया।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** युवा ताइक्वांडो खिलाड़ी कृष्णप्रिया सिंह ने नेपाल के पोखरा में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उन्होंने 8वें एशिया कप ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप–2025 में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। यह चैंपियनशिप 27 से 29 जून तक आयोजित की गई। कृष्णप्रिया सेंट एंथोनी स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा है। यह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण चंद्र सिंह की पुत्री हैं। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय कृष्णप्रिया ने अपने दिवंगत कोच विजेंद्र धानुक, माता डॉ. सुमन सिंह और पिता को दिया है। उनके कोच विजेंद्र धानुक का हाल ही में एक दुर्घटना में निधन हो गया। धानुक ने बाराबंकी में ताइक्वांडो को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। अपर जिला जज श्रीकृष्ण चंद्र सिंह ने कहा कि बेटी की सफलता पर मिल रही बधाइयां उनके लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कृष्णप्रिया की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

# पौधरोपण व मनरेगा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश



बैठक करते बीडीओ। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बीडीओ जितेंद्र कुमार ने पंचायत सचिवों और तकनीकी सहायकों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वृक्षारोपण अभियान और मनरेगा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बीडीओ ने ग्राम पंचायत वार वृक्षारोपण कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पौधों की संख्या, रोपण स्थल और सुरक्षा की जानकारी ली। सचिवों और तकनीकी सहायकों को वृक्षारोपण के साथ पेड़-पौधों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने को कहा। मनरेगा कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने गुणवत्तापूर्ण कार्य पर जोर दिया।

# दो भाइयों पर धारदार हथियार से हमला

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़ागांव में दो सगे भाइयों पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बड़ागांव के निवासी सुधीर वर्मा पुत्र कल्लू राम वर्मा की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार वह और उसका भाई विष्णु वर्मा 30 जून की शाम मसौली गए थे। वहीं पर प्रखर वर्मा पुत्र अज्ञात व उसके दो अन्य साथियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर तीनों आरोपी बड़ागांव पहुंच गए और धारदार हथियार व लाठी-डंडों से दोनों भाइयों पर हमला कर दिया। इस हमले में सुधीर वर्मा के सिर पर गंभीर चोट आई, जबकि उसके भाई विष्णु वर्मा के दाहिने हाथ में भी गंभीर चोटें आईं।

# विद्यालय मर्जर के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार द्वारा 16 जून को जारी विद्यालय मर्जर आदेश के विरोध में आम आदमी पार्टी ने बुधवार को प्रदर्शन किया।

पार्टी के जिला अध्यक्ष जुगराज सिंह ने कहा कि जनता को पाठशाला चाहिए। सरकार ने 2024 में 27,308 शराब की दुकानें खोली हैं। वहीं योगी सरकार में अब तक 26,000 से अधिक प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। नए आदेश के तहत 27,000 और विद्यालय बंद करने की योजना है। मर्जर आदेश में कई खामियां हैं। 10 से 50 छात्रों वाले स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से बंद किया जा रहा है। कुछ जगहों पर 50 से अधिक छात्र संख्या वाले स्कूल भी बंद होंगे। यह आदेश शिक्षा के अधिकार और बाल अधिकार कानून का उल्लंघन है। इस निर्णय से 1.35 लाख सहायक शिक्षकों और 27,000 प्रधानाध्यापकों के पद खत्म हो सकते हैं। उन्होंने स्कूल बंद करने का आदेश रद्द करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो पूरे प्रदेश में सरकारी स्कूल बचाओ आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में आसिया बानो, आकाश वर्मा, अरविंद यादव, आफताब, मुराद अली, राजेन्द्र पांडे, नफील खान समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 2 वाहन सीज, 8 का चालान

**बाराबंकीः अमृत विचार :** परिवहन विभाग द्वारा स्कूली वाहनों की विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। टीम में यात्री/मालकर अधिकारी रविचंद्र त्यागी, संभागीय निरीक्षक बलवंत सिंह यादव और यातायात प्रभारी रामयतन यादव शामिल थे। जांच के दौरान विभिन्न स्कूलों के वाहनों की पत्रावलियों की जांच की गई। इस दौरान दो वाहनों को सीज किया गया। साथ ही आठ वाहनों के चालान काटे गए। इसके बाद टीम जयपुरिया स्कूल पहुंची। परिसर में खड़े वाहनों का निरीक्षण किया गया। वाहनों की फिटनेस और अन्य मानकों की जांच की गई।

## सार-संक्षेप

### विद्यालयों को बंद करने के विरोध में आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

**सीतापुर, अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में लालबाग चौराहे पर इकट्ठा होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि योगी सरकार शिक्षा को प्राथमिकता देने के बजाय उसे खत्म करने पर तुली है। राज्य में पाठशालाओं की जगह मधुशालाएं खुल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में 27308 शराब की दुकानें खोली गईं, जबकि अब तक करीब 27,000 सरकारी प्राथमिक विद्यालय बंद किए जा चुके हैं। आप जिलाध्यक्ष ने बताया कि सीतापुर के नैमिष क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय पर बुलडोजर चलवाकर सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसे संविधान और बाबा साहब आंबेडकर के शिक्षा के अधिकार जैसे आदर्शों की कोई परवाह नहीं है। प्रदर्शन में महासचिव सर्वेश, रियाज, दिलशाद, गोविंद प्रसाद, राकेश, किशोरी लाल, अंकुल, मुनेंद्र, आसिम, रघुवीर, सुमन, किरन, माधुरी, अंजू, संतोष, अरुण, सीमा, अनीता, फुरकान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और अभिभावक शामिल रहे।

### नहीं मिला बाइक चोर का सुराग, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** मोहल्ला के गुलरामऊ निवासी विष्णु रस्तोगी पुत्र नानक शरण रस्तोगी की बाइक चोरी हो गई। घटना बीते तीन दिन पूर्व की है, जब विष्णु अपने मित्र से बाइक मांगकर महमूदाबाद की नई बाजार उत्तरी स्थित प्रमोद ज्वेलर्स की दुकान पर गया था। कुछ देर बाद जब वह लौटे तो देखा कि बाइक वहां नहीं थी। पूछताछ और खोजबीन के बाद पता चला कि बाइक चोरी हो गई है। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में एक चोर बाइक ले जाते हुए कैद हुआ है। पीड़ित ने इस संबंध में तत्काल कोतवाली महमूदाबाद में तहरीर दी, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

### सुरक्षा समिति की बैठक में उठे जागरूकता के मुद्दे

**मिश्रिख, सीतापुर, अमृत विचार :** एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे ग्रामीण सुरक्षा, भयमुक्त एवं अपराधमुक्त शासन अभियान के तहत बुधवार को कोतवाली मिश्रिख में ग्रामीण सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोतवाल अरविंद सिंह ने की, जिसमें क्षेत्र के जागरूक नागरिकों, संभ्रांत जनों और समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कोतवाल अरविंद सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में निगरानी रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को दें। कोतवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति पुलिस का सक्रिय सहयोग करेंगे, उन्हें विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि समिति की बैठक कर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। बैठक में मौजूद नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे और अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए पुलिस को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### घर में लगी आग स्कूटी समेत तीन लाख का सामान खाक

**सीतापुर, अमृत विचार :** हरगांव इलाके में स्थिति अवध शुगर मिल कॉलोनी के एक घर में आग लग गई। शार्ट सर्किट से लगी आग की चपेट में आकर स्कूटी और गृहस्थी जल गई। लपटों के बीच फंसे परिवार ने भागकर अपनी जान बचाई, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। चीनी मिल कर्मचारी विजेंद्र कुमार मिश्रा के मुताबिक, देर रात वे और परिवार के अन्य लोग घर पर थे। इसी दौरान अचानक बिजली के तारों में स्पार्किंग शुरू हो गई, पलक झपकते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। परिवार उस वक्त गहरी नींद में था। आग की तपिश और उठते धुएं से सभी की नींद खुल गई। खुद को घिरा देख चीख पुकार मच गई। किसी तरह विजेंद्र और उनके परिवार ने भागकर अपनी जान बचाई, फिर पुलिस और दमकल विभाग को बताया गया। उधर, तब तक घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, जरूरी दस्तावेज और एक स्कूटी पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए और तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। दमकल टीम के पहुंचने पर तीन घंटें की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी का लंबी बीमारी से निधन

**संवाददाता बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी व शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भगवती सिंघल का लंबी बीमारी के बाद लखनऊ के एक निजी अस्पताल में देहांत हो गया। उनकी आयु लगभग 80 वर्ष थी। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके पैतृक निवास ग्राम पुरैनीगंज बिसवां में उनके दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। स्व. सिंघल के तीन पुत्र एक पुत्री व पौत्र व पौत्री हैं। उनका अंतिम संस्कार नैमिषारण धाम में किया गया। जहां पर उनके बड़े पुत्र विकास सिंघल द्वारा मुख्य अग्नि दी गई। उनके अंतिम विदाई के समय विधायक निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक अजीत मेहरोत्रा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय निरीक्षक राम सिंह, जिला प्रचारक रमाकांत, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष महा नारायण वर्मा, सपा नेता प्रमोद वर्मा, सुनील अग्रवाल, चीनी मिल के मुख्य अधिशासी आरसी सिंघल, महाप्रबंधक तकनीक पीके सरकार, हरीशंकर गुप्ता, कमरुन निशा, रेनू मेहरोत्रा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों व क्षेत्र के लोग मौजूद थे।

# चिह्नित भूमि पर बनी दीवार ढहायी गयी

**नैमिषारण्य, सीतापुर, अमृत विचार :** नैमिष तीर्थ के विकास को गति प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की परियोजना के तहत, मिश्रिख के एसडीएम शैलेंद्र मिश्रा और उप पर्यटन निदेशक कल्याण सिंह यादव ने चक्रतीर्थ के समीप पर्यटन विभाग की भूमि का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान पर्यटन विभाग की जमीन पर बाउंड्रीवॉल निर्माण और प्रस्तावित नवीन कुंड के लिए स्थान चिह्नित किया गया। चक्रतीर्थ के मुख्य द्वार पर प्रस्तावित विकास कार्यों को निर्बाध रूप से शुरू करने के लिए दुकानदारों को 16 जुलाई तक दुकानें खाली करने का कड़ा निर्देश दिया गया है ।

इस दौरान पर्यटन विभाग की जमीन पर बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए स्थान चिह्नित किया गया और स्थानीय लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग के संबंध में चर्चा हुई । यह सुनिश्चित किया गया कि पर्यटन विभाग की जमीन को किसी भी तरह से बाधित न किया जाए और स्थानीय लोगों को पीछे की ओर से वैकल्पिक मार्ग प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त चक्रतीर्थ के समीप प्रस्तावित नवीन कुंड के निर्माण के लिए चिह्नित भूमि पर अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई ।

# 9 जोन में सुरक्षा खाका तैयार

**सीतापुर, अमृत विचारः** जनपद में मोहर्रम के जुलूस और कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा का खाका तैयार किया है। जनपद को 9 जोन में बांटा गया है। हर जोन की कमान क्षेत्राधिकारी के हाथ में होगी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि हर घंटे का लेखा-जेखा क्षेत्राधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक को बताना होगा। जरूरत पड़ने पर पुलिस लाइन से पीएसी और हमराह फोर्स मौके पर रवाना की जाएगी। बताया कि प्रभावी व्यवस्था मोहर्रम के जुलूस और कावड़ यात्रा को लेकर की गई। उधर, व्यवस्थाओं के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारियों के साथ एक बैठक भी की।

# राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने किया संदना थाने का घेराव

**संदना सीतापुर, अमृत विचारः** आमाघाट निवासी एक युवक का वीडियो वायरल होने के बाद उसके साथ अभद्रता का आरोप है। इसी दावों के साथ राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में थाने पहुंचे। घेराव करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। कहा कि कार्रवाई न होने पर वे लोग प्रदर्शन करेंगे।

आमाघाट निवासी सुदामा का एक वीडियो बीते दिनों वायरल हुआ। जिसमें युवक ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर और मायावती पर अभद्र टिप्पणी कीं। इसी को लेकर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी द्वारा सुदामा को कालर पकड़कर थाने ले जाया गया। आरोप है कि उसके साथ अभद्रता की। ऐसे में सुदामा ने माफी भी मांगी। ऐसे में श्याम लाल द्वारा केस दर्ज कराया गया। इसी को लेकर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के अध्यक्ष विकास हिंदू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समर्थक थाने पहुंचे और दूसरे संगठन की प्रतिक्रिया पर विरोध जताया। कहा कि यदि उनकी ओर से आरोपियों पर मुकदमा नहीं लिखाया जाएगा, तो 48 घंटे के बाद प्रदर्शन करेंगे। थाना प्रभारी चन्द्रभान यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, वीडियो फुटेज और आरोपों के आधार पर जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

# ताजिया दफनाने के स्थान का निरीक्षण

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचारः** उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे, कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह व चौकी प्रभारी विजय शंकर पांडेय, मनोज गुप्ता सहित पुलिस बल ने ताजिया दफनाने के लिए चिन्हित क्षेत्र के कर्बला स्थलों का निरीक्षण किया। इस मौके पर टीम ने जोशीताल कर्बला, चिक्की टोला, ठठेरी टोला व ग्राम नेवादा स्थित कर्बला का निरीक्षण किया। ताजिया दफनाने को लेकर जानकारी ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान ताजिया निकाले जाने वाले मार्गो, ताजिया रखे जाने वाले विभिन्न चौक और ताजिया दफनाए जाने वाले स्थलों का निरीक्षण किया।

# बाजा बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद

**संवाददाता लहरपुर/ तालगांव, सीतापुर**



एक पक्ष की महिलाओं से जानकारी लेते पुलिस क्षेत्राधिकारी लहरपुर।

**अमृत विचारः** तालगांव कोतवाली इलाके में ताजियादारी के दौरान बाजा बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। ऐसे में दोनों के मध्य ईंट-पत्थर चल गए, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने दर्ज करते हुए मामले में जांच शुरू की है। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़कुड़ी में ताजियेदारी के दौरान बाजा बजाया जा रहा था। कसरैला निवासी अंशुल सिंह पुत्र राजेश सिंह का कहना है कि नल पर पानी भरने के दौरान लोगों का परेशानी हो रही थी। इस बात को लेकर जब टोका तो विपक्षी हमलावर हो गए। आरोप है कि मुबारक, अनवर, इस्लाम सहित कुछ अन्य लोगों ने ईंट - पत्थर चलाये। वहीं दूसरे पक्ष ने भी ईट-पत्थर के साथ लाठी डंडे से हमला किये जाने का आरोप लगाया। हमले के दौरान अंशुल सिंह ओर गुड्डू को चोटे आईं, सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे ने मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी तालगांव दीपक राय ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर दो नामजद आरोपी मुबारक व अनवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। गांव में पुलिस बल तैनात है।

# अपहरण कर हत्या करने वाले दो बंदी

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** महमूदाबाद पुलिस ने दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर हत्या की गुत्थी सुलझा दी है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि दो आरोपियों को महमूदाबाद पुलिस ने गुलरामऊ बैरियर से गिरफ्तार किया। इनकी पहचान रामपुर कला थानाक्षेत्र के धीरपुर निवासी सूरज पुत्र रुपचंद्र और गलसिंहपुर निवासी निर्मल यादव के रूप में की। बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि 23 जून को मृतक रजनीश यादव उनसे बेहमा में मिला था। वहां से वे सभी गुलरामऊ बाईपास पर पहुंचे, जहां सूरज और रजनीश के बीच पुराने पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ।

# इलाज में लापरवाही से खफा युवक पानी की टंकी पर चढ़ा

**संवाददाता, सीतापुर**

**अमृत विचारः** महमूदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली से नाराज एक स्थानीय युवक बुधवार को पानी की टंकी पर चढ़ गया और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई।

बताया जा रहा है कि युवक ने अपनी पत्नी का प्रसव ऑपरेशन पूर्व में इसी अस्पताल में कराया था। डिलीवरी के बाद बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन पर रिफर पर्चा न देने और ऑक्सीजन की सुविधा न उपलब्ध कराने का आरोप लगाया। मामले की गंभीरता तब बढ़ी जब युवक ने जनसुनवाई पोर्टल पर की गई शिकायत पर अधिकारियों द्वारा गलत आख्या लगाए जाने का भी आरोप लगाया। घटना की सूचना पर कोतवाल अनिल सिंह, नायब तहसीलदार और समाजसेवी मौके पर पहुंचे और काफी समझाने-बुझाने के बाद युवक को टंकी से नीचे उतारा गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन ने मामले की जांच के लिए टीम गठित करने की बात कही है और आश्वासन दिया है कि दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सिधौली, हरगांव व सीतापुर में किया गया पौधरोपण

**सीतापुर, अमृत विचारः** वन महोत्सव-2025 के अंतर्गत सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा जनपद के सिधौली, हरगांव एवं सीतापुर रेंजों में पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय था एक पेड़ - मां के नाम।

सिधौली रेंज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिधौली विधायक मनीष रावत रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी बिसवां विकास यादव, क्षेत्रीय वनाधिकारी सिधौली रोहित निगम आदि थे। हरगांव रेंज के जवाहर नवोदय विद्यालय हरदौरपुर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक, गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए। बच्चों के माध्यम से कार्यक्रम में सशक्त जन-जागरूकता का संचार हुआ। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि वन महोत्सव-2025 के अंतर्गत जनपद में और भी कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा अवश्य लगाएं और उसका पालन-पोषण भी करें, ताकि हमारी धरती हरी-भरी बनी रहे।

विवाद

## बस चालक एएसपी से मिले, ई–रिक्शा चालकों ने सौंपा ज्ञापन

# बस यूनियन व ई–रिक्शा चालकों की बढ़ी रार

**संवाददता, लहरपुर, सीतापुर**



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ई–रिक्शा चालक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** लहरपुर में बस यूनियन और ई रिक्शा यूनियन की रार सड़क पर आ गई है। दोनों ही एक दूसरे पर नियमों के उल्लंघन किये जाने का दावा कर रहे हैं। ऐसे में बस यूनियन ने एएसपी से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई, वहीं ई रिक्शा यूनियन ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

एएसपी आलोक सिंह से लहरपुर से आए बस यूनियन के सदस्य मिले नासिर खान सहित अन्य लोगों का दावा था कि ईरिक्शा का परमिट चंद किमी का है। लेकिन वे लोग तंबौर से सीतापुर के बीच यात्रियों को लेकर चलते हैं, कई बार हादसे भी हो चुके हैं। इसकी रोकथाम आवश्यक है। इन्हीं के चलते कई बस संचालकों ने अपने वाहन बेचने का मन बना लिया है। उधर, ई-रिक्शा यूनियन के महामंत्री अजीत कुमार के नेतृत्व में चालक नायब तहसीलदार से मिले। उनका कहना है कि परिवहन अधिकारी बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया का पालन किये दस्तावेजों की जांच किए बिना चालान कर रहे हैं, आर्थिक शोषण और इस तरह की कार्रवाई से ई रिक्शा चालक आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। यूनियन ने दोषी अधिकारियों और बस यूनियन के कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अजीत कुमार, रिजवान गाजी, डब्लू गुप्ता, तौहीद खान, बुनियाद हुसैन, आकाश निषाद, विपिन बिहारी, शाहरुख, इम्तियाज, शादाब, हरप्रीत सिंह, मनोज, अनस मुशीर अखिलेश छत्रपाल रामसेवक, पवन, इमरान सहित भारी संख्या में ई रिक्शा चालक उपस्थित थे।

## एक नजर

### डेढ़ वर्ष का सश्रम कारावास व 5000 हजार का जुर्माना

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना सिधौली पर पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मुकदमे में प्रभावी पैरवी और गुणवत्तापूर्ण विवेचना के फलस्वरूप आरोपी को सजा दिलाई गई है। विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस), अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 3 ने प्रदीप सिंह, निवासी मोहल्ला बाजार, कस्बा व थाना सिधौली को धारा 8बी/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दोषसिद्ध पाते हुए 1 वर्ष 6 माह (डेढ़ वर्ष) का सश्रम कारावास एवं 5000 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई है।

### प्रभात वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों को किया जागरूक

सीतापुर, अमृत विचार : मिश्रिख स्थित प्रभात वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा द्वारा एसपीएम पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्तमान मौसम परिवर्तन से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की गई और बच्चों को सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया गया। चिकित्सकीय सुझावों के साथ-साथ बच्चों को उचित खानपान, साफ-सफाई और समय पर इलाज के महत्व को भी बताया गया।

### शातिर गिरफ्तार

सीतापुर, अमृत विचार : महमूदाबाद पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान एक शातिर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान ग्राम नरेन्द्रपुर, थाना सदरपुर निवासी रमेश कुमार लोनिया के रूप में हुई। पुलिस की दावा है कि आरोपी के पास से सोने-चांदी के गहने और 1240 रुपये की नकदी बरामद हुई है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और कारतूसों की भी बरामदगी हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद बाइक को जब्त कर लिया है।

### दो भैंस व बछड़े चोरी

इमलिया सुल्तानपुर/ लहरपुर, अमृत विचार : ग्राम अनियां कलां के मजरा लहुरी अनियां निवासी हरीश की भैंस घर के बाहर बंधी हुई थी। रात के अंधेरे में उसकी भैंस अज्ञात चोर लेकर फरार हो गए। भैंस की कीमत 80 हजार के करीब बताई जा रही है। चौकी प्रभारी रामनगर बसंत कुमार ने बताया कि शक के आधार संदिग्धों से पूछताछ हो रही है। उधर, नौव्वा अंबरपुर गांव निवासी रामलोटन की गुरुवार रात घर के बाहर बंधी भैंस व पड़िया को अज्ञात चोर खोलकर फरार हो गए। तिहार चौकी प्रभारी इंद्रजीत सिंह का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है।

### शस्त्र के साथ युवक गिरफ्तार

पिसावां, अमृत विचार : पिसावां पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध शस्त्र और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान इलाके के उदयपुरवाद फोरस निवासी सलमान पुत्र आबिद के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से असलहा और कारतूसों की बरामदगी का दावा पुलिस ने किया है।

### जंगली जानवर से दहशत पहचाने गए पगचिन्ह

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र की भदफर चौकी अंतर्गत ग्राम उमरिया में जंगली जानवर देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम ने पगचिन्हों की पहचान की और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। लहरपुर क्षेत्र के ग्राम उमरिया कला, उमरिया खुर्द, टापर पुरवा आदि ग्रामों के ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में जाते समय जंगली जानवर को देखा गया था। दावा है कि टार्च की रोशनी में दिखा जानर बाघ था। खबर पाकर भदफर चौकी प्रभारी लाल बहादुर मिश्र मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें वीडियो दिखाया। वन दरोगा अरविंद गिरी ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर ग्रामों की कांबिंग कर ग्रामीणों को सजग रहने के लिए जागरूक किया गया है।



ठोकर के किनारे भरा नदी का पानी पिचिंग कार्य में बना बाधक। अमृत विचार



बांस का बंबू कैरेट। अमृत विचार



बीच की ठोकर के पास तेजी से कटान करती नदी। अमृत विचार

# जिले के 50 गांव में कटान शुरू, ठोकर निर्माण में लगा ब्रेक

## रामपुर मथुरा, बेहटा और तंबौर तहसील के गांवों में घाघरा के बढ़े जल स्तर से शुरू हुई कटान, लोक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियों ने लिया जायजा

**बाढ़ और कटान**

- बढ़ती कटान के तीन ठोकरों के निर्माण कार्य अचानक रोके गए
- घाघरा नदी ठोकर बचाने के इंतजाम में जुटे हैं श्रमिक
- एडीएम नीतीश बोले- फिलहाल कोई खतरे की सूचना नहीं है

अमृत विचार टीम, सीतापुर



परम गोंडा में नंदकिशोर के घर पर कटार करती घाघरा नदी। अमृत विचार



ठोकर पर निरीक्षण करती टीएसी टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में घाघरा के बढ़ते जलस्तर से तीन तहसील क्षेत्रों के 50 गांव में कटान शुरू हो गई है। ऐसे में ठोकर निर्माण कार्य प्रभावित हुआ। स्थितियों को जानने के लिए जिला स्तरीय प्रशासनिक टीम के अलावा लखनऊ से आए पीडब्लूडी अधिकारियों ने भी जायजा लिया।

पिछले तीन दिनों से बैराजों से छोड़े जा रहे पानी से घाघरा का जलस्तर बढ़ा है। ऐसे में लहरपुर, बिसवां और महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के अखरी, कलुआपुर, बगस्ती, लखनीपुर सहित 50 गांव के करीब बह रही घाघरा उफनाई है। जिससे गांव के बाहर कटान शुरू हो गई। बुधवार सुबह से बढ़ी कटान के कारण बड़ी संख्यां में किसानों ने फसलों को सुरक्षित करना शुरू कर दिया। बढ़ती कटान के तीन ठोकरे के निर्माण कार्य अचानक रुक गए। लोक निर्माण विभाग के मुख्य चीफ इंजीनियर आनंद कुमार के नेतृत्व में लखनऊ से आकर टीएसी



देशराज।



अवधराम।

टीम ने ठोकर निर्माण का निरीक्षण किया। अधीक्षण अभियंता विशाल पोरवाल से सवाल-जवाब हुए, निर्देशों के टीम वापस लौट गई। अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार का कहना है कि फिलहाल कोई खतरे की सूचना नहीं है, ग्रामीणों और किसानों को नदी के करीब जाने से मना किया जा रहा है। राहत के इंतजाम बाढ़ चौकियों पर पहले से मौजूद हैं।

**15 करोड़ की लागत से शुरू हुआ था ठोकर निर्माण :** 15 करोड़ की लागत से तीन ठोकरों का निर्माण कार्य अप्रैल माह में शुरू हुआ था। इसमें मिट्टी के साथ ठोकर के मुहाने पर गोलाईदार पिचिंग एप्रन बनाने सहित लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण भी हो गया है। लेकिन अचानक घाघरा नदी का जलस्तर तेजी के साथ बढ़ने से ठोकर के दोनों तरफ नदी का पानी आ गया, जिससे ठोकर पिचिंग का कार्य रूक गया है।

**ऐसी ही रही कटान तो पानी में बह जाएंगी ठोकरें :** कलुआ पुर निवासी ग्रामीण अवधराम का कहना है कि दोनों ओर से नदी ने कटान तेज कर दी है। देशराज बताते हैं कि अखरी व कलुआपुर के बीच नदी तेजी कटान कर रही है। नदी का कटान बीच की ठोकर के पास तेजी के साथ हो रहा है जिसे श्रमिकों द्वारा सीमेंट, बांस से बने बंबू कैरेट व पेड़ों की टहनियों तथा बोरी में बालू भरकर रोकने का प्रयास किया जा रहा है। अगर इसी तरह तेजी से कटान चलता रहा, तो बीच में बनी ठोकर पानी के तेज बहाव में कट सकती है।

### कलुआपुर का एक घर भी कटान की कगार पर

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कलुआपुर के मजरा परमगोंडर का अस्तित्व पिछले वर्ष समाप्त हो गया था, जिसमें एक घर नंदकिशोर वर्मा का बचा था। इस बार तेजी से हो रही कटान ने इस घर का आधा हिस्सा कट गया है। शेष कटने से पूरा गांव नक्शे से समाप्त हो जाएगा। नंदकिशोर कहते हैं कि सरकार द्वारा ग्राम पंचायत ग्वाहडीह में तेलनियां गांव में आवासीय जमीन दी गई है। तहसीलदार अनिल कुमार राम ने बुलाकर बात की थी उन्होंने बताया था आवासीय पैसा जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा।

> कटान और बाढ़ को रोकने के लिए घाघरा नदी पर तेजी से पिचिंग कार्य कराया जा रहा था। ताकि ठोकरों को कोई नुकसान न हो। गोलाईदार एप्रोच का निर्माण कार्य पूरा है। लोहे की जाली द्वारा पत्थरों को रखकर बॉक्स के रूप में बांधकर गोलाईदार लगभग 18 मीटर चौड़ी एप्रोच बनाई गई है। नदी के अधिक कटान करने से जाल से बंधे पत्थर नीचे बैठ जाएंगे जिससे ठोकर के पास कटान रुक जाएगा ठोकर या बांध को कोई खतरा नहीं है।
>
> – **संजीव कुमार उपाध्याय,** अवर अभियंता, सिंचाई विभाग, बाढ़ खण्ड बाराबंकी।

# बाढ़ प्रभावित इलाकों के विद्यालयों से बच्चे नदारद

**अमृत विचार पड़ताल**

- विद्यालय मर्ज किये जाने को लेकर मछरेहटा में ग्रामीणों ने काटा हंगामा
- रामपुर मथुरा में दूसरे दिन बच्चों की संख्या रही कम

अमृत विचार टीम, सीतापुर



पहले दिन कक्षा में बच्चे रहे कम। अमृत विचार



मिड डे मील योजना के तहत भोजन करते विद्यालय के बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शैक्षणिक सत्र के दूसरे दिन बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों में सन्नाटा रहा। मछरेहटा इलाके में विद्यालय को सम्मिलित किये जाने को लेकर ग्रामीणों ने खासा हंगामा काटा। कई स्थानों पर बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया।

रामपुर मथुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय व उच्च माध्यमिक विद्यालय मंगलवार को खुले विद्यालय खुलने के पहले दिन छात्र-छात्राओं की संख्या काफी कम रही ज्यादातर विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित रहे शिक्षकों ने बताया कि दूसरा दिन होने से बच्चे कम आयें है। कुछ विद्यालयों में सिर्फ शिक्षक ही उपस्थित मिले। बताया कि धीरे-धीरे छात्रों की उपस्थिति बढ़ने लगेगी।

### 5695 सरकारी स्कूलों में मात्र एक शिक्षक तैनात

**बिसवां, अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र बिसवां के आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी व लखीमपुर खीरी के प्रभारी आदर्श श्रीवास्तव व वरिष्ठ आम आदमी पार्टी के नेता डॉ. शकील अहमद ने कहा कि प्रदेश में 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में 42 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूलों की शिक्षा छोड़ी है। 5695 सरकारी स्कूलों में मात्र एक शिक्षक तैनात है। पिछली सरकारों ने स्कूलों में संख्या बढ़ाने के लिए कई योजनाएं प्रारंभ कराई थी। जिसमें मिड डे मील, ड्रेस, बैग आदि शामिल हैं। सरकार इन पर भी गुणवत्ता नहीं ला पाई। जिससे सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या कम हो रही है।

### प्रा विद्यालय लालपुर को मर्ज करने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

**मछरेहटा –सीतापुर :** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लालपुर को मर्ज किए जाने पर अभिभावकों ने एक बार फिर हंगामा काटा। प्राथमिक विद्यालय लालपुर में जैसे ही इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रीतू मिश्रा अपने स्टाफ के साथ विद्यालय में ताला लगाकर मर्ज किए गए विद्यायल में जा रही थी, तभी ग्रामीणों द्वारा उन्हे रोक कर विरोध– प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। इस स्थिति को देखकर उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी से फोन पर बात करके मामले से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में मौजूदा समय 54 बच्चे नामांकित है, इसी सत्र में एक बालिका का चयन अटल आवासीय विद्यालय में होने के कारण बच्चों का नामांकन और भी बढ़ा है। वहीं, ग्राम प्रधान अनुज सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय लालपुर को कुन्दरौली में मर्ज ना करवाया जाए। क्योंकि कुंदरौली विद्यालय गांव से 2 किलोमीटर दूर है। आए दिन जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। खंड शिक्षा अधिकारी अजय गुप्ता मौर्य का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय लालपुर को प्राथमिक विद्यालय कुंदरौली में मर्ज किया गया है। विरोध के चलते शिक्षण कार्य नहीं हो सका।

## निजी अस्पताल में युवक की मौत, सील

संवाददाता बिसवां सीतापुर

**अमृत विचार:** कस्बे के मोहल्ला थाना तहसील के निवासी युवक हिमांशु शाह की एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले में जांच पड़ताल की है।

परिजनों के मुताबिक, हिमांशु की अचानक तबीयत बिगड़ गई। ऐसे में परिजन उसे बगिया निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया। अगली सुबह हिमांशु दवाई लेने अस्पताल पहुंचा। मृतक की मां सोनी शाह के अनुसार अस्पताल में उनके बेटे को दो इंजेक्शन लगाए गए। इंजेक्शन लगते ही हिमांशु की सांस रुक गई और उसका शरीर अकड़ने लगा। डॉक्टर के कुछ कर पाने से पहले ही उसकी सांस वापस नहीं आई। परिजन तुरंत हिमांशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां ने बगिया अस्पताल पर गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गलत इंजेक्शन की वजह से उनके बेटे की मौत हुई। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के भेज दिया है। कस्बा प्रभारी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अमित कपूर ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। अस्पताल को बंद करा दिया गया है। नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व एसपी अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में आगामी मोहर्रम, कांवड़ यात्रा एवं अन्य धार्मिक त्योहारों को शांति, सौहार्द व कानून व्यवस्था को पुलिस लाइन स्थित महर्षि दधीचि सभागार में जनपदीय पीस कमेटी संपन्न हुई।

डीएम ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। ताजिए की ऊंचाई तय सीमा से अधिक न हो और डीजे पर केवल धार्मिक भजन/संगीत ही बजाया जाए। आपत्तिजनक या किसी धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले संगीत पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में कानून व्यवस्था, सफाई, बिजली, जल आपूर्ति व ट्रैफिक प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सड़कें गड्ढा मुक्त, घाटों पर चेतावनी बोर्ड, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण दुर्गेश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, सभी उपजिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### मंदिरों, कांवड़ मार्गों पर विशेष ध्यान रखें : डीएम

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मंदिरों और कावड़ मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, और सुरक्षा व्यवस्था को उच्च प्राथमिकता पर रखा जाए। ट्रांसफार्मर के पास सुरक्षा उपाय, और जल निकासी व्यवस्था भी समय रहते पूर्ण की जाए।

### नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं: एसपी

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि किसी भी आयोजन में गैर–पारंपरिक या विवादित गतिविधि की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने आयोजकों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि नियमों की अवहेलना या किसी भी दुर्घटना की स्थिति में जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### सम्मान पाकर खिले एजूकेटरों के चेहरे



एजूकेटर को सम्मानित करे सीएचसी अधीक्षक। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य किशोर कार्यक्रम के अंतर्गत गांव में चयनित पियर एजुकेटरों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने उपहार देकर सम्मानित किया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को केंद्र के अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने अपने –अपने गांव में किशोर– किशोरियों को जागरूक करने व स्वास्थ्य के मुद्दों पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले पियर एजुकेटरों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें छाता, घड़ी, बैग देकर सम्मानित किया। बता दें कि गांवों में नियुक्त पियर एजुकेटरों के द्वारा किशोरियों के पर्सनल साफ सफाई मासिक धर्म, नशा आदि मुद्दों पर गांव के किशोर किशोरियों को समय–समय पर जागरूक कर शिक्षित किया जाता है, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले पियर एजुकेटर किशोर किशोरियों को सरकार द्वारा समय–समय पर प्रोत्साहन के रूप मे प्रोत्साहित किया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने गांव गांव में चयनित पियर एजुकेटर किशोर किशोरियों को छाता घड़ी और बैग देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर 240 पियर एजुकेटर किशोर किशोरियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई, बीसीपीएम मनोज वर्मा, बीपीएम गौरव सक्सेना, अर्श काउंसिलर सविता दीक्षित,विश्व स्वास्थ्य संगठन के विजय अवस्थी, यूनिसेफ के अखिलेश पांडे, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुशीलचंद्र, सहित खुशबू, रामसनेही, रविंद्र, मनीषा, रोशनी, विकास, पूजा, सत्येंद्र आदि पियर एजुकेटर उपस्थित थे।

### पर्व को लेकर ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई

**रामपुर मथुरा,सीतापुर,अमृत विचार :** मोहर्रम को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर साफ–सफाई कराई गई। इस दौरान ताजियादारी के दौरान निकलवे वाले जुलूस मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त कराया गया। रामपुर मथुरा विकास क्षेत्र में आगामी मोहर्रम को लेकर गांव स्तर पर पंचायत द्वारा साफ सफाई की व्यवस्था तेजी के साथ कराई गई। इस क्रम में ग्राम पंचायत गढ़चपा, बांसुरा, छतौनी, टिकठा, समनापुर माफी, चांदपुर, लोधौनी, रायपुर, अलायपुर, सिरकुंडा आदि पंचायत में सफाई का काम तेजी के साथ कराया गया।सहायक विकास अधिकारी पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि रोस्टर व पंचायत स्तर से आगामी पर्व को लेकर साफ –सफाई तेजी के साथ कराई जा रही है।

### स्वास्थ्य शिविर में 126 मरीजों की जांच, बांटीं गयी दवाएं

**लहरपुर, सीतापुर,अमृत विचार :** वायरल फीवर, खांसी–जुकाम और त्वचा रोग के बढ़ते मामलों को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर की ओर से शनिवार को ग्राम जंगलीनाथ के प्राथमिक विद्यालय में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. खुशनूद आलम, डॉक्टर सरोज लता व फार्मासिस्ट अहमद ने 126 मरीजों की जांच की और उन्हें दवाएं दीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि अधिकतर मरीज वायरल फीवर और त्वचा रोग से पीड़ित मिले। 15 मरीजों की मलेरिया जांच के लिए स्लाइड बनाई गई, जो सभी निगेटिव पाई गईं। ग्रामीणों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक भी किया गया।

### विद्युतकर्मियों को किट देकर दिया सुरक्षा का संदेश



उपकेंद्र पर विद्युतकर्मियों को किट देते अधिशासी अभियंता। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** 33 केवी विद्युत उपकेंद्र पर अधिशासी अभियंता ने सभी पावर हाउस के कर्मचारियों को सुरक्षा किट वितरित की। उपकेंद्र पर आयोजित कार्यक्रम के तहत अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा ने उपस्थित सभी विद्युत कर्मियों को सुरक्षा किट व टूल किट वितरित की। जिसमें मुख्यता सेफ्टी बेल्ट, अर्थिंग चैन, प्लास, हेलमेट, जूता, दस्तान व अन्य करंट विरोधी सामग्री शामिल थी। अधिशासी अभियंता संजीव कुमार मिश्रा ने सुरक्षा किट वितरित करते हुए कहा कि सभी विद्युत कर्मचारी इस किट का प्रयोग करते हुए विद्युत लाइन पर कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि आपकी सुरक्षा बिजली विभाग के लिए महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उन्होंने सभी बिजली उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा करने और एक मुश्त विद्युत बिल समाधान योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण करवाने की अपील की। कार्यक्रम में लहरपुर उपखंड अधिकारी अंचल मिश्रा, बिसवां उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह, अवर अभियंता बिसवा अमरेश कुमार वर्मा, अवर अभियंता लहरपुर नगर राकेश कुमार, अवर अभियंता ग्रामीण अभिनव शुक्ला, अवर अभियंता कन्दुनी जगदीश प्रसाद, अवर अभियंता हरगांव रमेश मिश्रा, अवर अभियंता काजी कमालपुर रवींद्र कुमार समेत सभी विद्युत कर्मचारी, लाइनमैन व मीटर रीडर मौजूद थे।

**जानी हकीकत** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया का सीएमओ ने औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

# शिकायतों पर बिफरे सीएमओ, जाना हाल

संवाददाता, इमलिया सुल्तानपुर



सीएचसी ऐलिया में निरीक्षण करते डॉ. सुरेश कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया का औचक निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया अधीक्षक डॉ. सुधीर पांडेय के साथ ओपीडी में बैठे मरीजों से बातचीत की।

मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इमरजेंसी ट्रे का निरीक्षण किया जिसमें वीगो, आईवी सेट व एयरवे रखने का निर्देश दिया। स्टॉक रूम का निरीक्षण किया व दवाओं के रखरखाव की जानकारी फार्मासिस्ट हर्ष से ली। इस दौरान सीएमओ ने जेएसवाई रूम का निरीक्षण करते हुए मरीजों से मिलने वाले खाने की गुणवत्ता जानी। आयुष्मान कार्डों के बनने व मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी गरिमा शुक्ला से ली। स्वास्थ्य केन्द्र के अभिलेखों का अवलोकन किया। ईसीजी की सुविधा की जानकारी लेते हुए मरीजों की संख्या की जानकारी ली। इस दौरान समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद मिला। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सफाई पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. सुरेश ने बताया कि चार माह में तीसरी बार ऐलिया आना पड़ रहा है। हमारे समस्त पैरामीटर पर ऐलिया का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। शिकायतें भी मिल रहीं थी। जिसको लेकर आना पड़ा है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा व राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर फार्मासिस्ट नीरज शुक्ला, डॉ शीबा वसी, डॉ नितेश कुमार, डॉ सुधा गुप्ता, बीसीपीएम स्मृति, पूजा यादव, सोनिया शर्मा, अंकिमा मिश्रा, विन्ध्यवासिनी सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 22 बच्चों का टीकाकरण, 8 महिलाओं का परीक्षण



टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** ग्राम महोलिया में आयोजित विशेष टीकाकरण शिविर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने निरीक्षण किया। डॉ. अरविंद बाजपेई ने सात बच्चों द्वारा अभी तक टीकाकरण न कराए जाने के चलते टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया और गांव में व्यापक जनसंपर्क कर टीकाकरण ना कराने वाले सात अभिभावकों को टीकाकरण से होने वाले फायदों की जानकारी दी और छूटे हुए सात बच्चों का टीकाकरण कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि टीकाकरण शिविर में 8 गर्भवती महिलाओं की जरूरी जांच करवाई गई और उसमें दो गर्भवती महिलाओं का चिंहिकरण कर उन्हें दवाइयां दी गई। टीकाकरण शिविर में 22 बच्चों का टीकाकरण किया गया। जिसमें 7 इंकार बच्चों का भी टीकाकरण कराया गया।

## एक नजर

### 3 शातिर तस्कर गिरफ्तार 85 ग्राम स्मैक बरामद

**सिंहपुर, अमेठी, अमृत विचार।** पुलिस ने सोमवार को स्मैक तस्करी के मामले में तीन शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 85 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई नियमित गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आबिद अली, जाबिर और मोहम्मद रईश के रूप में हुई है, जो थाना इन्हौना क्षेत्र के ग्राम दिलावलगढ़, मजरा आजादपुर के निवासी हैं। तलाशी के दौरान आबिद अली के पास से 40 ग्राम, जाबिर से 30 ग्राम और मोहम्मद रईश से 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

### छत से गिरकर महिला घायल, जिला अस्पताल रेफर

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के वलीपुर दखिनगांव में मंगलवार की रात्रि शिवमता (45) अपने घर की छत पर सो रही थी। एकाएक बारिश होने के चलते वह नीचे सो जागीं और संतुलन खो जाने से छत से नीचे गिर कर घायल हो गई। परिजनों ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### एटीएम बदलकर 40 हजार की ठगी

**अमेठी, अमृत विचार।** रामगंज थाना क्षेत्र के छीड़ा गांव निवासी अरूण कुमार सिंह अपने बेटे रणजीत के साथ मंगलवार को रामगंज बाजार स्थित हिटाची मनी स्पाट एटीएम पर रुपये निकालने आये थे। जहां पर दो अज्ञात लोगों ने मुलाकात के दौरान अरूण कुमार सिंह का एटीएम कार्ड बदल लिया। एटीएम कार्ड की ठगी करने के बाद अज्ञात ठगों ने अलग अलग लेनदेन में 40 हजार रुपये निकाले। एटीएम से रूपयों की निकासी का मोबाइल पर मैसेज आने पर अरूण कुमार सिंह को ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने तुरंत बैंक से एटीएम कार्ड को बंद कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक रामगंज केपम सिंह ने बताया घटना की जांच की जा रही है।

### नीलगाय से टकराया 112 पुलिस वाहन, तीन घायल

**जगदीशपुर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिंधियांवा गांव के पास नेशनल हाईवे पर पर डायल 112 की पीआरवी संख्या 5344 स्कॉर्पियो वाहन एक नीलगाय से टकरा गई जिससे उस पर सवार कांस्टेबल सौरभ यादव, होमगार्ड अशोक कुमार व महिला सिपाही किरन यादव घायल हो गए। कांस्टेबल सौरभ यादव व होमगार्ड अशोक यादव को गम्भीर चोट लगी है, वहीं महिला सिपाही को हल्की चोटें आई हैं। थाना प्रभारी धीरेन्द्र यादव ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

# किसानों को समय से व सही दाम पर मिले उर्वरक: डीएम

## डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उर्वरक समिति की ली बैठक



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उर्वरक समिति की अहम बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य किसानों को समय पर और उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराना तथा कालाबाजारी और ओवररेटिंग पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना था।

जिलाधिकारी ने सबसे पहले एआर कोऑपरेटिव से जिले में उर्वरक वितरण की विस्तृत जानकारी ली और निर्देशित किया कि किसानों को उर्वरकों की आपूर्ति समय से और सही दामों पर सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन समितियों पर अधिक मात्रा में उर्वरक की बिक्री होती है, उन्हें चिह्नित कर वहां पर्याप्त मात्रा में स्टॉक सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री नहीं होनी चाहिए। यदि किसी समिति पर उर्वरक की कमी होती है, तो तुरंत अन्य समिति से आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही जैसे ही जनपद को नई रैक प्राप्त हो, उसे त्वरित रूप से समितियों तक भेजा जाए। सहकारिता व कृषि विभाग को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से उर्वरक बिक्री केंद्रों का निरीक्षण करें और आवश्यकतानुसार उर्वरक की डिमांड समय से भेजें ताकि रैक समय पर मिल सके। बॉर्डर क्षेत्र की दुकानों पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए ताकि उर्वरकों की कालाबाजारी पर रोक लग सके। बैठक में सहकारिता, कृषि, पीसीएफ, इफको, नाबार्ड समेत जनपद के सभी थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, एआर कोऑपरेटिव अरविंद यादव समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालयों के मर्जर का आप ने किया विरोध, प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** योगी सरकार के स्कूलों के मर्जर आदेश पर आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में बताया कि इस आदेश से प्रदेश के 27000 परिषदीय विद्यालय अपना अस्तित्व खो देंगे और लगभग 1,35,000 सहायक शिक्षकों और 27000 प्रधानाध्यापकों के पद समाप्त हो जाएंगे। योगी सरकार से मांग की है कि वह पेयरिंग के नाम पर स्कूलों को बंद करने संबंधी 16 जून के आदेश को तत्काल वापस ले। पार्टी का आरोप है कि योगी सरकार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है और सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है। मर्जर आदेश से शिक्षा के अधिकार अधिनियम व बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है, जो कि कानून का अतिक्रमण है। इस दौरान शिव प्रसाद कश्यप जिला महासचिव धर्मेंद्र नाथ शुक्ला महिला प्रकोष्ठ की जिला संगठन मंत्री पूजा वर्मा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव संतोष यादव चंद्रजीत यादव डॉक्टर मलखान सिंह धर्मेश मिश्रा रमेश गुप्ता मोहम्मद सरदार जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार फौजी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अमेठी में धारा-163 लागू, 1 जुलाई से 10 अगस्त तक सख्ती

**अमेठी अमृत विचार।** आगामी त्योहारों और परीक्षाओं को देखते हुए अमेठी जिला प्रशासन ने 1 जुलाई से 10 अगस्त तक जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश जिले की समस्त सीमाओं में प्रभावी रहेगा और इसका उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाएगा। अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि जुलाई और अगस्त माह में मोहर्रम, कावड़ यात्रा, रक्षाबंधन, चेहल्लुम जैसे त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ये आदेश जारी किया गया है। इस अवधि में जिले में पांच या उससे अधिक लोगों का बिना अनुमति एक स्थान पर एकत्र होना, जुलूस निकालना, धार्मिक भावनाएं भड़काने वाला भाषण या सामग्री वितरण, सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाले कृत्य, किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाना तथा हथियारों का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। परीक्षा स्थल से 200 गज की दूरी तक मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, गाइड बुक, प्रश्न पत्र आदि पर रोक रहेगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में फोटो कॉपी की दुकानें बंद रहेंगी और गैर-संबंधित व्यक्ति का प्रवेश निषिद्ध रहेगा। ध्वनि प्रदूषण को लेकर भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। औद्योगिक, वाणिज्यिक, आवासीय और शांत क्षेत्रों के लिए ध्वनि की सीमा तय कर दी गई है। रात 10 से सुबह 6 बजे तक बिना अनुमति कोई भी ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं बजाया जाएगा।

### किशोरों से बर्बरता: सांसद के हस्तक्षेप पर दो सिपाही निलंबित

**मुसाफिरखाना, अमेठी,अमृत विचार।** मुसाफिरखाना कोतवाली में पुलिस द्वारा किशोरों के साथ की गई कथित बर्बरता के मामले ने तूल पकड़ लिया है। ग्राम पिण्डारा करनाई निवासी शिवम मौर्या, अशोक मौर्या और लोकराय निवासी सत्यम यादव ने अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा को प्रार्थनापत्र देते हुए कोतवाली में तैनात चार पुलिस कर्मियों पर बेवजह घर से लाकर थाने में बर्बरतापूर्वक पीटने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि 29/30 की रात लगभग 12 बजे कोतवाली के सिपाही संतोष कुमार कनौजिया, अर्धेन्दु चौहान, चंदन और अविनाश यादव उनके घर पहुंचे और बिना कोई कारण बताए उन्हें उठा ले गए। आरोप है कि कोतवाली पहुँचते ही पुलिस ने तीनों को बेरहमी से पीटा। शिवम और सत्यम को बाद में धारा 151 में चालान कर दिया गया जबकि अशोक को अगले दिन दोपहर में छोड़ दिया गया। पीड़ितों के अनुसार उन्हें न तो कोई कारण बताया गया और न ही उनके परिजनों को कोई सूचना दी गई। सांसद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इस पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने प्राथमिक जांच के आधार पर सिपाही संतोष कनौजिया और अर्धेन्दु चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, साथ ही पूरे मामले की जांच एडीशनल एसपी को सौंपी है। एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है

### महिला सहायता चौकी का हुआ उद्घाटन

**अमेठी, अमृत विचार।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनपद अमेठी के थाना जामों में जिले की पहली महिला सहायता चौकी की स्थापना की गई। इसका उद्घाटन जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा फीता काटकर किया गया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि इस चौकी की स्थापना का उद्देश्य महिलाओं को एक ऐसा मंच देना है, जहां वे बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी समस्याएं साझा कर सकें। उन्होंने बताया कि इस चौकी पर केवल महिला पुलिसकर्मी तैनात रहेंगी, जिससे पीड़ित महिलाओं को सहजता और विश्वास का माहौल मिलेगा।उन्होंने यह भी जानकारी दी कि घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साइबर क्राइम समेत अन्य मामलों में भी इस महिला सहायता चौकी के माध्यम से कार्यवाही की जाएगी। साथ ही महिलाओं को सोशल मीडिया पर सतर्कता एवं सुरक्षा के उपायों की जानकारी भी दी जाएगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला व 40 बकरियों की मौत

**डलमऊ, रायबरेली,अमृत विचार।** दीनशाह गौरा के पूरे सरवरियन पयागपुर में बुधवार को 6 बजे अचानक आकाशीय बिजली गिरने से भैंस चरा रही एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वहीं पेड़ के नीचे चर रही लगभग 40 बकरियों की भी झुलसकर मौत हो गई। इस घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे सरवरियन पयागपुर निवासिनी रामरती पत्नी रामकुमार (70) भैंस चराने के लिए गंगा कटरी गई थी। साथ में गांव की ही राम सांवरी पत्नी सांवले एवं धनपति पत्नी रामकुमार अपनी बकरियों को लेकर गई थी। तभी अचानक गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से रामरती उसकी चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही झुलस कर मौत हो गई। जबकि राम सांवरी एवं धनपति उनसे कुछ दूरी पर पेड़ के नीचे थी। उनकी 40 बकरियां भी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मर गई। घटना की जानकारी पर क्षेत्रीय लेखपाल एवं थाना प्रभारी गदागंज बालेंद्र गौतम मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी गदागंज बालेंद्र गौतम ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एक अन्य घटना में डलमऊ तहसील क्षेत्र के पूरे पासिन नरसवा में राजेश (35) एवं ऊषा पत्नी रंजन (40) धान की रोपाई कर रहे थे तभी आकाशीय बिजली गिरने से दोनों झुलस गए। ग्रामीणों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। एसडीएम डलमऊ फरीद अहमद खान ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना की जानकारी ली और क्षेत्रीय लेखपाल को रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देश दिया है।

### सबसे मजबूत और सशक्त होगी युवा पीढी : मुकुल चतुर्वेदी



प्रबंधक सत्यम शुक्ला द्वारा सम्मानित किए गए पूर्व छात्र सौरभ सिंह, अंशु गुप्ता एवं शिवम अग्निहोत्री।

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** परमेश्वरी देवी त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला फार्मेसी कॉलेज सरेनी रायबरेली में पूर्व छात्रों का विदाई समारोह एवं डी फार्मा में एडमिशन हेतु नए छात्रों का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष मुकुल चतुर्वेदी एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश मंत्री सत्यम शुक्ला प्रबंधक परमेश्वरी देवी त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला महाविद्यालय में बच्चों को संबोधन करते हुए शुभ आशीर्वाद दिया और स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत हम आज गांव शहर को ऐसी शिक्षा नीति से जोड़कर एक करना चाह रहे हैं जो हमारे अखंड भारत को मजबूत करें और जाति धर्म के बंधनों से ऊपर उठकर राष्ट्र के विकास में योगदान करे। यह युवा पीढ़ी सबसे मजबूत और सशक्त पीढ़ी होगी। कार्यक्रम का संचालन शिखा ने किया सरस्वती वंदना शालू ने प्रस्तुत किया। सानिया अंजलि, संध्या, शिवानी पटेल ने स्वागत गीत प्रस्तुती से मुख्य अतीत का स्वागत किया एवं आशीष, अमित, आदर्श, उत्कर्ष ने डांस प्रस्तुति से से कार्यक्रम में समाबांध दिया। देवेंद्र प्रताप सिंह, बिदेश सिंह और सूमीरन पाल ने बच्चों को संबोधित किया। कॉलेज फैकल्टी एवं स्टाफ दिव्या बाजपेई,इशू मिश्रा हरिशंकर यादव एवं दीपक अवस्थी की ओर से नए बच्चों को माल्यार्पण, तिलक करके स्वागत किया गया। अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंद्र प्रकाश शुक्ला ने सबको धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में रविकांत यादव, वीर प्रताप सिंह, धीरेंद्र सिंह, लकी शशांक त्रिवेदी, अंशिका कुशवाहा, गणेश पांडे, अशोक यादव, लक्ष्मी शंकर विश्वकर्मा इत्यादि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# एनएच-56 पर जलभराव बना लोगों की मुसीबत

संवाददाता, मुसाफिरखाना अमेठी



एनएच-56 पर जलभराव।

**अमृत विचार।** मुसाफिरखाना विकास खण्ड के अंतर्गत पूरे मलिक गाँव में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-56 पर बरसात के दिनों में जलभराव की विकराल समस्या सामने आ रही है। सड़क पर कई-कई दिनों तक पानी भरा रहने से जहां एक ओर राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय निवासी भी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि बारिश के बाद पानी की निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे सड़क पर पानी जमा हो जाता है। जलभराव से न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि आसपास रहने वाले दर्जनों परिवारों के लिए भी संकट बन गया है। बच्चों का स्कूल जाना, लोगों का बाजार जाना या आवश्यक सेवाओं तक पहुँचना भी बेहद मुश्किल हो जाता है। स्थानीय निवासी अरविंद तिवारी व राघवेन्द्र तिवारी ने बताया कि हर साल बरसात के मौसम में यही समस्या होती है। सड़क पर इतना पानी भर जाता है कि लोग फिसलकर गिर जाते हैं। कोई कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

गंदे पानी के लंबे समय तक जमा रहने से मच्छर और कीटाणु पनपने लगे हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य जलजनित बीमारियों के फैलने का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। अरूण यादव व झब्बर तिवारी ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से कई बार अपनी बात रख चुके हैं। अब अगर जल निकासी का समाधान नहीं हुआ, तो हम सभी धरने पर बैठेंगे और जरूरत पड़ी तो प्रशासनिक कार्यालयों का घेराव भी करेंगे। एडीओ पंचायत साधू सरन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जानकारी हुई है शीघ्र ही निस्तारण करवाते हैं।

# सीएमओ ने ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण, कई कर्मी मिले नदारद

जगदीशपुर, अमेठी



निरीक्षण करते सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने बुधवार को जगदीशपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ट्रामा सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। सीएमओ ने ट्रामा सेंटर और सीटी स्कैन वार्ड सहित अन्य विभागों का भी गहन निरीक्षण किया और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कर्मियों को जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। इसके साथ ही निहालगढ़ कस्बे में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए डॉ. अंशुमान सिंह ने स्वच्छता एवं दवा छिड़काव को कहा।सफाई कर्मियों को स्प्रे मशीनें प्रदान की गईं और मेलाथियान, टेमिफोस जैसी दवाओं के सही उपयोग की ट्रेनिंग दी गई।

## तमंचा समेत दो वांछित गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने दो वांछितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। वांछित चल रहे महेश लोनिया (22) पुत्र झिंगुरी लोनिया निवासी सरैया तालुकदार दादरा, थाना मुसाफिरखाना एवं दिलशाद (22) उर्फ दिल्लू पुत्र सुल्तान उर्फ जहीर निवासी वार्ड नं 2, दयानन्द गली, कस्बा व थाना मुसाफिरखाना को मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जब बाइक के कागजात मांगे, तो आरोपी दिखा नहीं सके। तलाशी पर उनके पास पास एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों ने कबूला कि 1 जुलाई को वे दोनों राज एक दुकान पर पैसे लेने गए थे। जब दुकानदार ने पैसे देने से मना कर दिया, तो उन्होंने उसे तमंचा दिखाकर डराने-धमकाने का प्रयास किया और पैसे की मांग की।

# शिक्षकों की मनमानी पर ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

महराजगंज, रायबरेली



ग्रामीणों की समस्या सुनते खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव।

**अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोटवा मदनिया में शिक्षकों की मनमानी को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने स्कूल के सामने धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन द्वारा मुख्य द्वार के गेट को बंद रखने से छात्रों को कीचड़ भरे रास्ते से आना-जाना पड़ता है। दर्जनों ग्रामीणों ने स्कूल के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश की सूचना पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों को समझा-बुझाकर धरना समाप्त कराया।

बुधवार को क्षेत्र के कोटवा मदनिया स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बाहर ग्रामीण धरने पर बैठ गए। कोटवा मदनिया गांव के निवासी अनुपम जायसवाल ने बताया कि विद्यालय का मुख्य द्वार वर्षों से बंद है। शिक्षक छात्रों से खेती का काम भी करवाते हैं। इतना ही नहीं, स्कूल की टंकी से दूषित पानी बच्चों को पीना पड़ता है।वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर वे कई बार स्कूल गए, लेकिन शिक्षकों का रवैया उचित नहीं रहा। धरने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव को मिली तो आनन-फानन मौके पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ने मुख्य द्वार खोलने और कीचड़ वाले रास्ते का गेट बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल की साफ-सफाई के आदेश भी दिए। अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद ने बताया कि कई बार विकास खण्ड अधिकारी को साफ सफाई व चहारदीवारी बनवाए जाने के लिए लिखित शिकायत की गई है। लेकिन कोई सुनवाई नही हुई।

### क्या बोले बीईओ

खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने बताया कि विद्यालय में चार गेट है। साफ़ सफाई के अभाव में मुख्य गेट नही खोला जा रहा था। सफाई कर्मचारी को बुलाकर सफ़ाई करवाकर विद्यालय के समय में गेट खोलने के निर्देश देते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त कराया गया है।



राजरानी कान्वेंट स्कूल में पौधरोपण करते मुख्य अतिथि।

## प्रत्येक नागरिक को एक पौध लगाना जरूरी

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। राही ब्लॉक के झकरासी गांव में संचालित राजरानी कान्वेंट स्कूल में पौधारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राही ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र बहादुर यादव ने पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में बढ़ती गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। जिसका कारण लगातार वृक्षो को काटा जा रहा है। पर्यावरण को बचाने के लिए प्रत्येक नागरिक को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, जिससे आने वाली पीढ़ियां हमें दोषी न ठहराएं। इसके अलावां पौधरोपण किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी अशोक कुमार श्रीवास्तव, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मो. युनुस खान, प्रबंधक धीरेन्द्र यादव, प्रधानाचार्या अनीता यादव, वन दरोगा आशीष मौर्य, वनरक्षक शारदा बख्श सिंह, आशीष यादव, सतगुरु वर्मा, नवल यादव, योगेंद्र यादव व शिक्षक एवं स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

# आचार्य द्विवेदी स्मृति पार्क का हुआ भूमिपूजन



स्मृति पार्क एवं प्रतिमा स्थल का भूमिपूजन करते सांसद केएल शर्मा, मौजूद अन्य।

**रायबरेली, अमृत विचार।** राजघाट स्थित सई नदी किनारे सोमवार को आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति पार्क एवं प्रतिमा स्थल का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमेठी के सांसद केएल शर्मा थे। इसके अलावां पद्मश्री सुधा सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर मौजूद रहे। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक समिति पार्क में 10 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा स्थापित करेगी। दो महीने में निर्माण पूरा होने के बाद समिति को सौंप दिया जाएगा।

अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि आचार्य द्विवेदी समिति अपने संयोजक गौरव अवस्थी के नेतृत्व में पिछले 27 वर्षों से युग पुरुष आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की स्मृतियों को सुरक्षित करने का अनुकरणीय काम कर रही है। समिति ने आचार्य जी की स्मृतियों से जुड़ने का अवसर भूमि पूजन के बहाने दिया है। हम लोगों का फर्ज है कि जनपद के महापुरुषों की स्मृतियों को आगे बढ़ाना। पद्मश्री सुधा सिंह ने कहा कि महापुरुषों की यादों को संजोया जाना जरूरी है। इसमें हर संभव सहयोग किया जाएगा।

नगर पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने बताया कि पार्क की लागत लगभग 15 लाख 30 हजार रुपये है। उन्होंने पार्क की डिजाइन रिलीज करते हुए कहा कि गुरुवार से पार्क का निर्माण शुरू कर हो जाएगा। पूजा में सुशील कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र यादव, राकेश तिवारी, योगेंद्र दीक्षित, आशुतोष पांडेय, सरिता गुप्ता, पंकज तिवार, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. बृजेश सिंह, डॉ. संजीव जायसवाल, युगल किशोर तिवारी, गिरीश मिश्रा, कृष्णानंद मिश्रा, कमलेश द्विवेदी शामिल रहे।



खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करते ग्राम पंचायत अधिकारी।

## ग्राम पंचायत अधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास खंड परिसर में ग्राम पंचायत अधिकारियों ने ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम के विरोध में काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया। सीडीओ रायबरेली अर्पित उपाध्यक्ष ने 30 जून से पंचायत मंत्रियों के लिए यूबीआई ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम लागू किया है। इस व्यवस्था के तहत ग्राम विकास अधिकारी और पंचायत अधिकारी को गांव पंचायत में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी। इससे पंचायत मंत्री की उपस्थिति की निगरानी की जा सकेगी। ग्राम विकास अधिकारी सर्वोत्तम सिंह और पंचायत अधिकारी महेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में अधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि वे पहले से ही दिन भर फील्ड में काम करते हैं। पंचायत मंत्री नियमित रूप से ग्राम पंचायतों का दौरा कर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। ऐसे में ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम की आवश्यकता नहीं है।

# विद्यालय में बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों को किया प्रेरित

संवाददाता, सरेनी, रायबरेली



प्राइमरी विद्यालय में बच्चों को पुस्तक वितरित करते शिक्षक।

**अमृत विचार।** विकास खण्ड सरेनी में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रामखेड़ा में अभिभावकों से डोर टू डोर सम्पर्क कर बच्चों के नामांकन के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया। विद्यालय खुलने पर प्राथमिक विद्यालय रामखेड़ा सरेनी में कक्षा एक, कक्षा दो और कक्षा तीन के छात्रों को एनसीइआरटी की नवीन व निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की गई। इंचार्ज प्रधानाध्यापक डॉ. यज्ञदत्त शुक्ल द्वारा बताया गया कि कक्षा एक से तीन में विभाग द्वारा एनसीइआरटी की पुस्तकें प्रदान की जा रही है जो कि लर्निंग बाई डूइंग पर आधारित है। गणित को रोचक व व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ते हुए आनंदमय गणित पुस्तक डिजाइन की गई है। विभाग राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सिद्धांतों को लेकर शैक्षणिक व्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन की दिशा में है जिससे बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा मिल सके। खण्डशिक्षाधिकारी सरेनी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी द्वारा बताया गया कि कक्षा एक से तीन की नवीन पुस्तकें विद्यालय तक पहुंच रही है जिससे समय से पठन पाठन की प्रक्रिया सम्पादित हो सकेगी। साथ ही कार्यपुस्तिका भी दी जा रही है। विद्यालय में पुस्तक वितरण के मौके पर शिक्षक अभिषेक मिश्र, अमरेंद्र प्रताप सिंह, शांति वर्मा व अभिभावक उपस्थित रहे।

# परिजनों ने अंतिम संस्कार से किया इंकार, आश्वासन पर माने

फॉलोअप

संवाददाता, खीरों, रायबरेली


एसडीएम लालगंज मिथिलेश त्रिपाठी को मांग पत्र सौंपते पीड़ित परिजन व व्यापारी।

- गांव पहुंचा व्यापारी का शव, मची चीत्कार, पुलिस फोर्स तैनात
- व्यापारी के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग रखीं

**अमृत विचार।** बुधवार को मृत गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी का शव गांव पहुंचने पर चीत्कार मच गई। घटना से आक्रोशित हुए परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इस पर प्रशासनिक अधिकारी और खीरों के साथ गुरुबक्सगंज, लालगंज, डलमऊ, गदागंज सहित कई थानों का पुलिस बल महरानीगंज पहुंच गया। परिजनों ने अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, सीओ लालगंज गिरिजा शंकर त्रिपाठी, सीओ डलमऊ के सामने अपनी मांगे रखी। मृतक के परिजनों ने मृतक आश्रितों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता, बच्चों को सरकारी नौकरी, मृतक की घायल पत्नी सरोजनी का सरकारी खर्चे पर इलाज, बच्चों के भरण पोषण और सुरक्षा की जिम्मेदारी, हत्यारोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की। प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद देने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों ने मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

सोमवार की रात लगभग दो बजे कस्बा महरानीगंज निवासी गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी (45) पुत्र दयाराम लोधी की छत पर सोते समय अज्ञात हमलावरों ने चाकू से गला रेत दिया। जब इससे भी उनका जी नहीं भरा तो फिर गोली मारकर हत्या कर दी। मृतका की पत्नी सरोजनी को भी गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था जिसका एम्स में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई आनन्द पाल लोधी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। उधर, गल्ला व्यापारी की हत्या की सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल (चौहान गुट) के प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने माहरानीगंज पहुंचकर पीड़ित परिवार और व्यापारियों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। सपा विधायक राहुल लोधी ने भी पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मदद का आश्वासन दिया।

> पीड़ित परिवार द्वारा दिए गए मांग पत्र को उचित माध्यम से शासन तक पहुंचाकर पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता की जायेगी।
> –मिथिलेश त्रिपाठी, एसडीएम, लालगंज।

> हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं। जगह-जगह छापेमारी हो रही है। सीसीटीवी फुटेज की भी मदद ली जा रही है। शीघ्र ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
> –संजीव कुमार सिन्हा, एएसपी, रायबरेली।

# पूरे प्रदेश में कायम है जंगल राज: अजय

संवाददाता, रायबरेली


एम्स में घायल महिला के परिजनों से मुलाकात करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**अमृत विचार।** खीरों थाना क्षेत्र के महारानीगंज में हुई घटना में गंभीर रूप से घायल महिला का कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एम्स पहुंच कर हाल जाना। एम्स में मौजूद पीड़ित परिवार के लोगों से बातचीत कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। घायल महिला का इलाज कर रहे डाक्टर से भी मुलाकात कर पीड़ित महिला के स्वास्थ पर चर्चा कर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जंगलराज कायम है।

खीरों थाना क्षेत्र के महारानीगंज निवासी गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी के घर के अंदर बदमाशों ने घर में घुसकर पति-पत्नी पर चाकू से हमला बोला और गोली मार दी थी, जिसमें सुखदेव की मौत हो गई थी। गंभीर रूप से घायल पत्नी सरोजनी देवी को एम्स में भर्ती कराया गया। पीड़ित महिला से मुलाकात करने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का काफिला लगभग चार बजे एम्स पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष ने पीड़ित महिला के परिजनो से मिलकर आईसीयू में जिंदगी व मौत से संघर्ष कर रही सरोजनी देबी का हाल जाना। वहां मौजूद पीड़ित महिला की भांजी सीमा देबी व विनोद से घटना की जानकारी ली व इलाज कर रहे डॉ. निखिल नखते सभी के इलाज के बारे में पूछा। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने परिजनो को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सांसद राहुल गांधी ने हमे भेजा है। पूरे प्रदेश मे जंगल राज कायम है। जिला प्रशासन को मामले को गम्भीरता से संज्ञान लेते हुए कडी करवाई करनी चाहिए।

# विभाग की लापरवाही ने ले ली संविदा लाइनमैन की जान

## जिजौलिया फीडर की 11 हजार वोल्ट की लाइन पर शटडाउन लेकर सुधार रहा था फाल्ट, अचानक शुरू कर दी गई विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, सलोन, रायबरेली


युवक के रोते बिलखते परिजन इंसेट में गुड्डू की (फाइल फोटो)।


युवक की मौत से नाराज होकर सलोन-जायस मार्ग को जाम करते लोग, मौजूद पुलिस।

- ग्रामीणों ने की मृतक के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता देने की मांग
- कोतवाल की अभद्रता से नाराज होकर ग्रामीणों ने सलोन-जायस पर लगाया जाम

**अमृत विचार।** क्षेत्र के जिजौलिया फीडर की 11 हजार वोल्ट की लाइन पर शटडाउन लेकर एक खेत में फाल्ट सुधारते समय अचानक विद्युत आपूर्ति चालू हो जाने से विद्युत संविदाकर्मी की झुलसकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। मौके पर पहुंचे सलोन कोतवाल की अभद्रता से नाराज ग्रामीणों ने सलोन-जायस मार्ग जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। दोपहर करीब ढाई बजे अधिशाषी अभियंता के साथ समझौता वार्ता व मुआवजा राशि तय होने के बाद लोगों ने जाम खोला।

सलोन कोतवाली अंतर्गत सांडा सैदन (सड़वा) गांव निवासी विद्युत लाइनमैन गुड्डू (30) पुत्र राम लखन बुधवार की सुबह सलोन नगर पंचायत सभासद अयाज अहमद उर्फ काजू की शिकायत पर ट्यूबवेल का फाल्ट ठीक करने शाहबाजपुर गांव गया था। जानकारी के मुताबिक राम बहुरे के ट्यूबेल के समीप फाल्ट ठीक करने से पहले कर्मी ने विद्युत उपकेंद्र सलोन से शटडाउन मांगा था। शटडाउन मिलने के बाद संविदा लाइनमैन पोल पर चढ़कर फाल्ट ठीक करने लगा। इसी दौरान अचानक 11 हजार वोल्ट की लाइन पर करंट दौड़ने लगा, जिससे युवक खम्बे पर ही करंट से झुलसकर तड़पने लगा। खेत में धान लगा रहे किसान जब तक कुछ समझ पाते तब तक उसके आधे अंग में आग लग गई और खम्बे पर ही तड़प-तड़प कर उसकी मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पाकर कोतवाल शिव शंकर सिंह जैसे ही सीओ सलोन के साथ घटनास्थल पर पहुंचे भीड़ को देख उग्र हो गए और ग्रामीणों को हड़काने लगे। ग्रामीणों और पारिवारिक सदस्यों का कहना था कि विद्युत विभाग के कर्मियों की लापरवाही से लाइनमैन की मौत हुई है। घटना की तीन घण्टे बाद भी विभाग के जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे थे। वे विद्युत विभाग के अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे थे। कोतवाल की अभद्रता से गुस्साए ग्रामीणों और मृतक के परिजनों के साथ सलोन-जायस मार्ग जामकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जाम के दौरान हाथों में डंडा-बांस व ईंट लिए महिलाएं सड़क के दोनों ओर मोर्चा संभाले रहीं। ग्रामीण मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग पर अड़े थे। घटना के चार घण्टे बाद विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कोतवाल का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

> सबसे पहले जो लोग इस घटना के दोषी हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। परिवार को दुर्घटना राशि के तहत नियमत: साढ़े सात लाख रुपये और अंतिम संस्कार की सहायता राशि देने पर बात बनी है। परिवार के लोग सहमत हुए हैं।
> –मनोज कुमार यादव, एक्सईएन सलोन

# स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए रोड से गुजरे लोगों ने घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का उपचार जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। दूसरी तरफ दुर्घटना में शामिल चालक स्कॉर्पियो समेत मौके से फरार हो गया जिसकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे सोहबत तकिया मजरे अमावा गांव निवासी शराफत अली उर्फ कालिया (45) पुत्र स्व. अब्दुल खालिद अपने भतीजे राज (30) के साथ मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के समरहदा गांव के मोहर्रम के मातम में शामिल होने के लिए जा रहा था। बाइक भतीजा राज चल रहा था। जबकि कालिया पीछे बैठा था। रात करीब 9 बजे दुसौती चौराहे के पास पीछे से आई तेज रफ्तार स्कार्पियो ने कालिया की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना में कालिया और राज दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। रोड से गुजरे राहगीरों ने दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां कालिया को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि राज का उपचार जारी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है और दुर्घटना में शामिल स्कार्पियो चालक की तलाश की जा रही है। इस संबंध में इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया शव पीएम में भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटना में शामिल स्कॉर्पियो की तलाश जारी है।

## डूब रही महिला को बचाने पर पुलिस कर्मियों का सम्मान

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सई नदी में डूब रही महिला को बचाने पर दो पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। दरअसल बीती 19 जून को शहर की राजघाट चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित सई नदी में महिला ने छलांग लगाने की कोशिश की तो चौकी में तैनात दो पुलिसकर्मियों ने दौड़कर महिला की जान बचाई थी। इस सराहनीय कार्य पर पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने "कॉप ऑफ द मंथ" ख़िताब से मुख्य आरक्षी धनंजय सिंह और दिनेश यादव को नवाजा है। साथ ही नकद धनराशि का पुरस्कार भी दिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

**रायबरेली, अमृत विचार।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत घर के अन्दर सो रही एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में बालिका को सीएचसी ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर स्थित मतरौली ग्राम सभा के बाबूगंज बाजार के रहने वाले राजेंद्र कुमार की दो पुत्री खुशी (19) व पलक (14) एक बेटा अभिषेक (17) घर पर थे। राजेन्द्र कुमार अपनी पत्नी के साथ जगतपुर कोतवाली क्षेत्र के टिकठा सरांय गांव अपनी ससुराल गया था। उसकी दोनों बेटियां घर पर थीं। बुधवार को दोपहर बाद उसकी बेटी पलक अचानक बेसुध अवस्था में घर के अन्दर मिली। उसे अचेत अवस्था में देखते ही उसकी बहन समेत पड़ोस में हड़कंप मच गया। गांव के लोगों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल संजय कुमार का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित होने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई : डीपीआरओ

संवाददाता, रायबरेली


गांव में साफ-सफाई करते सफाईकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान अन्तर्गत जनपद के समस्त 980 ग्राम पंचायतों में एक जुलाई, 2025 से 31 जुलाई 2025 तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें रोस्टर लगाकर सफाई कर्मचारियों के माध्यम से झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य कराया जा रहा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि दो दिवस में जनपद के 310 ग्राम पंचायतों में 1591 सफाई कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई का कार्य किया गया। साथ ही साफ-सफाई के दौरान ग्राम पंचायत से निकलने वाले कूड़े को ई-रिक्शा के माध्यम से एकत्रित कर निस्तारित कराये जाने के साथ-साथ ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई हेतु रोस्टर के अनुसार लगाये गये कर्मचारियों के कार्यों का उनके द्वारा रैण्डम आधार पर भी निरीक्षण किया जाएगा तथा क्रास वेरीफिकेशन के लिए अन्य विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी पंचायत को नामित किया गया है, जिनके द्वारा प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण करते हुए कराये गये कार्यों एवं नामित कर्मचारियों की उपस्थिति का अनुश्रवण किया जा रहा है। जिसमें किसी भी कर्मचारी के कार्यक्षेत्र से अनुपस्थित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों द्वारा उपस्थित रहकर टीम भावना के साथ ग्राम पंचायत में झाड़ी कटाई, नाली सफाई, एन्टीलार्वा एवं दवा का छिड़काव फॉगिंग आदि का कार्य किया जा रहा है।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण में पशुपालन विभाग मुस्तैद

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** पशुपालन विभाग पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क है। वह पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर साल भर तमाम कार्यक्रम आयोजित करता रहता है। पशु चिकित्सक व उनकी टीम गांव गांव में चौपाल आयोजित कर पशुपालकों को जागरूक करती है। इसी कड़ी में पशुपालन विभाग की टीम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत क्षेत्र में चौपाल लगाकर पशुपालकों को जागरूक कर रही है। इसी कड़ी में बेला भेला, पूरे बाबा, पूरे भुजवन, हमीरमऊ, निकासू सहित आधा दर्जन से अधिक गांव में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सदर, डाक्टर संजय सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशांत सिंह, अखिलेश कुमार, राजेश यादव, सुबीर कुमार आदि की टीम ने लोगों को पशुओं में होने वाली संचारी रोग के बारे में जानकारी दी। डॉ. संजय कुमार सिंह ने संचारी रोगों से बचने हेतु ग्रामीणों को शपथ दिलाई। पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशांत सिंह ने पशुपालकों को नि:शुल्क दवाएं वितरित किया तथा अपनी देखरेख में निशुल्क दवा का छिड़काव भी कराया गया।

## ऑनलाइन हाज़िरी के विरोध में ग्राम विकास अधिकारी

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास खंड बछरावां के प्रांगण में बुधवार को ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों ने ऑन लाइन हाज़िरी के विरोध में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि ग्राम सभा में कार्य करते हुए कभी-कभी देर रात हो जाती है या फिर आये दिन ग्रामो में ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है, जिसमे समय की कोई अवधि नही होती। उन्हें अगर आने के समय का निर्धारण किया गया है तो जाने के समय का भी निर्धारण होना चाहिए। इस मौके पर आलोक शुक्ला, अनिल, इसरार, संजीव, प्रीती सहित दर्ज़नो ग्राम पंचायत अधिकारी वा कर्मचारी मौजूद रहे।

पहल | मऊ ग्राम पंचायत में गौशाला के पास करीब एक बीघा भूमि पर पौधे लगाए जाएंगे

# जापानी तकनीक से कराया जाएगा पौधरोपण : बीडीओ

संवाददाता, राजगंज, रायबरेली


पौधरोपण की तैयारी में लगे अधिकारी।

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बीडीओ वर्षा सिंह द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। विकास क्षेत्र के मऊ गांव में मियावाकी तकनीक से पौधरोपण कराया जाएगा, ताकि क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ ही पर्यावरण संतुलन कायम रखा जा सके। बीडीओ ने प्रयोग सफल होने पर अन्य गांवों में भी मियावाकी पद्धति से पौधरोपण कराने की बात कही है।

बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि योजना के तहत मऊ ग्राम पंचायत में गौशाला के पास करीब एक बीघा भूमि पर पौधे लगाए जाएंगे। यह पौधरोपण जापानी तकनीक मियावाकी से किया जाएगा। इसमें पांच से छह फीट लंबे पौधों को रोपा जाता है, जिनका विस्तार कम समय में होता है। इस तकनीक में पशुओं के गोबर को एक फीट जमीन के नीचे दबाया जाएगा, जिसके बाद बरसात के दिनों में पौधों का रोपण किया जाएगा। प्रक्रिया में पौधों को पास-पास लगाया जाता है। इस तकनीक से केवल कुछ वर्षों में ही बोए गए पौधे प्राकृतिक घने जंगल का रूप ले लेते हैं। ब्लॉक क्षेत्र में इस पद्धति का प्रयोग पहली बार होगा। चिन्हित भूमि की लेवलिंग व फेंसिंग का काम पूरा हो चुका है। चिन्हित भूमि पर 17 हजार से अधिक पौधे रोपे जाएंगे, नर्सरी से अभी फिलहाल 1500 पौधे मंगाया गया है। इन पौधों की रोपाई के बाद और पौधे रोपे जाएंगे। यह कदम पर्यावरण संरक्षण के लिए उठाया गया है।

### मियावाकी पद्धति क्या है?

मियावाकी पद्धति, जापानी वनस्पति शास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित एक तकनीक है, जिसमें कम जगह में घने जंगल उगाए जाते हैं। इस विधि में विभिन्न प्रकार के पौधे एक दूसरे के बहुत करीब लगाए जाते हैं, जिससे वे एक-दूसरे को सहारा देते हैं। इस पद्धति से रोपित पौधों की वृद्धि दर सामान्य पौधों से दस गुना अधिक होती है। मियावाकी पद्धति में जमीन की गहरी खुदाई कर मिट्टी में नमी बनाए रखने के लिए कोको पिट तैयार किया जाता है, उसके बाद गन्ने की खोई, चावल, गेहूं, मक्का की भूसी गाय का गोबर या वर्मी कंपोस्ट का प्रयोग किया जाता है।



पौधरोपण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, मौजूद अन्य लोग।

# पौधरोपण कर मनाया गया वन महोत्सव

**रोहनियां, रायबरेली, अमृत विचार।** रोहनिया क्षेत्र के उमरन मठ में पौध रोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान मोहानी, जामुन, कन्जी प्रजाति के पौध लगाए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी रहीं। इस मौके पर उपप्रभागीय वनाधिकारी श्री मयंक अग्रवाल, रेंज ऑफिसर श्री रविशंकर, सेक्शन अधिकारी प्रदीप सिंह, बीट प्रभारी अखिलेश यादव, ग्राम वासी पन्नू सिंह, जगदीश, आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### स्कूल चलो अभियान के तहत सजाए गए विद्यालय


तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत करती शिक्षिकाएं।

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बेसिक विद्यालय में एक जुलाई से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण चल रहा है। जिसके अंतर्गत स्कूल में आने वाले सभी बच्चों का स्वागत विद्यालय के शिक्षकों द्वारा रोली चंदन का टीका लगाकर किया गया। बच्चों का माल्यार्पण द्वारा भी स्वागत किया गया। कई विद्यालयों को गुब्बारों से सजाया भी गया। प्राथमिक विद्यालय आलमपुर में राजीव कुमार ओझा खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज द्वारा आए हुए स्कूली बच्चों का स्वागत किया गया। साथ ही संचारी रोगों की रोकथाम की शपथ भी बच्चों को दिलाई गई। इसके अलावां एसजेएस पब्लिक स्कूल की प्राचार्य अंजू सिंह ने पारंपरिक आत्मीयता के साथ बच्चों को नित्य स्कूल आने के प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### माला पहनाकर और टीका लगाकर बच्चों का हुआ स्वागत


बच्ची का टीका करते सहायक अध्यापक अजय सिंह।

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** ग्रीष्म कालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुलने पर प्रधानाध्यापक व उनकी टीम ने कहीं माला पहनाकर, कहीं टीका लगा कर तो कहीं बच्चों को टाफी देकर उनका स्वागत किया गया। क्षेत्र के विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल रहा। इसी कड़ी में क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय राजापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय बेला भेला, खागीपुर सड़वा सहित सभी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित हुए। प्राथमिक विद्यालय राजापुर में राज्य सरकार द्वारा पुरष्कृत सहायक अध्यापक अजय सिंह व उनकी टीम ने बच्चों का टीकाकरण कर उनका स्वागत किया। अजय सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में शिक्षा के प्रति अधिक जागरूकता आती है।

### गांव में जलभराव से संक्रामक बीमारी का खतरा, आक्रोश


थुलरई गांव में आने जाने वाले रास्ते में भरा पानी।

**डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार।** डलमऊ तहसील क्षेत्र के दीनशाह गौरा ब्लाक में कर्मचारियों की मनमानी व अनदेखी के चलते गांवों का बुराहाल है। मामूली बारिश में ग्राम सभाओं में जलभराव होने से लोगों को आने जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ कई दिनों तक जलभराव होने से गांव में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। इसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश पनप रहा है। दीनशाह गौरा ब्लाक के थुलरई गांव में जलभराव की तस्वीर सरकारी दावों की पोल खोल रही है। थुलरई गांव के ग्रामीण तेज बहादुर, संतोष कुमार, देवेश वर्मा आदि ने बताया कि मामूली बारिश में जलभराव हो जाता है। जिसके कारण घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत की गई। जिसमें जिम्मेदार मनमाने तरीके से रटारटाया जवाब प्रस्तुत कर उसकी समस्या को निस्तारित कर देते हैं। जबकि समस्या अनवरत बनी हुई है। इस संबंध में बीडीओ अशोक कुमार सचान ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### चेकिंग अभियान में तीन वाहन सीज

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** यात्री कर अधिकारी ने चेकिंग अभियान चलाकर कृषि कार्यालय ट्रैक्टर कामर्शियल कार्य करें व पिकप का अभिलेख न मिलने पर तीन वाहनों को सीज किया है। इससे वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया। बुधवार को जगतपुर, जिंगना जगतपुर चौराहे अदि जगहों पर यात्री कर अधिकारी रेहाना बानो ने चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने कई वाहनों को चेक किया। इस दौरान दो ट्रैक्टर कृषि कार्य करने वाले कामर्शियल कार्य कर रहे थे व एक पिकअप का टैक्स व कागज न होने पर तीनों वाहनो को सीज कर दिया है। यात्री कर अधिकारी की इस कार्रवाई पर वाहनों चालकों में हड़कंप मचा रहा। यात्री कर अधिकारी रेहाना बानो ने बताया कि चेकिंग अभियान चलाकर दो ट्रैक्टर व एक पिकअप सीज किया गया। चीज किए गए वाहनों को जगतपुर थाने में सुपुर्द कर दिया गया।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बुधवार को तहसील सभागार लालगंज में विधानसभा 179 हरचंदपुर के अंतर्गत समस्त सुपरवाइजर व बीएलओ आदि की निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में बैठक की गई। उप जिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक में सभी सुपरवाइजरों/बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान दिया गया तथा आयोग के निर्देशों के क्रम में आगामी निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण संबंधी दिशा निर्देश प्रदान किए गए। प्रभारी तहसीलदार शंभू शरण पांडे ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं एवं महिलाओं की सहभागिता पर विशेष जोर दिया जाय। बैठक में नायब तहसीलदार शिवम सिंह राठौड़, विपिन कुमार गुप्ता, दिलीप पटेल तथा आयोग से प्रशिक्षण प्राप्त लेखपाल शिवम राठौड़ व समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### नवजात शिशुओं के परिजनों को बांटे ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट


शिवगढ़ सीएचसी में पौध वितरित करते अधिकारी। अमृत विचार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** सरकार की मंशा अनुरूप एक जुलाई से सात जुलाई तक चलाए जा रहे वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। इस दौरान अस्पताल में जन्म लेने वाले नवजात शिशुओं के परिजनों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ सहजन और सागौन के पौधे वितरित किए गए। यह आयोजन वन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात शिशुओं के जन्म के साथ एक पेड़ रोपने की परम्परा को बढ़ावा देना है, जिससे लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग हों और वृक्षों को भी बच्चों की तरह पालें। सीएचसी अधीक्षक डा. प्रेमशरन ने परिजनों से अपील करते हुए कहाकि वे वितरित किए गए पौधों को घर ले जाकर जरूर लगाएं और उनकी नियमित देखभाल करें, ताकि भविष्य में ऑक्सीजन संकट जैसी समस्या उत्पन्न ना हो। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जयराम यादव, वन दरोगा संजय यादव आदि लोग मौजूद रहे।

गतिरात्मवतां सन्तः सन्त एव सतां गतिः।
असतां च गतिः सन्तो न त्वसन्तः सतां गतिः ॥

सज्जन पुरुष सबका सहारा होते है। सज्जन बुद्धिमानों का सहारा होते हैं, सज्जनों का सहारा होते हैं, दुर्जनों का सहारा होते है लेकिन दुर्जन कभी सज्जनों का सहारा नहीं हो सकते।

## संपादकीय

# जटिल वैश्विक चुनौती

यूक्रेन पर रूस का आक्रमण वैश्विक सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। यह युद्ध न केवल यूक्रेन और रूस के बीच एक क्षेत्रीय संघर्ष है, बल्कि इसका व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़ा है। यानी यूक्रेन पर रूस का आक्रमण एक जटिल वैश्विक चुनौती है, जिसका भारत पर भी प्रभाव पड़ रहा है। इस बीच यूक्रेन के शहरों पर रूसी हमले तेज हो चुके हैं। बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले खास हथियारों की सप्लाई पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब यूक्रेन को हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, एयर डिफेंस सिस्टम और तोप के गोलों की आपूर्ति नहीं मिलेगी। यूक्रेनी विशेषज्ञों ने भी अमेरिका के फैसले पर चिंता जताई है। गौरतलब है कि युद्ध ने एक गंभीर मानवीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके विनाशकारी परिणाम हैं। युद्ध के कारण यूक्रेन में व्यापक तबाही हुई है और इसके परिणाम स्वरूप एक गंभीर शरणार्थी संकट भी पैदा हुआ है, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव पड़ा है।

यूक्रेन पर रूसी आक्रामकता 2014 में शुरू हुई थी, जब रूस ने क्रीमिया पर कब्जा कर लिया था और पूर्वी यूक्रेन में अलगाववादियों का समर्थन किया था। 24 फरवरी, 2022 को, रूस ने यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप में सबसे बड़ा संघर्ष है। युद्ध ने दुनिया को अराजकता, अनिश्चितता और अप्रत्याशितता में डाल दिया है। रूस का आक्रमण शीत युद्ध के बाद की व्यवस्था को चुनौती देता है, जो राष्ट्रों के बीच संवाद, सहयोग और राजनीतिक-आर्थिक संबंधों के माध्यम से एक बहुध्रुवीय व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही थी। भारत को रूस और पश्चिम दोनों के साथ अपने संबंधों को संतुलित करना है, जो एक जटिल चुनौती है। भारत को चीन के साथ रूस के बढ़ते संबंधों और चीन और पाकिस्तान दोनों के साथ अपनी सीमा की स्थिति पर भी विचार करना होगा। भारत ने इस मामले में एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है लेकिन उसे अपने हितों को सुरक्षित रखने और वैश्विक सुरक्षा में योगदान करने के लिए चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत इस स्थिति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाया है, न तो रूस की निंदा की है और न ही यूक्रेन का समर्थन किया है। लेकिन वह बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने के पक्ष में है। भारत का मानना है कि विवादों को सुलझाने का एकमात्र तरीका बातचीत है और वह कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को समाप्त करने का समर्थन करता है।

# कंक्रीट के जंगलों में पानी की बगावत



वीरेंद्र कुमार
स्वतंत्र लेखक

शहरों में जलभराव की समस्या केवल जल निकासी प्रणाली की विफलता से नहीं, बल्कि भूमि उपयोग के बदलते स्वरूप और शहरी भूगोल की अनदेखी से भी जुड़ी है। प्राकृतिक जलमार्गों और झीलों को पाटकर बनाए गए मॉल, सोसाइटी और सड़कें वर्षा जल के प्रवाह को रोक देती हैं।

शहरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब वही विस्तार मानसून की पहली तेज बारिश में घुटनों तक पानी में डूबा दिखे, तो यह विकास एक विडंबना बन जाता है। भारत के कई तथाकथित स्मार्ट सिटी : जैसे गुरुग्राम, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई, हर साल बारिश के मौसम में जलभराव, ट्रैफिक जाम और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की खबरों में छा जाते हैं। कारण स्पष्ट हैः तेजी से होता शहरीकरण, कंक्रीट की भरमार और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था। आंकड़े बताते हैं कि भारत के 100 स्मार्ट सिटीज़ में से 80 से अधिक शहरों में मानसून के दौरान जलभराव आम समस्या है। उदाहरण के तौर पर, बेंगलुरु में 2022 की भारी बारिश में लगभग 8,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान हुआ था। यह तब हुआ जब बेंगलुरु को देश का टेक हब और स्मार्ट प्लानिंग का मॉडल माना जाता है। असल में, जब शहरों की योजना बनती है तो अक्सर बारिश के पानी की निकासी को लेकर सतही नजरिया अपनाया जाता है। जलनिकासी नालों की चौड़ाई कम रखी जाती है, पुराने ड्रेनेज सिस्टम को अपडेट नहीं किया जाता और वर्षाजल को दोबारा इस्तेमाल करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जाती। परिणामस्वरूप, थोड़ी सी भारी बारिश भी सड़कों को दरिया बना देती है और बुनियादी ढांचा भरभराकर गिरने लगता है। यह विडंबना तब और बढ़ जाती है जब स्मार्ट सिटी की परिकल्पना ही बेहतर जीवन, पर्यावरणीय संतुलन और तकनीकी दक्षता के नाम पर की गई हो। ज़ाहिर है, समस्या सिर्फ बारिश की नहीं, हमारी योजना और प्राथमिकताओं की भी है।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के कई शहरों में 40–60 प्रतिशत वर्षा जल बहकर सीवर में चला जाता है, जबकि इसे संग्रह कर जल संकट का समाधान बनाया जा सकता था। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब नगर निगमों के पास न तो जल निकासी की नियमित सफाई की योजना होती है, न ही अतिक्रमण हटाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति। अक्सर देखा गया है कि नालियां

भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी।

प्लास्टिक और मलबे से पूरी तरह जाम होती हैं, और मानसून के ठीक पहले कोई आपातकालीन सफाई अभियान दिखावे के लिए चलाया जाता है। तकनीक और डेटा एनालिटिक्स के इस युग में जब हम ट्रैफिक मूवमेंट से लेकर कचरे के वजन तक को ट्रैक कर सकते हैं, तब बारिश के पानी की दिशा और दबाव को मैप करने की कोई ठोस व्यवस्था न होना हमारी प्राथमिकताओं को उजागर करता है। यह विडंबना भी ध्यान देने योग्य है कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट्स में करोड़ों खर्च हुए हैं, लेकिन इन्वेसमेंट का एक छोटा हिस्सा भी 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन प्लानिंग' की ओर नहीं गया। ऐसे में पानी की बगावत नहीं, उसकी अवहेलना ही असली गुनहगार है।

भारत सरकार ने 2015 में 'स्मार्ट सिटी मिशन' की शुरुआत बड़े जोर-शोर से की थी, जिसके अंतर्गत 100 शहरों को तकनीकी रूप से उन्नत, पर्यावरण-संवेदनशील और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने का लक्ष्य रखा गया। इस योजना के तहत हर शहर को करोड़ों रुपये का आवंटन किया गया, जिसमें जल प्रबंधन और वर्षाजल निकासी को भी प्रमुखता देने की बात कही गई थी। लेकिन ज़मीनी हकीकत इससे काफी अलग है। स्मार्ट सिटी प्रगति रिपोर्ट (2023) के अनुसार, कुल 7,800 से अधिक परियोजनाओं में से मात्र 8 प्रतिशत ही ऐसे प्रोजेक्ट थे जो जल निकासी या जल संरक्षण से जुड़े थे। बाकी धनराशि अधिकतर सड़कों, वाई-फाई ज़ोन, और एलईडी लाइट्स जैसी परियोजनाओं पर खर्च हुई। उदाहरण के लिए, भोपाल स्मार्ट सिटी में करोड़ों रुपये की लागत से साइकिल ट्रैक और ई-गवर्नेंस सिस्टम विकसित किया गया, परंतु मानसून में मुख्य बाज़ार क्षेत्र हर साल पानी में डूब जाता है। दूसरी ओर, 'अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन' (एएमआरयूटी) जैसी योजनाओं ने कुछ हद तक पानी की पाइपलाइन और सीवरेज सुधारने का काम किया, लेकिन व्यापक ड्रेनेज पुनर्निर्माण और जल पुनर्चक्रण को लेकर गंभीरता नहीं दिखी। कई नगर निकायों के पास इंजीनियरिंग और प्लानिंग का तकनीकी स्टाफ ही नहीं है जो वर्षा जल प्रवाह का वैज्ञानिक आंकलन कर सके। इसके अलावा, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का मूल्यांकन अक्सर सतही रूप से किया गया, जिसमें वर्षाजल संकट या जलभराव जैसी समस्याओं को मात्र "इंसीडेंट" मानकर नज़रअंदाज़ किया गया। सरकार ने दिशा तो तय की, लेकिन ज़मीन पर उसका क्रियान्वयन अधूरा, बेमेल और तकनीकी दृष्टि से कमज़ोर रहा।

जबकि वहीं दूसरी और विकसित देशों ने शहरी जल प्रबंधन को सिर्फ बुनियादी ढांचे की नहीं, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से भी देखा है। सिंगापुर इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है, जहाँ 'सक्रिय, सुन्दर, स्वच्छ जल' (एबीसी वाटर्स) कार्यक्रम के तहत वर्षा जल को संग्रह करने, शुद्ध करने और दोबारा उपयोग में लाने की संरचना बनाई गई है। शहर के हर बड़े प्रोजेक्ट में 'वॉटर सेंसिटिव अर्बन डिज़ाइन' अनिवार्य है, जिसमें फुटपाथ से लेकर पार्किंग ज़ोन तक में ऐसा डिज़ाइन होता है कि पानी ज़मीन में समा सके या संग्रहित हो जाए। नीदरलैंड्स ने जल प्रबंधन को अपने राष्ट्रीय अस्तित्व का मुद्दा माना है और वहां के शहरों में 'तैरते पड़ोस' जैसी योजनाएं तक बनी हैं, जो बाढ़ की स्थिति में जल पर तैरती रहें। टोक्यो में भारी वर्षा के समय सैकड़ों लाख गैलन पानी भूमिगत सुरंगों में संग्रह कर लिया जाता है। चीन ने हाल के वर्षों में 'स्पंज सिटी' योजना लागू की, जिसमें शहरों को इस तरह डिज़ाइन किया जा रहा है कि वे बारिश के पानी को सोख सकें, स्टोर कर सकें और जरूरत के समय वापस छोड़ सकें : जैसे प्राकृतिक स्पंज काम करता है। इन देशों के प्रयास इस विचार पर आधारित हैं कि पानी को दुश्मन मानकर हटाया नहीं जाना चाहिए, बल्कि उसे मित्र मानकर संभाला जाना चाहिए। उनके यहां वर्षा जल निकासी का मतलब केवल पानी निकालना नहीं, बल्कि उसे उपयोगी बनाना भी है। भारत जैसे देश को इन सफल मॉडलों से सीखकर अपने स्थानीय संदर्भ में स्मार्ट, टिकाऊ और व्यवहारिक समाधान अपनाने होंगे, वरना हर बारिश एक नई आपदा में तब्दील होती रहेगी।

यदि भारत को वास्तव में स्मार्ट सिटीज़ के साथ स्मार्ट मानसून मैनेजमेंट की ओर बढ़ना है, तो सबसे पहले वर्षा जल को 'वेस्ट' नहीं, 'रिसोर्स' की तरह देखना होगा। शहरों की प्लानिंग में वर्षा जल को संरक्षित करने, उसे रिचार्ज ज़ोन में भेजने और दोबारा उपयोग की व्यवस्था को अनिवार्य करना होगा। इसके लिए "रेन वॉटर हार्वेस्टिंग" सिस्टम को सिर्फ कानूनों की किताबों में नहीं, ज़मीन पर लागू करना होगा - सख्ती और निगरानी के साथ। स्कूल, मॉल, सरकारी भवन और अपार्टमेंट्स को इसके लिए जवाबदेह बनाया जाए और नगर निगम इसकी समय-समय पर ऑडिटिंग करे। इसके अलावा, पारंपरिक जल निकासी प्रणालियां जैसे झील, नाले और जोहड़, जिन्हें शहरीकरण की दौड़ में समाप्त कर दिया गया, उन्हें पुनर्जीवित किया जाना चाहिए। सरकार को अपने बजट आवंटन में जल प्रबंधन और ड्रेनेज सिस्टम को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए, केवल सड़कें और डिजिटल बोर्ड लगाने से शहर स्मार्ट नहीं बनते। जीआईएस और एआई आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से यह मुमकिन है कि हर बारिश के पहले यह पता चल सके कि किस इलाक़े में जलजमाव की आशंका है और पहले से ही वहां राहत दल या जल निकासी के साधन तैनात किए जा सकें। भारत को आवश्यकता है एक समेकित, दीर्घकालिक और विज्ञान आधारित योजना की, जिसमें केवल 'प्रोजेक्ट्स' नहीं, एक टिकाऊ जीवनशैली का लक्ष्य हो।

## प्रसंगवश

# जरूरतमंद रोगियों को जीवन देगी 'ई-रक्त कोष' मुहिम

रक्त की कमी से किसी व्यक्ति का जीवन खतरे में न पड़े, इस दिशा में केंद्र सरकार ने बेहतरीन मानवीय कदम उठाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की (डब्ल्यूएचओ) की हालिया रिपोर्ट में प्रत्येक चौथे भारतीयों में खून की कमी बताई है जिसके चलते भविष्य में मरीजों की सख्याओं में बेतहाशा वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, खून की कमी आज से नहीं, बल्कि बीते कुछ वर्षों से कुछ ज्यादा ही महसूस हुई है। अस्पतालों में भर्ती मरीज को समय से ब्लड नहीं मिलने पर जान गंवाते हैं। जरूरत के वक्त 'रेयर ब्लड' का मिलता तो संभव ही नहीं होता? डोनर भी अब ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाते। हम-आप में ऐसे तमाम भुक्तभोगी होंगे, जब विकट समस्याओं के वक्त खून मांगने पर देश के 'ब्लड बैंक' सफेद हाथी हुए हों? पर, हां ब्लैक और मुंह मांगी कीमतों पर अस्पतालों के ईद-गिर्द मंडराते दलाल असहजता से खून आज भी मुहैया करवा देते हैं। तब ताज्जुब होता है कि आखिरकार उनके पास खून कहां से आता है। तल्ख़ सच्चाई ये है, वो खून वही होता है जिसे हम-आप रक्तदान के नाम पर इनको देकर चले जाते हैं?



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है।

भारत में रोजाना तकरीबन 1200 से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटती हैं, इसके अलावा देशभर के अस्पतालों में रोज 5 से 6 करोड़ विभिन्न प्रकार की सर्जरी होती हैं, सभी में ब्लड की जरूरत होती है। इस जरूरत को पूरा करने की चुनौती स्वास्थ्य तंत्र के पास पहाड़ जैसी खड़ी होती है। यही कारण है कि दिनों दिन ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता बढ़ रही है। तभी, केंद्र सरकार के आदेशानुसार केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने समूचे हिंदुस्तान में दुर्लभ रक्त की उपलब्धता को पूरा करने के लिए एक नायाब तरीका खोजा है। 'राष्ट्रीय ऑनलाइन ई-रक्त कोष' को सरकार ने एकीकृत किया है। दरअसल, ऐसा पोर्टल या मंच होगा जहां से मरीजों को हर प्रकार के खून की उपलब्धता मात्र एक क्लिक में पूरी हो जाया करेगी। योजना की रूपरेखा 'भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद' के तहत मुंबई स्थित 'राष्ट्रीय इम्यूनो हेमेटोलॉजी संस्थान' ने तैयार की है। परियोजना का नामकरण 'दुर्लभ रक्तदाता रजिस्ट्री' रखा गया है। जहां सामान्य, दुर्लभ व रेयर ब्लड की उपलब्धता चौबीसों घंटे रहा करेगी। थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसे रोगियों के लिए तो योजना नया जीवन देने का काम करेगी। केंद्र सरकार और स्वास्थ्य मंत्रालय के पास ब्लड की ब्लैकमेलिंग से संबंधित सालाना हजारों की संख्याओं में शिकायतें पहुंचती हैं। ब्लड के नाम पर देश के अस्पतालों में बड़ा रैकेट सक्रिय है। भारत में रक्तदान के नाम पर लोग गोरखधंधा करते हैं। 'ब्लड ठग' खास दिवसों पर विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर लगाकर डोनरों से झूठ बोलकर ब्लड लेते हैं फिर उसे अस्पतालों में बेचते हैं। 143 करोड़ जनसंख्या वाले भारत में इस वक्त करीब 4 से 5 लाख ब्लड बैंक रजिस्टर्ड हैं, लेकिन ज्यादातर कागजों में ही सक्रिय हैं। कुछ ही 'ब्लड बैंक' ऐसे हैं जो वास्तव में जमीन पर काम कर रहे हैं। अगर सभी ब्लड बैंक ईमानदारी से काम करते तो केंद्र सरकार को 'ऑनलाइन ई-रक्त कोष' बनाने जरूरत नहीं पड़ती।

इस सरकारी 'रक्त पोर्टल' को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्यून हेमेटोलॉजी के अलावा अन्य चार सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर 4,000 सावधानीपूर्वक जांचे गए रक्तदाताओं का डेटाबेस बनाया है, जिनका 300 से अधिक दुर्लभ रक्त मार्करों के लिए परीक्षण किया गया। इससे चिकित्सकों को दुर्लभ और विशेष रूप से मिलान किए गए रक्त को जल्दी से खोजने में मदद मिलेगी। भारत भर के रोगियों की मदद के लिए रेयर डोनर रजिस्ट्री ऑफ इंडिया प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है। योजना का मकसद 'कोई भी मरीज रक्त की कमी के चलते अपना जीवन न खोए' है।

# चेतावनियों को नजरंदाज करने से आई तबाही

सुंदर, शांत, सुरम्य हिमाचल प्रदेश में इन दिनों मौत का सन्नाटा है। छोटे से राज्य का बड़ा हिस्सा अचानक आई तेज बरसात और जमीन खिसकने से कब्रिस्तान बना हुआ है तो जहां आपदा आई नहीं वहां के लोग भी आशंका में जी रहे हैं। आषाढ़ में मानसून की पहली बौछार के साथ ही कई जिलों, विशेषकर कुल्लू और धर्मशाला, में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं। इससे कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हुआ। याद रखना होगा कि पिछली एक सदी में हिमाचल प्रदेश क औसत तापमान मने 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई। जाहिर है की इससे मौसम का मिजाज गड़बड़ा रहा है और अचानक तेज बारिश हो रही हैं। हिमाचल में 2024 के मानसून में 18 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गईं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण वायुमंडल में नमी की मात्रा बढ़ गई है, जिससे भारी बारिश और बादल फटने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। इसका दोष नैसर्गिक जलवायु परिवर्तन से अधिक, पहाड़ों से जंगल कटाई, शहरीकरण और आबादी में बेतहाशा बढ़ोतरी, पर्यटन के नाम पर वाहनों की आमद दरफ्त बढ़ना, पहाड़ों पर बोझ बढ़ना आदि अधिक है। नदियों की अविरल धार रोकने से भूमि कटाव, नदियों का उथला होना और ग्लेशियर के पिघलने से अचानक बढ़ते जल स्तर आदि से वायुमंडल में नमी इतनी बढ़ती है कि बीते पांच सालों में कई बार बादल फटने की घटना हुई। इसी साल 14-15 फ़रवरी को आई आई टी, बॉम्बे में संपन्न दूसरे इंडियन क्रायोस्फीयर मीट (आईसीएम) में आईआईटी रोपड़ के वैज्ञानिकों ने एक शोध पत्र प्रस्तुत कर बताया था कि हिमाचल राज्य का 45 प्रतिशत से ज़्यादा हिस्सा बाढ़, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाओं से ग्रस्त है। 5.9 डिग्री और 16.4 डिग्री के बीच औसत ढलान वाले और 1,600 मीटर तक की ऊंचाई वाले क्षेत्र विशेष रूप से भूस्खलन और बाढ़ दोनों के लिए प्रवण हैं। इस मीटिंग में दुनिया भर के लगभग 80 ग्लेशियोलॉजिस्ट, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। इतनी स्पष्ट चेतावनी के बावजूद न समाज चेता, न ही सरकार।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं।

नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी, इसरो द्वारा तैयार देश के भूस्खलन नक्शे में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों को बेहद संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। देश के कुल 147 ऐसे जिलों में संवेदनशीलता की दृष्टि से मंडी को 16 वें स्थान पर रखा गया है। यह आंकड़ा और चेतावनी फाइल में सिसकती रही और इस बार मंडी में तबाही का भयावह मंजर सामने आ गया।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 97.42 प्रतिशत भूस्खलन की संभावना में है। हिमाचल सरकार की डिज़ास्टर मैनेजमेंट सेल द्वारा प्रकाशित एक "लैंडस्लाइड हैज़ार्ड रिस्क असेसमेंट" अध्ययन ने पाया कि बड़ी संख्या में हाइड्रोपावर स्थल पर धरती खिसकने का खतरा है। लगभग 10 ऐसे मेगा हाइड्रोपावर प्लांट, स्थल मध्यम और उच्च जोखिम वाले भूस्खलन क्षेत्रों में स्थित हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से सर्वेक्षण कर भूस्खलन संभावित 675 स्थल चिन्हित किए है। चेतावनी के बाद भी किन्नौर में, एक हज़ार मेगा वाट की करचम और 300 मेगा वाट की बासपा परियोजनाओं पर काम चल रहा है। एक बात और समझना होगा कि "वर्तमान में बारिश का तरीका बदल रहा है और गर्मियों में तापमान सामान्य से कहीं अधिक पर पहुंच रहा है। ऐसे में मेगा जलविद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने की नीति को एक नाजुक और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील क्षेत्र में लागू किया जा रहा है।

यदि गंभीरता से देखें तो यह हालात भले ही आपदा से बने हों लेकिन इन आपदाओं को बुलाने में इन्सान की भूमिका भी कम नहीं हैं। जब दुनियाभर के शोध कह रहे थे कि हिमालय पर्वत जैसे युवा पहाड़ पर पानी को रोकने, जलाशय बनाने और सुरंगे बनाने के लिए विस्फोटक के इस्तेमाल के अंजाम अच्छे नहीं होंगे, तब हिमाचल की जल धाराओं पर छोटे-बड़े बिजली संयंत्र लगा कर उसे विकास का प्रतिमान निरुपित किया जा रहा था। यह सच है कि विकास का पहिया बगैर अच्छी सड़कों और उर्जा के घूम नहीं सकता लेकिन इसके लिए ऐसी परियोजनाओं से बचा जाना चाहिए जो कि कुदरत की अनमोल देन कहे जाने वाले हिमालय पहाड़ के मूल स्वरूप पर खतरा हों। खासकर प्रकृति-मित्र पर्यटन गतिविधियों को कड़ाई से पालन करने का वक्त या गया है वरना समूचे राज्य पर अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है।

## सोशल फोरम

# आवागमन का गीता ज्ञान

सड़कों मे गड्ढे होना बेहद जरूरी। गड्ढों में झांक कर देखिए। गड्ढे ज्ञान का स्रोत। स्कूल कॉलेजों में किताबी ज्ञान मिलेगा आपको। असली ज्ञान सड़कों के गड्ढों में छुपा बैठा होता है। विचार कीजिए। आप अपनी धुन मे चले जा रहे हैं, अचानक सड़क किसी बडे गड्ढे में घुस जाती है। फिर आप खुद गड्ढे में होते हैं। आप फूटा सर लिए छिले हुए घुटनों के सहारे खड़े होते हैं। आप तय नहीं कर पाते कि सड़कों पर गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क हैं। ऐसे में कबीर याद आते हैं फिर। जल में कुंभ ,कुंभ में जल है बाहर भीतर पानी। फूटा कुंभ जल जल ही समाना यह तथ कह्यो ग्यानी।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

खराब सड़कों पर सफर करना मुश्किल पर गड्ढों से सफलता पूर्वक गुजर कर मंजिल तक पहुंचने में जो संतोष मिलता है, उसे हवाई जहाज में उड़ने वाले महसूस नहीं कर सकते। सुबह घर से निकलने के बाद शाम को ज़िंदा घर पहुंचने में जो रोमांच है उसे लफ्जों में बयान नहीं किया जा सकता।

सड़कें, चाहे कितनी भी अच्छी हों, समय के साथ खराब हो जाती हैं। क्षणभंगुर जीवन जैसी सड़कें जल्दी जल्दी खराब होने के लिए बनाई जाती हैं ताकि दोबारा फिर बनाई जा सकें। वे भी हमारी ही तरह पैदा होती है मरती हैं और फिर जन्म लेती है। ये आवागमन का गीता ज्ञान है। सड़कों के गड्ढे हमें सिखाते है कि ज़िंदगी का कोई ठिकाना नहीं इसलिए हमें शांत और भला बना रहना चाहिए। खराब सड़कें हमें धीमा करती है। जल्दी पहुंचने की बेचैनी से मुक्त करती है और थोडे में संतुष्ट रहना सिखाती है। सड़कों के गड्ढे सादगी भरे गांधीवादी दर्शन का प्रतिनिधित्व करते है। इसलिए ये अच्छे हैं।

खराब सड़कें को दिक्कतों मे गिनना ,उसके गड्ढों को लेकर टसुए बहाना आपकी अपरिपक्वता को दर्शाता है। सड़कों के गड्ढे हमें जीवन की अपूर्णताओं को स्वीकार करने और आत्म-चिंतन का पाठ पढ़ाने के लिए हैं। ये खराब वक्त जैसे हैं जो हमे आंतरिक रूप से शांत और संतुलित करते हैं। जगत मिथ्या है और गड्ढे सत्य हैं। हम नश्वर है किंतु गड्ढे चिरंजीवी हैं। वो हमें बेहतर बनाने के लिए हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# सेहत पर भारी पड़ रही रील्स देखने की आदत

आजकल बुरी लत की कैटेगरी में सिगरेट-शराब पीना, जुआ खेलना, सिर्फ यही चीजें नहीं शामिल, बल्कि हाल-फिलहाल मोबाइल में दिनभर रील्स देखना भी एक तरह का एडिक्शन माना जा रहा है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को पता होता है कि उसका समय बर्बाद हो रहा है, काम प्रभावित हो रहा है, लेकिन फिर भी वो रील्स की दुनिया से बाहर नहीं निकल पाता।

छोटे बच्चे तो इसके ऐसे आदि हो चुके हैं कि उन्हें खिलाने से लेकर सुलाने तक के लिए अब मां-बाप रील्स का ही सहारा ले रहे हैं। सोने से पहले घंटों रील्स देखना और सुबह आंख खोलते ही फोन, मैसेज और सोशल मीडिया पर एक्टिव होने से शरीर कई बीमारियों को न्योता देने लगता है। रील्स देखने की बढ़ती आदत स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रही है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, बहुत अधिक रील्स देखने की आदत सेहत के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकती है। यह आपके किसी काम पर लंबे समय तक ध्यान केंद्रित करने की क्षमता, मेंटल हेल्थ को तो प्रभावित करती ही है साथ ही लंबे समय तक रील्स देखते रहने से शारीरिक सक्रियता कम होती है। यानि की बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में तेजी से बढ़ती ये आदत दीर्घकालिक रूप से सेहत को गंभीर क्षति पहुंचाने वाली हो सकती है।



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है।

मनोचिकित्सकों का कहना है कि रील्स बनाना एक प्रकार की लत है। इससे बचने की जरूरत है। वर्चुअल दुनिया लोगों को शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से बीमार कर रही है। रील्स भी सोशल मीडिया एडिक्शन का ही एक हिस्सा है। हर उम्र के लोग इन रील को घंटों तक बिना किसी से बात किए एक जगह पर बैठे देखते रहते हैं। इस लत के चलते लोगों में जो सबसे बड़ी समस्या देखने को मिल रही है, वो है डिप्रेशन। वीडियो देखने वाला शख्स खुद को वीडियो में मौजूद शख्स से कम्पेयर करने लगता है। वो भी उसकी तरह दिखना चाहता है, उसकी तरह जिंदगी जीना चाहता है और जब ऐसा नहीं होता, तो गुस्सा, चिड़चिड़ापन होना लाजमी है। धीरे-धीरे ये तनाव डिप्रेशन में बदल जाता है। यह लत खासकर बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बच्चों के दिमाग पर रील्स का असर खतरनाक होता है। रील्स देखने से बच्चों का 'अटेंशन स्पैन' तेजी से कम होता है। जिसकी वजह से वे भुलक्कड़ हो जाते हैं और उनकी सीखने की रफ्तार भी धीमी हो जाती है।

कई रिसर्च के मुताबिक साल 2000 के आसपास बच्चों का औसत अटेंशन स्पैन 12 सेकेंड था, जो अब घटकर 8 सेकेंड रह गया है, लेकिन ज्यादा रील्स देखने वाले बच्चों का अटेंशन स्पैन 8 सेकेंड से भी कम होता है। असल में, शॉर्ट वीडियोज ने बच्चों के दिमाग को भी शॉर्ट टेंपर्ड बना दिया है; वे सब कुछ जल्दी चाहते हैं। किसी चीज के लिए इंतजार नहीं करना चाहते। इसका नेगेटिव असर उनके सीखने और याद करने की क्षमता पर भी पड़ता है। बच्चे पढ़ाई से दूर होते जा रहे है।

इसके साथ ही मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि यह रील देखने की लत सामाजिक अलगाव, मानसिक थकान और 'संज्ञानात्मक अधिभार' यानी जरूरत से अधिक सूचना का संग्रह जैसी चिंताजनक प्रवृत्ति को जन्म दे रहा है। लोगों का संबंध भी वास्तविक दुनिया से कटता जा रहा है और वे आभासी दुनिया के गुलाम बनते जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक रिश्ते खराब हो रहे हैं। साथ ही बच्चों का ध्यान शिक्षा के प्रति कम होता जा रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ तो यहां तक कह रहे हैं कि शॉर्ट वीडियो देखने की यह लत आपकी बॉडी क्लॉक को बिगाड़ रही है।

चीन के तियानजिन नॉर्मल यूनिवर्सिटी और अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स के वैज्ञानिकों की मानें तो रील एडिक्शन वाले लोग न सिर्फ दूसरों की तुलना में एक अलग ब्रेन मॉर्फोलॉजी या स्ट्रक्चर डेवलप करते हुए दिखाई देते हैं। बल्कि इस लत वाले लोग "पर्सनलाइज्ड कंटेंट को हद से ज्यादा कंज्यूम करते हैं, यह इस हद तक होता है कि ये इनकी दूसरी एक्टिविटीज में निगेटिव तरीके से दखल देने लगता है। साइंस जर्नल न्यूरो इमेज में छपे एक रिसर्च पेपर के अनुसार, ''शॉर्ट-वीडियो एडिक्शन एक बढ़ती हुई व्यवहारिक और सामाजिक समस्या के रूप में उभरा है। यह अब समाज में एक महामारी का रूप ले चुका है। रील्स का अत्यधिक प्रयोग दिमाग के फोकस पर भी बुरा असर डाल रहा है। सोशलाइजेशन वाली स्किल तो इस वजह से इनकी मरती जा रही है, जिसकी वजह से लोग परिवार और दूसरे लोगों से बातचीत करना पसंद नहीं कर रहे हैं। इस वजह से एंग्जाइटी और आइसोलेशन की समस्या खड़ी हो रही है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# रेलवे ने यात्री किराए में की वृद्धि, अनारक्षित से लेकर आरक्षित टिकट हुए महंगे

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेल प्रशासन ने 1 जुलाई 2025 से अपने यात्री किराए में भी बढ़ोतरी कर दी है। रेल प्रशासन द्वारा रेल किराए में की गई बढ़ोतरी को स्पष्ट रूप से रेल यात्रियों के सामने नहीं रखा गया है। हालांकि अनारक्षित टिकट पर 100 किलोमीटर से ऊपर की यात्रा पर 5 रुपये और सुपरफास्ट ट्रेन से यात्रा करने पर भी 5 रुपये की किराए में बढ़ोतरी की है, जबकि कुछ रेलवे स्टेशन ऐसे हैं जहां पर रेलवे ने किराए में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की है। अनारक्षित टिकट लेकर हरदोई से लखनऊ तक की यात्रा करने पर रेल यात्रियों को मेल एक्सप्रेस से लेकर सुपरफास्ट ट्रेन से



**बदलाव**

- 1 जुलाई से लखनऊ के लिए चुकाना पड़ रहा ज्यादा किराया

यात्रा करने पर 5 रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। हरदोई से प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में यात्री अनारक्षित टिकट लेकर लखनऊ की यात्रा करते हैं। रेल प्रशासन द्वारा स्लीपर से लेकर एसी तक के किराए में वृद्धि की है जिसका असर अब आरक्षण कराने वाले रेल यात्रियों पर दिख भी रहा है। 1 जुलाई से रेल प्रशासन ने किराए में वृद्धि कर दी है।

रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से लखनऊ तक के किराए में 5 रुपये तक की वृद्धि की है 30 जून तक हरदोई से लखनऊ का किराया अनारक्षित टिकट का 50 रुपये मेल एक्सप्रेस का वहीं 65 रुपये सुपरफास्ट एक्सप्रेस का लगता था जो की एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस का 55 रुपये और सुपरफास्ट एक्सप्रेस का 70 रुपये लग रहा है। भगवान श्री राम के नगरी अयोध्या जाना भी अब महंगा हो गया है। 30 जून तक हरदोई से अयोध्या जाने के लिए मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में अनारक्षित टिकट का रेल यात्रियों को 90 रुपये और सुपरफास्ट एक्सप्रेस का 105 रुपए देना पड़ रहा था जो कि एक जुलाई से मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का 95 रुपए और सुपरफास्ट एक्सप्रेस का 110 रुपये देना पड़ रहा है। इसी तरह मुरादाबाद, हरिद्वार, हरदोई से आनंद विहार, हरदोई से मेरठ वाया हापुड़, वाया सहारनपुर होते हुए मेरठ, हरदोई से अंबाला, लुधियाना, बरेली जाने के लिए अधिक जेब ढीली करनी पड़ रही है। रेल प्रशासन द्वारा 100 किलोमीटर से ऊपर की यात्रा करने पर पांच रुपये की वृद्धि मेल एक्सप्रेस ट्रेन के अनारक्षित टिकट पर में और पांच रुपये की वृद्धि सुपरफास्ट एक्सप्रेस के अनारक्षित टिकट पर की है। रेल प्रशासन द्वारा हरदोई से संडीला बालामऊ शाहजहांपुर आलमनगर आंझी शाहाबाद नई दिल्ली के किराए में किसी भी प्रकार की कोई भी वृद्धि नहीं की है।

## स्लीपर और एसी के किराए में किलोमीटर पर हुई वृद्धि

हरदोई, अमृत विचार। आरक्षण कराकर ट्रेन से यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को भी अपनी जेब ढीली करनी होगी। रेल प्रशासन द्वारा आरक्षण कराने वाले रेल यात्रियों पर भी किराए का बोझ डाल दिया है। रेल प्रशासन द्वारा स्लीपर क्लास के किराए एक पैसे प्रति किलोमीटर की दर से बढ़ोतरी की है जबकि एसी क्लास में यात्रा करने वाले रेल यात्रियों के किराए में दो पैसे प्रति किलोमीटर की दर से बढ़ोतरी की गई है। हरदोई से नई दिल्ली स्लीपर क्लास में आरक्षण कराकर यात्रा करने पर लगभग 5 से 10 रुपये की बढ़ोतरी हुई है जबकि ऐसी क्लास में यात्रा करने पर 10 से 15 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। रेल यात्रियों पर रेल प्रशासन ने पैसे में बढ़ोतरी की है। रेल अधिकारियों ने बताया कि कई वर्षों बाद रेल प्रशासन ने कुछ पैसे ही किराए में बढ़ाए हैं। रेल यात्रियों पर इसका बोझ ना के बराबर रहेगा। कुछ रेलवे स्टेशन के किराए को राउंड ऑफ भी किया गया है। रेल अधिकारियों ने बताया कि खुले रुपए को लेकर काफी समस्या होती थी जिसको रेल प्रशासन ने समाप्त करने के लिए रेल किराए को और राउंड ऑफ कर दिया है।

## क्या बोले रेल यात्री

रेल यात्रियों ने कहा कि किराए में वृद्धि हुई है तो रेल प्रशासन को यात्रियों को सहूलियत भी देनी चाहिए। स्लीपर क्लास में अनारक्षित टिकट लेकर भारी संख्या में रेल यात्री यात्रा करते हैं। ऐसे में आरक्षण कराने का क्या लाभ मिल रहा है। रेल प्रशासन को इस बाबत गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और अनारक्षित टिकट के यात्रियों को भी सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। रेल यात्रियों ने कहा कि रेल प्रशासन को छोटी दूरी के लिए पैसेंजर और मेमू ट्रेनों को बढ़ावा देना चाहिए जिससे कि मेल एक्सप्रेस में अनारक्षित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या कम हो और स्लीपर से लेकर एसी में बैठ रहे अनारक्षित टिकट के यात्रियों की संख्या समाप्त हो सके। रेल यात्रियों ने कहा कि रेल प्रशासन को वर्तमान में ट्रेनों की स्थिति को देखते हुए कोई ठोस कदम उठाना चाहिए था जिसके बाद किराए में वृद्धि की जाती तो अच्छा था।

## एक नजर

### दहेज हत्या के आरोपियों को नहीं पकड़ रही पुलिस

**हरदोई, अमृत विचार।** ससुराल में पुत्री की हत्या करने वाले आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। मृतका के पीड़ित पिता ने एसपी से गुहार लगाई है। देहात कोतवाली के ग्राम नीर निवासी शिवराज सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने के चलते 27 जून ससुराल वालों ने बेटी की हत्या कर दी। जिसका मुकदमा दर्ज है, लेकिन पुलिस ने बेटी की सास को ही तक गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहा है और पीड़ित को धमकी दे रहा है।

### युवक ने बाग में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, बघौली, अमृत विचार।** शाम को खाना खाने के बाद घर में सोया युवक रात में किसी समय बाग में जाकर फांसी लगा ली। सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बघौली थाने के खादरपुरवा मजरा कसमण्डी निवासी विनोद कुमार तिवारी का 20 वर्षीय पुत्र अनुज तिवारी मंगलवार की शाम घर में था। उसने खाना खाया और कुछ देर टहलने-घूमने के बाद सो गया। बताते हैं कि अनुज देर रात नींद से उठा और घर से बाहर निकल कर अपने बाग में जाकर फांसी लगा ली। बुधवार की सुबह कुछ गांव वाले बाग की तरफ पहुंचे तो वहां अनुज का शव फांसी पर लटका देखा।

### जिम्मेदारों के संरक्षण में हो रहा कच्ची शराब का धंधा

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** रोक लगाने के लिए जिम्मेदार विभागों के संरक्षण में कच्ची शराब बनाने व बेंचने का अवैध धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। जहां महिलाएं व बच्चों से सरेआम कच्ची शराब बिकवाई जा रही है। ज्यादातर लोग घर के ही बच्चों से यह धंधा करा रहे हैं। बाहरी गांव के लोग गांव में आते हैं और बेझिझक सस्ते दामों में झोला भर कर कच्ची शराब ले जाते हैं। जिन्हें वे उचित दामों में बेचते हैं। यह धंधा कई वर्षों से चला आ रहा है। यह मामला बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के कई गांवों में सिकंदरपुर बाजार, मवैया, अत्तापुरवा, मोहिउद्दीनपुर, उमरौली जैसे कई अन्य गावों में का है, जहां पर यह धंधा तेजी से चल रहा है।

# मरीजों को मिलें बेहतर सुविधाएं : डीएम

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में संस्थागत प्रसव पर दिया गया जोर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने रोगी कल्याण समिति के बजट दस्तावेजों को देखा। उन्होंने कहा कि रोगी कल्याण समिति में धनराशि जुटाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किये जाएं। मरीजों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाया जाये। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाई जाये। विभिन्न प्रकार की सर्जरी के लिए प्रत्येक सर्जन का एक लक्ष्य निर्धारित किया जाये। 100 बेड अस्पताल में बेरा जांच की संख्या बढ़ाई जाये। मरीजों के लिए पेयजल, शौचालय व अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जाये। मरीजों के लिए सूचना डेस्क स्थापित की जाये। आयुष्मान कार्ड के लिए एक अलग हेल्प डेस्क बनवाया जाये। जिला अस्पताल के सभी सीसीटीवी की सक्रियता सुनिश्चित की जाये। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाये। 100 बेड अस्पताल में 15 बेड की एक अतिरिक्त एनआरसी स्थापित करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाये। श्रावण से पूर्व यात्रा मार्ग की प्रत्येक सीएचसी में बर्न मरीजों हेतु कम से कम 2 बेड आरक्षित किये जाएं। मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए शासन को प्रेषित करने हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, सीएमएस 100 शय्या अस्पताल अनिल कुमार शुक्ल व अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार

### स्कूलों में उपलब्ध करायी जाये आयुष की निवारक किट

**हरदोई, अमृत विचार।** आयुष विभाग की बैठक में जिलाधिकारी ने आयुर्वेद विभाग के कई डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के अवशेष विद्युत संयोजन का कार्य जल्द पूर्ण किया जाये। प्रत्येक विकास खण्ड के कुछ विद्यालयों में आयुष की निवारक किट उपलब्ध करायी जाये। प्रारम्भ में इसको पायलट आधार पर किया जाये। शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाये। अभिभावकों से भी से संवाद किया जाये। आयुष से सम्बंधित सभी विभाग समन्वय कर कार्य योजना तैयार कर लें। टेली कंसल्टेशन के माध्यम से मरीजों की सहायता की जाये। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. आशा रावत मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने शहर की साफ-सफाई का देखा हाल, नियमित कूड़ा उठाने का निर्देश

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** कचड़ा निकाल कर सड़कों पर फेंक देना तथा काफी समय तक न उठाना पालिका कर्मियों की आदत बन चुकी है। गत दिवस नगर के तुरंत नाथ मंदिर के पास कर्मियों ने कई नालों का कचड़ा डाल दिया। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। बुधवार को जिलाधिकारी ने शहर के नाले-नालियों की सफाई व कचड़ा डालने के स्थानों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने बाबा मंदिर, बाजपेई चौराहा व आसपास के इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था को देखा। कहा कि नाले नालियों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए। रामदत्त चौराहे के पास उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था को देखा। कहा कि कूड़े का नियमित व ससमय उठान सुनिश्चित किया जाए। यहां निर्माणाधीन पानी की टंकी के कार्य को भी देखा। इसके बाद उन्होंने आलू थोक उत्तरी के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया तथा नाले की साफ सफाई को देखा। कहा कि नालों से कचरा निकाल कर किनारे न लगाया जाए। उसे सफाई के बाद तत्काल हटाने की व्यवस्था की जाए। सांडी रोड पर नाले का निरीक्षण कर साफ-सफाई व जलप्रवाह को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी रामेंद्र सिंह मौजूद रहे।


नाले की सफाई सफाई देखते डीएम अननुय झा।


सफाई कर्मियों ने मंदिर के पास डाल दिया नाले का कचरा

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

# उमस भरी गर्मी से लोग हुए परेशान

**हरदोई, अमृत विचार।** बुधवार की सुबह होते ही आसमान साफ दिखाई दिया। सुबह तो लोगों को ठंड का एहसास रहा, लेकिन दोपहर बाद धूप निकलते से लोग परेशान दिखाई दिए। इस वर्ष जिले में बुधवार को 35 डिग्री सेल्शियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं चलती रहीं, जिससे लोग दोपहर को उमस भरी गर्मी में परेशान रहे।

बताते चले कि मंगलवार को हुई बारिश हुई थी, उसके बाद से मौसम ठंडा रहा, लेकिन बुधवार को बारिश न होने से उमस भरी गर्मी से लोग बेहद परेशान रहे। मौसम की स्थानीय वेधशाला प्रभारी के अनुसार बुधवार को न्यूनतम 25 व अधिकतम 35 डिग्री सेल्शियस तापमान रहा। छह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलती रहीं। आर्द्रता सुबह की 92 व शाम 75 प्रतिशत दर्ज की गई। दोपहर में धूप में लोग सिर ढक कर ही घरों के बाहर निकले।


धूप से बचाव कर जाते राहगीर।

| दिनांक | न्यूनतम | अधिकतम | हवा |
|---|---|---|---|
| 2 जुलाई | 25.5 | 35.0 | 6 |
| 1 जुलाई | 24.0 | 33.0 | 8 |
| 30 जून | 25.0 | 31.5 | 8 |

नोट- तापमान (डिग्री सेल्शियस में)

### कछौना ब्लॉक में नए बीडीओ ने संभाला पद

**कछौना, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लॉक में नए खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कामरान नेमानी ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद नेमानी ने ब्लॉक परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के समय एडीओ पंचायत संतोष कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अयोध्या प्रसाद और ब्लॉक परिषद के अन्य अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। नेमानी की गिनती कुशल प्रशासनिक अधिकारियों में होती है।

# राशन वितरण अनियमितता पर लगाया 5 हजार का अर्थदंड

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** उचित दर विक्रेता की राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत पर विभाग ने पांच हजार रूपये का अर्थ दंड की कार्यवाही की। गंजजल्लाबाद ग्राम प्रधान अभिषेक दिक्षित ने जिलाधिकारी से ऑनलाइन शिकायत पर जांच पूर्ति निरीक्षक मल्लावां बिलग्राम द्वारा की गई। जांच में पाई गई अनियमितता के क्रम में उचित दर विक्रेता गंज जलालाबाद रेनू यादव को 6 जून को आरोप पत्र जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। जिसमें 16 जून को अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। जिसका परीक्षण क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बिलग्राम ने किया, जो असंतोष जनक पाया गया। बरती गई अनियमितताओं के क्रम में कार्यालय आदेश 21 जून 2025 द्वारा रेनू यादव को भविष्य में नियमानुसार आवश्यक वस्तुओं का उठान, वितरण कार्य करने की कठोर चेतावनी के साथ विक्रेता की प्रतिभूति से 5000 रुपया शासन के पक्ष में जब्त करते हुए अर्थ दंड दिया गया है।


पौधरोपण करते दीप कमल राठौर। अमृत विचार

### पौधरोपण व फल वितरण कर मनाया जन्मदिन

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** सीएचसी में बुधवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर अध्यक्ष दीपकमल राठौर ने डिलीवरी वार्ड में भर्ती मरीजों को फल वितरण किये और प्रांगण में आम व अमरूद का पेड़ लगाकर जन्मदिन मनाया। पिछड़ा वर्ग नगर अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि पेड़ पौधों से ही पर्यावरण अच्छा रहता हैं। हम सभी को पेड़ लगना चाहिए और कम से कम एक पेड़ की स्वयं उसके बड़ा होने तक देखभाल की जिम्मेदारी निभानी चाहिए, इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक डा. प्रवीण दीक्षित, राजीव कुमार सोनी, पूर्व सभासद देवेन्द्र गुप्ता, नीरज राजपूत, आकाश राठौर, रागी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम ने छात्र-छात्राओं को बताए सफलता के गुर

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** एसडीएम तान्या सिंह ने बुधवार को इटारा स्थिति नवोदय विद्यालय पहुंचकर छात्र-छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें सफलता के गुर बताए। साथ ही अपने पढ़ाई के दौरान के अनुभव भी साझा किये। इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। एसडीएम शाहाबाद तान्या सिंह और वन विभाग की सीओ नीलम के साथ नवोदय विद्यालय पहुंचे। यहां पर उन्होंने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार बच्चों के साथ संवाद किया और अपने अनुभव साझा किये।

एसडीएम ने बच्चों से गुफ्तगू करते हुए उन्हें पढ़ाई के दौरान के अपने अनुभव भी बताए। एसडीएम ने कहा असफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए। लगातार मेहनत करनी चाहिए और मेहनत का फल अवश्य मिलता है। असफल होने वाले व्यक्ति को यह अनुभव होता है कि उसने मेहनत तो की लेकिन सफल नहीं हो पाया। अगली बार और कड़ी मेहनत करेगा। यही मंतव्य आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। एसडीएम ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि मन लगाकर पढ़ें, अपने अभिभावकों के सपनों को साकार करें। गुरुजनों का और स्कूल का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।


नवोदय स्कूल के बच्चों के साथ एसडीएम शाहाबाद तान्या सिंह और वन विभाग की सीओ नीलम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधिक जानकारी देते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

### महिलाओं व बच्चों को दी गई विधिक जानकारी

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बुधवार को महिलाओं व बच्चों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए जनपद में गठित विशेष इकाई के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद न्यायालय के सभागार में किया गया। अपर जिला जज यशपाल व अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को चीफ लीगल एड डिफेंस विनोद कुमार मिश्र, डिप्टी चीफ देवेन्द्र कुमार सिंह, असिस्टेंट अजय त्रिपाठी द्वारा महिलाओं व बच्चों से संबंधित कानून व उनके अधिकारों के विषय मे विस्तृत रूप से जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया।

### पुलिस ने किसान यूनियन के महामंत्री को दबोचा



**हरदोई, अमृत विचार।** किसान यूनियन (अम्बावता गुट) के महामंत्री ने सोशल मीडिया के व्हाट्स-अप प्लेटफार्म पर आपसी सौहार्द बिगाड़ने और द्वेष बढ़ाने की हरकत करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। सण्डीला पुलिस ने किसान यूनियन (अम्बावता गुट) के महामंत्री अवधेश निवासी मुरार नगर सण्डीला के खिलाफ सोशल मीडिया के व्हाट्स-अप प्लेटफार्म पर आपसी सौहार्द बिगाड़ने और जातिगत द्वेष को बढ़ाते हुए माहौल खराब करने की कोशिश की। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और एसआई मोहित चौहान ने अपने हमराही कांस्टेबिल अर्जुन सैनी ने आरोपी किसान यूनियन के नेता को गिरफ्तार कर लिया है।

### बहू की मौत की गुनाहगार सास गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** बहू की मौत पर उसके ससुराल वालों के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था। पचदेवरा पुलिस ने बुधवार को उसी मामले में आरोपी सास को गिरफ्तार किया है, एक आरोपी की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है। शाहजहांपुर ज़िले के फाज़िलपुर थाना मदनापुर निवासी महेंद्र सिंह ने 4 जून को पचदेवरा थाने में दी तहरीर में दहेज की मांग के चलते प्रताड़ित की गई अपनी पुत्री की मौत के मामले में पति व सास विमला देवी पत्नी कुंवर बहादुर सिंह निवासी सहसोगा समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बुधवार को पचदेवरा थाना पुलिस ने आरोपी सास विमला देवी को गिरफ्तार कर लिया, एक आरोपी की पहले ही गिरफ्तारी हो चुकी है।

### थाने के पास स्थित दुकान का शटर तोड़कर चोरी



**हरदोई, अमृत विचार।** चोरों ने पुलिस स्टेशन से कुछ दूरी पर एक दुकान का शटर तोड़ कर उसके अंदर से जनरेटर का अल्टीनेटर, बिजली के तारो के बंडल, ग्राइंडर के अलावा बिजली का काफी सामान चोरी कर ले गए। बुधवार की सुबह इसका पता होने पर सारे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। सवायजपुर निवासी आदर्श कुमार सिंह उर्फ अंकित सिंह ने बुधवार को दी तहरीर में कहा है कि कस्बे में रूपापुर रोड पर उसका शो-रूम है। मंगलवार को सारे दिन काम होने के बाद रात में ताला डाल दिया गया। बुधवार की सुबह संतोष मिस्त्री पहुंचा, तो उसने देखा कि दुकान का शटर टूटा हुआ था। उसने मालिक आदर्श कुमार सिंह उर्फ अंकित सिंह को फोन पर सारी बात बताई। पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि शटर तोड़ कर जनरेटर का अल्टीनेटर, ग्राइंडर, ढ़ाई बण्डल बिजली का तार, बिजली की फिटिंग का सामान, होल्डर और लाइट सारा कुछ चोरी हो गया। तहरीर में दुकान की पुलिस स्टेशन से 200 मीटर और फायर ब्रिगेड स्टेशन से 100 मीटर की दूरी बताई गई है। तहरीर आते ही पुलिस छानबीन करने में जुट गई है। उसका कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

**अभियान** चेयरमैन ने संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की जागरूकता रैली को रवाना किया

# रोगों से बचाव के लिए साफ-सफाई आवश्यक

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद संडीला में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन मोहम्मद रईस अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर ई-रिक्शा रैली को रवाना किया। यह रैली नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए लोगों को स्वच्छता, मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम, और संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जागरूक करने का कार्य करेगी। चेयरमैन मो. रईस अंसारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी और बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे रोग तेजी से फैलते हैं, जिनसे बचाव के लिए साफ-सफाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नगर वासियों से अपील की कि घरों व आसपास पानी एकत्र न होने दें, समय-समय पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों में सहयोग करें। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी, स्वास्थ्य कर्मी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का संकल्प दोहराया गया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमंगल सिंह, क्लर्क प्रकाश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता इरफान हमीद, चौधरी नदीम, सभासद अजय द्विवेदी, पंकज आदि मौजूद रहे।



हरी झंडी दिखते चेयरमैन मो. रईस अंसारी। अमृत विचार

# नशेड़ियों ने टोकने पर होमगार्ड के साथ चौराहे पर की मारपीट

**हरदोई, अमृत विचार।** चौराहे पर गलत हरकत करने पर टोकने पर नशेड़ियों ने होमगार्ड के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार बुधवार को दो युवक शराब के नशे में टड़ियावां चौराहे पर गलत हरकत कर रहे थे, जिससे राहगीर परेशान थे। यह देखकर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड अपने हमराही के साथ वहां पहुंचा और दोनों युवकों को ऐसा करने से रोका। इस पर युवकों ने गाली-गलौज करते हुए होमगार्ड से हाथापाई करने लगे। बवाल होता देख वहां आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। काफी देर बाद जैसे-तैसे मामला रफा-दफा किया गया। टड़ियावां पुलिस का कहना है कि फिलहाल ऐसी कोई सूचना नहीं है, तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।


होमगार्ड के साथ मारपीट करते आरोपी।

# कुसुम्भी रोड पर शराब दुकान के पीछे मृत मिला युवक

## कैंटीन संचालक पर परिजनों ने लगाए आरोप, युवक को सीएचसी ले जाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित किया

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचारः** कुसुम्भी रोड स्थित देशी शराब की दुकान के पीछे खेत में कस्बा निवासी एक युवक बेहोश पड़ा मिला। पुलिस ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नवाबगंज कस्बे के गांधीनगर मोहल्ला निवासी कुलदीप (40) पुत्र मुन्नीलाल को नवाबगंज-कुसुम्भी मार्ग पर बुधवार शाम देशी शराब की दुकान के पीछे बेहोश पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।


कुलदीप की फाइल फोटो।

उसके छोटे भाई रामलखन ने बताया कि भाई दोपहर 1 बजे घर से निकला था। परिजनों का आरोप है कि कैंटीन पर भाई की मौत हो गई लेकिन उन लोगों ने परिजनों को सूचना नहीं दी और उसे पीछे के गेट से बाहर खेत में फेंक दिया।


बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

वह चार भाइयों रामलखन, लवकुश व विपुल से बड़ा था। बेटे की मौत से मां रामदेवी रो-रोकर बेहाल है। अजगैन कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों के आरोप पर कैंटीन संचालक से पूछताछ की जा रही है।

### डहरौली गांव के तालाब में डूबने से युवक की मौत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव डहरौली में शौच के लिये गये एक युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाकर शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव डहरौली निवासी श्रीकृष्ण (38) पुत्र मुन्नालाल बुधवार दोपहर 3 बजे घर से शौच के लिये गांव के बाहर हसखरी तालाब गया था। पास के बाग में मौजूद सुमेर ने उसे तालाब में डूबते देखा तो गांव के लोगों को बताया। लेकिन, गांव के लोग जब उसे निकाल नहीं पाये तो पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल सुरेश कुमार ने शुक्लागंज से गोताखोर बुलवाये और शव बाहर निकाला गया। कोतवाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। घटना के बाद पत्नी रचना व बच्चों दिव्यांश व प्रियांन्स का रो-रोकर बुरा हाल रहा।


युवक की तलाश करते गोताखोर।

## सार-संक्षेप

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** मजदूरों के साथ खेत में धान की रोपाई करते समय युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। साथी मजदूर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रामा अमरापुर गांव का अंशु (21) पुत्र ओम प्रकाश मजदूरी करता था। मंगलवार को वह मजदूरों के साथ अपने गांव के पास स्थित कस्बा निवासी समीर के खेतों में धान की बेड़ लगा रहा था। तभी जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। लेकिन उस समय उसने ध्यान नहीं दिया। देरशाम काम समाप्त कर घर लौटते समय वह खिन्नी मोड़ के पास अचेत होकर गिर गया। साथियों की मदद से परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि परिजनों ने सर्पदंश से मौत होने की सूचना दी थी।

### पंचर की दुकान से चोरों ने पार किया हजारों का सामान

**संवाददाता, गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार :** चोरों ने बीती मंगलवार रात चौकी परिसर से मात्र 500 मीटर दूर स्थित एक पंचर की दुकान पर धावा बोल दिया। चोर दुकान से हजारों रुपए का सामान चोरी कर चंपत हो गए। कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला कसैटा निवासी मो. असलम पुत्र सफीजान ने चौकी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कस्बे में हरदोई-उन्नाव मार्ग किनारे उसकी पंचर की दुकान है। वह रोज की भांति बीती मंगलवार रात दुकान बंदकर घर चला गया था। तभी रात में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर वहां रखे बाइक के 15 ट्यूब और 7 टायर, लोडर के 2 ट्यूब, ट्रैक्टर ट्राली के 3 ट्यूब, एक जैक व एक मोटर पंखा सहित अन्य कीमती समान चोरी कर भाग निकले। बुधवार सुबह दुकान पहुंचने पर उसको घटना की जानकारी हो सकी। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर की।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक से मारपीट

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पटियारा गांव में गाली-गलौज का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पड़ोसियों ने युवक की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराने के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हाजीपुर चौकी क्षेत्र के पटियारा गांव निवासी अनिल ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात करीब दस बजे वह घर पर था। तभी गांव के मनोज निषाद, सीताराम और गजराज उसके घर के बाहर गाली-गलौज करने लगे। अनिल ने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने उसे पीट दिया और जान से मारने की धमकी दी। हमले में उसे चोटें आईं। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजा और मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### युवती से मारपीट व छेड़खानी का आरोप, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र की एक युवती ने मोहल्ले के ही चार लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट और छेड़खानी का आरोप लगाया है। घटना 27 जून की है, जब युवती गली से गुजर रही थी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि वह अपने घर से काम के लिए निकली थी, तभी मोहल्ले के गरफू, गहेशर, आसना और फरहान ने उसे अकारण गालियां देनी शुरू कर दीं। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की और छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकतें कीं। युवती की शिकायत पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कांग्रेस कार्यकर्ता आज सौंपेंगे ज्ञापन

**उन्नाव, अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने जिले के सभी कांग्रेसियों से कहा कि 3 जुलाई को 11 बजे जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें राज्य सरकार के उस आदेश का विरोध किया जाएगा।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सालेहपुर करौंदी गांव निवासी लालचंद्र (26) पुत्र राधेलाल बीती 27 जून को किसी काम से कोतवाली क्षेत्र के उनवा गांव गया था। जहां से लौटते समय शाम करीब 5 बजे बम्हना-शेरपुर मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसकी बाइक में टक्कर मारकर भाग गया था। इससे सड़क पर गिरने से उसके सिर व शरीर में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस ने उसे सीएचसी भेजा था। वहां से परिजन लालचंद्र को गंभीर हालत में परियर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल लाए थे। जहां उसका इलाज चल रहा था। बीती मंगलवार रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। यह खबर सुन परिजनों में कोहराम मच गया।

इसके अलावा बुधवार दोपहर एक ऑटो रिक्शा नगर से सवारियां बिठाकर बिल्हौर जा रहा था। तभी रास्ते में गांव पंचू पुरवा के पास तेज रफ्तार कंटेनर आटो रिक्शा में पीछे से टक्कर मारकर भाग निकला। आटो रिक्शा में बैठे 4 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने मुशीर (32) निवासी गांव दरियापुर बांगरमऊ को रेफर कर दिया। जबकि लालता प्रसाद (64) निवासी दरियापुर, उसकी पत्नी सुमन (62) व बेटे सुशील (32) का इलाज जारी है।

## एडीएम ने गंगा कटान क्षेत्र का लिया जायजा, सुनी समस्याएं

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचारः** क्षेत्र के हिंदूपुर गांव में बुधवार को एडीएम ने गंगा कटान का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही बाढ़ चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग को कटने से बचाने व विद्युत सप्लाई शुरू कराने की मांग की।

एडीएम सुशील कुमार गोंड ने गंगा के बढ़ते जलस्तर से हो रहे कटान का स्थलीय निरीक्षण किया। गंगा की धारा किसानों के खेतों का कटान करते हुए इस मार्ग की ओर बढ़ रही है। जिससे मार्ग के कटने की आशंका बढ़ गई है। दबौली के बाढ़केंद्र पर आयोजित बाढ़ चौपाल


गंगा में हो रहे कटान देखते एडीएम व अन्य। अमृत विचार

▸▸ मार्ग को कटने से बचाने व विद्युत सप्लाई शुरू कराने की मांग

में ग्रामीणों ने एडीएम से मांग की कि प्रमुख मार्ग कालीमिट्टी-शिवराजपुर को कटान से रोका जाए। एडीएम ने लोक निर्माण व सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बाढ़ से कटान रोकने के साथ मार्ग की सुरक्षा के निर्देश दिये और ग्रामीणों को जागरूक रहने व कोई भी पुलिया, सड़क या बाढ़ से कटान होने की संभावना में सतर्क रहने और सूचना देने के लिए कहा। विद्युत विभाग की लापरवाही से गांव हिंदूपुर में बीते आठ वर्षों से बिजली नहीं पहुंची। जिसकी ग्रामीणों ने शिकायत की। इस पर एडीएम ने नाराजगी जताई। एडीओ पंचायत हेमंत कुमार को सफाई के निर्देश दिए।

### गंगा के जलस्तर में तीन सेंमी दर्ज की गई गिरावट

**शुक्लागंज (उन्नाव) :** गंगाघाट का जलस्तर पिछले कई दिनों से बढ़ रहा है लेकिन बुधवार को जलस्तर में मामूली गिरावट दर्ज की गई। इसके बावजूद तेजी से घाटों की ओर पानी फैल रहा है। पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण मंगलवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 109.580 मी. दर्ज किया गया था। जिसके बाद बुधवार को केन्द्रीय जल आयोग ने जलस्तर सुबह आठ बजे 109.470 मीटर दर्ज किया गया।

## वृद्धा की ट्रक से कुचलकर मौत

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। सड़क के किनारे बैठकर अपनी भैंस चरा रही बुजुर्ग महिला को ट्रक ने कुचल कर दिया। हादसे में वृद्धा की मौत हो गई। कोतवाली देहात के बंदरहिया मजरा आशा गांव की 75 साल की छोटका पत्नी छोटे मंगलवार की शाम को सीतापुर रोड से आशा गांव को जाने वाले रास्ते पर भैंस चरा रही थी, उसी बीच उधर गैस सिलेंडर के गोदाम जा रहे पेट्रोलियम गैस सिलेंडर के ट्रक ने टक्कर मार और उसे कुचलते हुए निकल गया, हादसे में बुज़ुर्ग छोटका की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। ड्राइवर ट्रक ले कर भागता, लेकिन उससे पहले उन दोनों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए बुधवार को दूसरे दिन उसका पोस्टमार्टम कराया है।


मृतका छोटक्का की फाइल फोटो।

बुज़ुर्ग छोटका के पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। उसके चार बेटों में सबसे बड़ा श्रीराम, उसके बाद रामप्रसाद, रामनाथ और इन्द्रपाल के अलावा दो बेटियां थीं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है, इन्द्रपाल की भी पहले मौत हो चुकी थी। छोटका इन्द्रपाल की पत्नी और उसके बच्चों के साथ रह कर उनके गुज़र-बसर का ज़रिया बनी हुई थी।

### कार की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौत

**कछौना (हरदोई), अमृत विचार।** हरदोई-लखनऊ नेशनल हाईवे पर भीरीघाट पेट्रोल पंप के पास बेकाबू कार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी, हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भवानीपुर निवासी रामखेलावन (35) कछौना कस्बे में निजी काम से जा रहा था। वह खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। परिवार में पत्नी रामवती के अलावा तीन पुत्र और दो बेटियां हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


शोपीस बना सार्वजनिक शौचालय। अमृत विचार

### सार्वजनिक शौचालय में एक हफ्ते से पानी नहीं

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर की पुरानी तहसील परिसर में स्थित सार्वजनिक शौचालय की स्थिति चिंताजनक हो गई है। पिछले एक सप्ताह से शौचालय में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित इस शौचालय का समरसेबल खराब पड़ा है। तहसील में आने वाले सैकड़ों लोगों को इस शौचालय का उपयोग करना पड़ता है। पानी न होने के कारण सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सबसे अधिक परेशान हैं। आसपास के दुकानदार और निवासी इस स्थिति से नाराज हैं। नगर पालिका के कर्मचारियों के अनुसार, अधिशासी अधिकारी इस समय ट्रेनिंग पर हैं। वापस आने के बाद ही इस समस्या को देखेंगे।

## नाले से बरामद बच्ची के शव का हुआ पोस्टमार्टम, ग्रामीणों में गम और गुस्सा

संवाददाता, हरदोई

फॉलोअप

**अमृत विचार।** गुम हुई बच्ची की मौत को लेकर अभी भी पूरा गांव गुस्से में है। मातम में डूबे गांव के गलियारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस की पकड़ में आया आरोपी सचिन कितना सच बोल रहा है, यह लोग जानना चाहते हैं, घटना की क्या वजह रही कि मासूम को जान गंवानी पड़ी।

बताते चलें कि रविवार की सुबह पचदेवरा थाने के एक गांव से छह साल की बच्ची खेलते-खेलते गुम हो गई। परिजन उसकी तलाश कर रहे थे, पुलिस भी जांच पड़ताल कर रही थी, इसी बीच संदेह के आधार पर गांव निवासी एक पूर्व सैनिक के घरेलू नौकर सचिन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सचिन बिहार का निवासी है, कड़ाई से पूछताछ के बाद सचिन की निशादेही पर बच्ची का शव नाले से बरामद किया गया था। पुलिस का कहना है कि सचिन ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया है, उधर दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंके जाने की अटकलों के बीच बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बच्ची से दुष्कर्म हुआ या नहीं, इसका सही पता नहीं लगा है, लेकिन उसके प्राइवेट पार्ट पर चोंटे होने की बात सामने आई है। साथ ही स्लाइड भी तैयार की गई थी। बच्ची की मौत के चौथे दिन बुधवार को पूरा गांव मौत के मातम के साथ गुस्से में है, वहां के गलियारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस कह चुकी है कि आरोपी सचिन ने अपना गुनाह कुबूल कर लिया, लेकिन अभी इस का बात खुलासा नहीं हुआ है कि सचिन ने बच्ची की हत्या क्यों की।

## बहनोई के अंतिम संस्कार से लौट रहे लोगों से मारपीट, केस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** बहनोई के अंतिम संस्कार से लौट रहे महिलाओं समेत चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव अन्दउ निवासी सुनील कुमार ने बताया कि सांडी निवासी बहनोई संजय की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। बहन की जेठानी का मायका माधौगंज थाना क्षेत्र के गांव नईबस्ती में है। बहनोई की मौत की सूचना पर वह परिजनों के साथ सांडी गए थे, जहां पर उन लोगों की जेठानी से बातचीत हो गई। मंगलवार की दोपहर बाद सभी घर लौट रहे थे। बताया कि तेरवाकुल्ली रोड पर मटियामऊ गांव के निकट नईबस्ती निवासी लालाराम, मुकेश उनके अज्ञात पांच साथियों ने मिलकर सुनील, उनकी भाभी रामवती, कंचन, विमला को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबे की आवाज सुनकर राहगीरों ने बचाया। घटना का वीडियो पड़ोस में लगे पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में कैद हुआ है। थाना अध्यक्ष बालेन्द्र मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर कराएं निस्तारण

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बुधवार को जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने बड़ी संख्या में जन शिकायतों को सुना तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई के दौरान कुल 113 शिकायतें प्राप्त हुईं। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन से आच्छादित कराया गया। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। कुल चार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए। इस प्रकार अब तक जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई के दौरान ही कुल 134 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि बटवारा, पैमाइश व अविवादित वरासत के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाये। धारा 38 के वादों को तेजी से निस्तारित कराया जाये। रिपोर्ट लगाने में अनावश्यक देरी न की जाये। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्रकरणों को लंबित न रखा जाये। भूमि विवाद के मामले में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पर जाकर त्वरित कराये। तारांकित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाये। कहा कि यदि महिला का आवास कच्चा है तों उनको प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाये। इसके साथ ही उन्होंने महिला को निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ दिलाने को कहा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नहने राम व उपजिलाधिकारी भूमिका राजबहादुर आदि मौजूद रहे।


शिव संकट हरण सकाहा मंदिर पर अधिकारिरयों को निर्देश देते डीएम अनुनय झा। अमृत विचार

### डीएम व एसपी ने कावड़ यात्रा मार्ग व शिव मंदिर का किया निरीक्षण

**हरदोई, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने प्रसिद्ध शिव संकट हरण सकाहा मंदिर व कावड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कांवरियों के लिए व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के आदेश दिए। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो इसके लिए व्यवस्था यातायात व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने को कहा। भारी वाहनों को मंदिर से पहले ही रोकने के निर्देश दिए। मंदिर के आसपास साफ सफाई पेयजल आदि की व्यवस्था रखने, अराजक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिए। इस एसडीएम सदर सुशील मिश्रा एएसपी एमपी सिंह मौजूद रहे।


लोगों से जानकारी लेते क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान।

### सीओ ने मोहर्रम चौकों का किया निरीक्षण

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** मोहर्रम पर्व के मद्देनजर नगर में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय यादव व कस्बा इंचार्ज फहीम खान ने नगर के मोहर्रम चौकों पंचायती ताजिया इमाम चौक, मोहल्ला दुर्गा मंदिर इमाम चौक का निरीक्षण किया। इस दौरान इमाम चौक रोड पर बल्लियों के सहारे चल रही विद्युत लाइन को तत्काल प्रभाव से हटाने के लिए विधुत विभाग को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि मोहर्रम पर्व में शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए मोहर्रम चौकों का निरीक्षण किया गया, जिससे आगामी पर्व मे शान्ति व्यवस्था कायम रह सके।


कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने आए संविदा विद्युत कर्मी। अमृत विचार

### संविदा कर्मियों को पिछले तीन महीने से नहीं मिला वेतन

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** पिछले तीन महीने से बिना मानदेय काम कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मियों का गुस्सा फूट गया। बुधवार को दर्जनों कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन कर रहे संविदा विद्युत कर्मियों ने कहा कि वह विद्युत विभाग में वर्ड क्लास सर्विसेस एजेंसी के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। इन लोगों को अप्रैल से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय के लिए जब यह सुपरवाइजर से कहते हैं तब वह विद्युत विभाग के अधिकारियों के पास भेज देते हैं। विभागीय अधिकारी सर्विस प्रोपाइटर के कर्मचारी होने की बात कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं। वेतन न मिलने से उनके बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। अल्प वेतन भोगी कर्मचारियों के सामने रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप कर वेतन दिलवाने की गुहार लगाई। अब्दुल अलीम, पुष्पेंद्र कुमार, अभिषेक मिश्रा, राजेश सिंह, सूरज सिंह सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्रेनों में नकली किन्नर व अवैध वेंडरों पर वसूली का आरोप, रेलवे को भेजा पत्र

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर लगातार अराजकतत्वों का बोलबाला बढ़ रहा है। यह बोलबाला ट्रेनों तक पहुंच चुका है। हरदोई से अवैध वेंडर के साथ नकली किन्नर भी ट्रेनों में यात्रियों से अभद्रता व वसूली करते हैं। पंजाब चंडीगढ़ लुधियाना से आने वाली ट्रेनों में नकली किन्नर अनारक्षित कोच में लगातार यात्रियों से वसूली करते हैं जिसकी शिकायत भी कई बार हुई है, लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। साथ ही हरदोई व आसपास के रेलवे स्टेशनों से अवैध वेंडर ट्रेनों में अधिक दामों पर और लोकल सामान बेचकर यात्रियों को ठगने का काम कर रहे हैं। हालांकि यह सब रेल अधिकारियों की नाक के नीचे होता है और उन्हें जानकारी नहीं होती। इस संबंध में राघवेंद्र नाम के व्यक्ति ने रेल मंत्रालय को एक पत्र लिखकर शिकायत की है। राघवेंद्र ने सोशल मीडिया पर भी रेल अधिकारियों से शिकायत की है। राघवेंद्र ने अपने पत्र में अवैध वेंडर व यात्रियों से नकली किन्नर बनकर वसूली की शिकायत की है। राघवेंद्र ने अपने पत्र में कहा हरदोई से आलमनगर लखनऊ रूट की ट्रेनों में निरंतर कुछ व्यक्तियों द्वारा रेलवे स्टेशनों में अवैध कार्य किया जा रहे हैं जो न केवल रेलवे नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए भी एक बड़ा खतरा है।

राघवेंद्र ने अपने पत्र में बताया कि सभी व्यक्तियों पर पूर्व में 30 दिसंबर 2023 से कई बार चालान हो चुका है फिर भी यह लोग पैसा देकर कानून व्यवस्था प्रभावित कर रहे हैं। राघवेंद्र ने संबंधित लोगों पर सख्त सख्त कार्रवाई की मांग अपने पत्र में की है। सोशल मीडिया पर राघवेंद्र के पत्र के बाद आरपीएफ मुरादाबाद द्वारा हरदोई संडीला बालामऊ के प्रभारी निरीक्षकों को मामले में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

## महाजन के कर्ज के दबाव में अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** सारा दिन खेत पर काम करने के बाद अधेड़ शाम को घर पहुंचा। रात में सारे लोगों ने एक साथ बैठ कर खाना खाया, उसके बाद घर वाले अलग-अलग सोने के लिए चले गए। उसी बीच अधेड़ घर से बाहर निकला, बुधवार की सुबह उसका शव फांसी पर लटका मिला। वहां पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच-पड़ताल कर रही है। बताते है कि अधेड़ ने बेटी की शादी के लिए महाजन से कर्ज़ ले रखा था, उसी की अदायगी के दबाव के चलते ऐसा कदम उठाया। साण्डी थाने के कोईलाई गांव निवासी अधेड़ रामबरन खेती-बाड़ी करता था। मंगलवार को सारा दिन खेत-खलिहान में जूझता रहा, उसके बाद शाम को घर पहुंचा, रात में उसने सबके साथ बैठकर खाना खाया, उसके बाद लोग अपने-अपने ठिकानों पर सोने के लिए चले गए, पूरी रात हो गई, उसके अगले दिन बुधवार की सुबह गांव के किनारे खड़े चांदनी के पेड़ में रामबरन का लटका हुआ शव देखा। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। रामबरन के दो बेटे व तीन बेटियां है। इसका पता होते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची, पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। रामबरन की मौत पर उसकी पत्नी कलावती ने रोते हुए बताया कि बेटी की शादी के लिए एक महाजन से कर्ज़ लिया था, महाजन अदायगी के लिए दबाव बना रहा था, उसी के चलते उसने आत्महत्या की, हालांकि पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।



# करंट की चपेट में आकर मां-बेटे की मौत

## खरगौरा गांव में धान की बेड़ खोदते समय नलकूप में दौड़े करंट से हुआ हादसा, नानी भी झुलसी




माया व रवि की फाइल फोटो।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार



घटना की जांच करती पुलिस। अमृत विचार

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार:** आसीवन थानाक्षेत्र के खरगौरा गांव स्थित खेत में धान की बेड़ लगाते समय सरकारी नलकूप में उतरे करंट की चपेट में आकर युवक व उसकी मां गंभीर रूप से झुलस गई। नाती और बेटी को बचाने में वृद्ध मां भी करंट की चपेट में आ गई। चीख सुन लोगों ने नलकूप का स्विच ऑफ किया और घायलों को सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां मां-बेटा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं नानी का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शवों को मोर्चरी भेजा है।

आसीवन थानाक्षेत्र के खरगौरा गांव निवासी रामराज अपनी पत्नी माया (50), बड़े बेटे रवि (35) व सास शिवरानी (70) पत्नी श्यामलाल के साथ खेत में रोपाई के लिए धान की बेड़ खोद रहा था। तभी अचानक उसके खेत के बगल में लगे सरकारी नलकूप में पानी निकासी के लिए, लगे लोहे के पाइप में कटा केबिल छूने से पानी में करंट दौड़ गया। जिसकी चपेट में आकर रवि गंभीर रूप से झुलस गया। उसकी चीख सुन बेटे को बचाने पहुंची माया भी करंट की चपेट में आ गई। नाती व बेटी को छटपटाता देख शिवरानी ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तभी वह भी गंभीर रूप से झुलस गई। हादसे के समय पास के खेत मौजूद व्यक्ति ने दौड़कर नलकूप का मेन स्विच बंद किया और परिजनों की मदद से घायलों को सफीपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने रवि व माया को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवरानी को जिला अस्पताल भेज दिया गया। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। मां-बेटे की मौत से घर में मातम छा गया। मृतका माया के पांच बेटों में रवि सबसे बड़ा था। रवि की मौत से पत्नी आरती बेहाल है। उसके तीन बच्चों में बड़ी बेटी नैंसी (8), छोटी बेटी आरोही (3) व बेटा अभी (5) है। वहीं मां व भाई की मौत से बब्लू, बहादुर, विकास व विपिन रो-रोकर बेहाल हैं।

### नलकूप ऑपरेटर पर लापरवाही बरतने का आरोप

घटना को लेकर ग्रामीणों ने नलकूप ऑपरेटर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर पहुंचे एसओ अजय कुमार सिंह ने बताया कि जांच में करंट से मौत होने की बात सामने आई है। शवों को मोर्चरी भेजा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### हमें शान्ति और सौहार्द शिक्षा देता है मोहर्रमः मौलाना

**बांगरमऊ उन्नाव:** नगर के मोहल्ला गोलकुआं स्थित हुसैनी मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मो. जियाउल हक चिश्ती ने मोहर्रम की फजीलत बयान करते हुए कहा कि इस्लाम धर्म में विश्वास करने वालों का मोहर्रम प्रमुख त्यौहार है। इस माह की कई विशेषताएं व महत्व हैं। मौलाना ने कहा कि इस माह को इस्लाम धर्म के चार पवित्र महीनों में शामिल किया जाता है। पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब ने इस माह को अल्लाह का महीना कहा है। इस माह मनाया जाने वाला त्यौहार माह के पहले दिन से शुरू होकर 10वें दिन तक चलता है। उन्होंने इस माह में घटित महत्वपूर्ण घटना का जिक्र करते हुए कहा कि सन 680 में कर्बला नामक स्थान में एक धर्म युद्ध हुआ था। जो पैगम्बर हजरत मुहम्मद के नाती व अधर्मी यजीद के बीच हुआ। इस धर्म युद्ध में वास्तविक जीत हजरत इमाम हुसैन की हुई। पर जाहिरी तौर पर यजीद ने हजरत इमाम हुसैन और उनके सभी 72 साथियों को शहीद कर दिया था। तभी से दुनिया के न सिर्फ मुसलमान बल्कि दूसरी कौमों के लोग भी इस महीने में इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत का गम मनाकर उन्हें याद करते हैं। उन्होंने कहा कि इस माह में रोजा रखने की खास अहमियत है। रमजान के अलावा सबसे उत्तम रोजे वे हैं जो अल्लाह के महीने यानी मोहर्रम में रखे जाते हैं। मोहर्रम की जाने वाली इबादतों का भी बड़ा सवाब है।

# शिकायत पर लेखपाल ने खाली कराई सरकारी जमीन



नवीन परती जमीन से कब्जा हटवाते लेखपाल। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** ग्राम खैरहा गैर एहतमाली में सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को लेखपाल की टीम ने कार्रवाई कर हटवा दिया है। यह कार्यवाही आईजीआरएस पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि कुछ लोगों ने सरकारी भूमि पर सीमेंटेड बाउंड्री बनाकर कब्जा कर लिया है।

बुधवार दोपहर लेखपाल अशोक सैनी व उदयभान सिंह मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच में ग्राम खैरहा गैर एहतमाली स्थित भूमि संख्या 84, रकबा 0.111 हेक्टेयर (करीब नौ बिस्वा), जो नवीन परती भूमि के रूप में दर्ज है, पर अवैध कब्जा पाया गया। कुछ लोगों द्वारा इस भूमि पर पक्की दीवार खड़ी कर घेराबंदी की गई थी। लेखपालों ने बिना किसी विरोध के बाउंड्री वॉल को हटवाकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि यह जमीन पूरी तरह सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज नवीन परती भूमि है और आमजन के उपयोग में लाई जा सकती है। लेखपाल ने कार्यवाही की सूचना उच्चाधिकारियों को भी भेज दी है। इस कार्यवाही के बाद ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और अवैध कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है।

### कब्जेदारों में हड़कंप



टेंपो स्टैंड पर बने वॉटर एटीएम की टूटी जालियां, पड़ी गिट्टियां। अमृत विचार

**कार्यदायी संस्था की लापरवाही से टूटी वॉटर एटीएम की जालियां, शुक्लागंज (उन्नाव):** नवीन पुल के नीचे बनारस की तर्ज पर बन रहे गंगा आरती स्थल के निर्माण में कार्यदायी संस्था की लापरवाही सामने आई है। निर्माण कार्य के लिए मंगाई गई गिट्टी को टेंपो स्टैंड के पास पालिका द्वारा लगाए गए वॉटर एटीएम के समीप उतार दिया गया, जिससे एटीएम की जालियां क्षतिग्रस्त हो गईं।

नगर पालिका की ओर से नगर के प्रमुख स्थानों पर यात्रियों और राहगीरों की सुविधा हेतु वॉटर एटीएम लगाए जा रहे हैं। बालूघाट टेंपो स्टैंड के पास भी एक वॉटर एटीएम लगाया गया था, जो अभी चालू नहीं हो सका है। इधर, गंगा किनारे आनंद घाट पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की निगरानी में गंगा आरती स्थल का निर्माण चल रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण सामग्री के रूप में भारी मात्रा में गिट्टी मंगवाई गई, जिसे बिना समुचित ध्यान दिए वॉटर एटीएम के निकट खाली कर दिया गया। गिट्टी के दबाव से वॉटर एटीएम की लोहे की जालियां टूट गईं। वहीं अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि ठेकेदार को इसकी सूचना दे दी गई है और कार्यदायी संस्था को चेतावनी जारी की जाएगी।

# हाईकोर्ट ने सीओ सर्किल बांगरमऊ मामले में आईजी को 10 दिन का दिया समय

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

### आदेश पारित

- हाईकोर्ट के अधिवक्ता ने सीओ सर्किल बांगरमऊ से संबंधित याचिका दायर की थी

**अमृत विचार:** उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ ने सीओ सर्किल बांगरमऊ में परिवर्तन को लेकर आईजी जोन लखनऊ को 10 दिन में अदालत को सूचित करने का आदेश दिया है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता व प्रमुख समाजसेवी फारूक अहमद ने बीती 28 मार्च को मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सीओ सर्किल बांगरमऊ के थाना आसीवन व औरास को सीओ सर्किल सफीपुर व हसनगंज में जोड़े जाने और थाना फतेहपुर चौरासी को सीओ सर्किल बांगरमऊ से जोड़ने की मांग की थी। अधिवक्ता का तर्क है कि थाना आसीवन की बांगरमऊ से दूरी 30 किलोमीटर व थाना औरास की दूरी 45 किलोमीटर है। जबकि सफीपुर सर्कल से थाना आसीवन की दूरी मात्र 16 किलोमीटर है। इसी तरह हसनगंज सर्किल से थाना औरास की दूरी मात्र 22 किलोमीटर है। इसलिए जनहित में सीओ सर्कल में परिवर्तन जरूरी है। उन्होंने बीती 29 अप्रैल को प्रमुख सचिव गृह को भी इसी संबंध में पत्र भेजा था। किंतु उन पत्रों पर कोई कार्यवाही न होती देख उन्होंने बीते 30 मई को हाईकोर्ट लखनऊ में जनहित याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई 1 जुलाई को न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह ने की। इस दौरान अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता इंद्रजीत शुक्ला ने उच्च न्यायालय को जानकारी दी कि इस मामले पर निर्णय लेने के लिए पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन को मामला भेजा गया है। सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने 10 दिन में पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जोन के निर्णय से उच्च न्यायालय को सूचित करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 14 जुलाई 2025 को नियत की गई है।

# 11 व 12 को होगी हाईस्कूल इंप्रूवमेंट कंपार्टमेंट की प्रयोगात्मक परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त ने कहा कि हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेंट परीक्षा के लिए प्रयोगात्मक परीक्षा/आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा व इंटर कम्पार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11 व 12 जुलाई को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मोती नगर में आयोजित होंगी।

वर्ष-2025 की इंटर कम्पार्टमेंट प्रयोगात्मक परीक्षा में शामिल होने हेतु संबंधित छात्र-छात्राएं अपने पंजीकृत विद्यालय के प्रधानाचार्य से सम्पर्क कर इन तिथियों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं में सम्मिलित होंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य हाईस्कूल में आन्तरिक मूल्यांकन के विषयवार अंकों की सूची को व इंटर के प्रयोगात्मक परीक्षक प्रयोगात्मक परीक्षा के प्राप्तांकों से संबंधित ओएमआर शीट को क्षेत्रीय कार्यालयों में 16 जुलाई 25 तक जरूर उपलब्ध करा देंगे।

**दो पालियो में होगी इंप्रूवमेंट कंपार्टमेंट परीक्षा:** हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेंट व इंटर कम्पार्टमेंट परीक्षा 19 जुलाई 25 को दो पालियों में होगी। सुबह पाली की परीक्षा साढ़े 8 से 11:45 बजे तक और इंटर की कम्पार्टमेंट परीक्षाए शाम पाली में 2 से 5:15 बजे तक होंगी। जिले में हाईस्कूल के 45 व इंटर के 363 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिले के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से कहा कि हाईस्कूल इम्प्रूवमेंट कम्पार्टमेन्ट व इंटर के प्रधानाचार्य पंजीकृत परीक्षार्थियों के प्रवेशपत्र डाउनलोड कर प्रतिहस्ताक्षरित करते हुए परीक्षार्थियों को उपलब्ध कराएंगे।

# सूने घर से चोरों ने नकदी व जेवरात किए पार

**औरास, उन्नाव :** औरास थानाक्षेत्र के केशवपुर गांव निवासी राजेश पुत्र रामऔतार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ हैदराबाद तेलंगाना में रहता है। सोमवार रात चोरों ने अंधेरे का फायदा उठाकर तालाब के किनारे स्थित घर के पीछे दरवाजे का ताला तोड़कर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, पीतल के बर्तन व 5 हजार नकद लेकर रफूचक्कर हो गए। सुबह पड़ोसियों ने दरवाजा खुला देख गृहस्वामी को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे गृहस्वामी ने घर आकर वहां बिखरा सामान देखा तो उसके होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित ने थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# शिक्षकों ने रैली निकालकर बच्चों को स्कूल भेजने की आमजन से की अपील

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव




हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों द्वारा ब्लॉक कार्यालय से बुधवार को स्कूल चलो अभियान अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर ने बेसिक स्कूलों के शिक्षकों द्वारा आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ब्लॉक कार्यालय से चलकर उन्नाव-हरदोई मार्ग से महाराजा सनातन पासी द्वार पहुंची। फिर वापस आकर ब्लाक कार्यालय में समाप्त हुई। इसमें शिक्षकों ने आमजन से अपने बच्चों का दाखिला बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में करवाने और स्कूल भेजने की की अपील की। इसमें बांगरमऊ के खंड शिक्षाधिकारी देवेन्द्र सिंह व गंजमुरादाबाद के खंड शिक्षाधिकारी देवेन्द्र कुमार व खंड विकास अधिकारी निशा सागर विश्वकर्मा के अलावा रजनीश कटियार, अजय पाल, जमाल अहमद, सुधीर यादव, सेमिना दीक्षित, उपासना शुक्ला व संजय कुमार सहित आधा सैकड़ा प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों के शिक्षक शामिल रहे।

**समस्या** करीब 50 घरों में अस्थाई रूप से बंद की गई थी बिजली, भीषण गर्मी में लोग रहे परेशान

# फीडर ब्रेकडाउन और पेड़ छंटाई से कई इलाकों में घंटों गुल रही बिजली

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** नगर में बुधवार को बिजली आपूर्ति पूरे दिन प्रभावित रही। फीडर-1 में एचटी लाइन का जंपर उड़ जाने और फीडर-3 में पेड़ों की डाल कटाई के कारण कई मोहल्लों में बिजली सप्लाई घंटों बंद रही। वहीं अलीनगर में ट्रांसफार्मर से एक फेस न आने से आधा सैकड़ा घरों में दिनभर अंधेरा पसरा रहा।

दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक रोस्टिंग के चलते पूरे नगर की आपूर्ति अस्थाई रूप से बंद की गई थी। लेकिन रोस्टिंग खत्म होने के बाद भी तकनीकी खराबियों ने बिजली बहाली में बाधा डाली। फीडर-1 के अंतर्गत अंविकापुरम् में एचटी लाइन का जंपर उड़ गया, जिससे फीडर से जुड़े दर्जनों मोहल्लों की सप्लाई शाम 5 बजे तक बंद रही। उधर, फीडर-3 में पेड़ों की डालियों की छंटाई का कार्य किया गया, जिससे रोस्टिंग के बाद भी बिजली आपूर्ति शाम 4:30 बजे तक बाधित रही। इसके अलावा अलीनगर में सुबह से ट्रांसफार्मर में एक फेस नहीं आ रहा था, जिसके कारण करीब 50 घरों की सप्लाई देर शाम तक बाधित रही। बिजली विभाग की तकनीकी टीमों ने देर शाम तक आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए। वहीं भीषण गर्मी में बिजली न रहने से लोग परेशान रहे।



अंबिकापुरम में मरम्मत कार्य करता विद्युत कर्मी। अमृत विचार

**सरोजा लॉन पर आज लगेगा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर:** नगर में ओवरलोड की समस्या को देखते हुए बिजली विभाग ने सरोजा लॉन के पास नया 250 केवीए ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को कार्यदायी संस्था ने पोल लगाकर स्थान चिन्हित किया। एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गुरुवार को ट्रांसफार्मर को पोल पर स्थापित किया जाएगा। यहां पहले से 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा था, जो क्षेत्र की बढ़ती बिजली मांग को पूरा नहीं कर पा रहा था। नया ट्रांसफार्मर लगने से आसपास के इलाकों की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा।

### डिफाल्टर उपभोक्ताओं को एलपीएससी छूट का फिर मिला मौका

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** उप्र पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 के तहत डिफाल्टर उपभोक्ताओं को विलम्बित भुगतान अधिभार (एलपीएससी) में छूट पाने का एक और मौका दिया है। यह फैसला वितरण निगमों के सुझावों पर लिया गया है। जिससे उन उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी जो पूर्व में पंजीकरण कराने के बावजूद निर्धारित समय में भुगतान नहीं कर सके थे। विभाग के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने जानकारी दी कि ओटीएस योजना में पंजीकृत ऐसे उपभोक्ता, जिन्होंने एकमुश्त या किश्तों में भुगतान का विकल्प चुना था, परंतु किसी कारणवश निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं कर सके और डिफाल्टर हो गए, अब दोबारा छूट के पात्र होंगे। छूट का लाभ लेने के लिए उन्हें 31 जुलाई, 2025 तक अपने शेष बकाया के साथ एक हजार या एलपीएससी में मिलने वाली छूट राशि का 10 प्रतिशत, जो भी अधिक हो, का भुगतान एकमुश्त करना होगा। शेष बकाया का अर्थ वर्तमान कुल बकाया से एलपीएससी की संभावित छूट घटाने के बाद की राशि है। पुन: पात्र उपभोक्ताओं का पूर्व पंजीकरण स्वत: प्रभावी होगा, नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी। भुगतान के लिए विभागीय खंड/उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र, विद्युत सखी, फिनटेक प्रतिनिधि, मीटर रीडर या यूपीपीसीएल की वेबसाइट के विकल्प उपलब्ध होंगे। यदि उपभोक्ता निर्धारित तिथि तक भुगतान नहीं करता है, तो छूट निरस्त हो जाएगी और छूटी गई राशि पुन: बिल में जोड़ दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### 8000 पौधों का लक्ष्य, 13 जगह होगा पौधरोपण

**संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** नगर पालिका गंगाघाट ने इस वर्ष जुलाई में होने वाले वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के तहत नगर क्षेत्र में 8000 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। पालिका ने इसके लिए नगर के 13 स्थानों का चयन कर शासन को रिपोर्ट भेजी है। शासन से पौधे उपलब्ध होते ही जनसहयोग से पौधरोपण शुरू होगा। जुलाई माह में मानसून की सक्रियता को देखते हुए हर वर्ष शासन की ओर से वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान चलाया जाता है, ताकि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखा जा सके। इसी क्रम में नगर पालिका भी पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रतिवर्ष पौधरोपण अभियान में भाग लेती है। इस वर्ष पालिका को नगर में कुल 8000 पौधे लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके लिए नेतुआ एमआरएफ सेंटर, सीएनडी सेंटर नेतुआ, कान्हा गौशाला, ऋषि नगर जगदंबा पार्क, मिश्रा कालोनी स्वर्गधाम आश्रम, आनंद घाट, पंचशील बौद्ध विहार, रविदास पार्क, श्रीनगर कूड़ा प्रबंधन केंद्र, फोरलेन डिवाइडर सहित 13 सार्वजनिक स्थलों का चयन किया गया है। पालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। जैसे ही पौधे प्राप्त होंगे, रोपण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पौधारोपण में जनसहभागिता को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जा सके।

### ब्लॉक लेकर किया गया ओएचई का मेंटीनेंस कार्य



अप लाइन पर ओएचई की मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** लखनऊ-कानपुर रेल रूट पर स्थित अप लाइन की ओएचई लाइन की मरम्मत का कार्य बुधवार को 50 मिनट का ब्लॉक लेकर किया गया। यह कार्य गंगाघाट रेलवे स्टेशन से लेकर रेलवे गंगापुल तक संपन्न हुआ। ब्लॉक के दौरान अप लाइन पर ट्रेनों का संचालन अस्थायी रूप से प्रभावित रहा। बुधवार सुबह ओएचई निरीक्षण यान के टेक्नीशियन गंगाघाट स्टेशन पहुंचे और स्टेशन अधीक्षक को ब्लॉक हेतु मेमो दिया। कंट्रोल से अनुमति मिलने के बाद सुबह 11:00 बजे से 11:50 बजे तक कुल 50 मिनट का ब्लॉक लिया गया। इस दौरान टॉवर वैगन की सहायता से अप लाइन की ओएचई लाइन का निरीक्षण और मरम्मत की गई। मरम्मत के दौरान ओएचई पर जमी कार्बन सफाई की गई और अन्य तकनीकी खामियों को भी दूर किया गया ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न आए। ब्लॉक अवधि समाप्त होते ही रेल संचालन को पुन: बहाल कर दिया गया। रेलवे विभाग द्वारा इस कार्य को सुरक्षा मानकों के तहत सावधानीपूर्वक संपन्न कराया गया।

### मां को पौधा देकर उसकी देखरेख को किया प्रेरित

**संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** वन रेंजर ने वृक्षारोपण अभियान के तहत नई पहल शुरू की। रेंजर ने सीएचसी अधीक्षक के साथ नवजात शिशुओं के परिजनों को पौधे वितरित कर उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वन विभाग व स्वास्थ्य विभाग द्वारा पौधारोपण किया गया। वन रेंजर हिमाद्री कुरील ने बुधवार को अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार के साथ सीएचसी नवाबगंज में जन्मे नवजात बच्चों की मां को पौधा देकर उनकी देखरेख के लिए प्रेरित किया। कहा कि पौधे नवजीवन के प्रतीक हैं। इस पौधे को घर के आसपास रोपित कर उसकी देखभाल व सुरक्षा अपने नवजात शिशु की भांति करें। जिससे यह पौधा भविष्य में फलदार वृक्ष का रूप लेकर आपकी सन्तान की तरह ही आपके जीवन में सहयोगी व सहभागी बने। महिला वार्ड में चार प्रसूताओं को फलदार पौध देकर प्रशस्तिपत्र दिया। इस दौरान उनके साथ फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार, स्टाफ नर्स रीना यादव, शिल्पा देवी, कीर्ति, रामनरेश सिंह आदि ने 21 फलदार पौधे रोपित कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। इसमें ग्राफ्टेड आंवला, नींबू, मौसम्मी, अमरूद आदि के 50 पौधे स्वास्थ्य कर्मियों व ग्रामीणों को वितरित किये। वन विभाग के एसआई रिषभ सिंह व प्रीति पटेल, वन रक्षक जितेंद्र पांडे, मोहिनी तिवारी, कुलदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सीएम के जन्मदिन पर दिव्यांगों को किया सम्मानित



दिव्यांगजनों को उपहार भेंट करते सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव। अमृत विचार

**संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. मुन्ना अल्वी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया। इसमें सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने अनाथ व दिव्यांग जनों को सम्मानित किया। नगर के हरदोई मार्ग स्थित एक अतिथि गृह में हुए समारोह में जिलाध्यक्ष और डॉ. अल्वी ने एक सैकड़ा से अधिक अनाथ व दिव्यांगजनों को उपहार देकर सम्मानित किया। साथ ही डा. अल्वी ने अपने क्लीनिक पर सभी अनाथ व दिव्यांगजनों के नि:शुल्क इलाज की भी घोषणा की। इस दौरान मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में वर्ष-2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को प्रदेश का सीएम बनाने का संकल्प लिया। इसमें कन्नौज के पीडीए पंचायत कार्यक्रम प्रभारी आरिफ़ जमा, ज़िला उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी शिवशंकर गौतम, जिला उपाध्यक्ष हाजी सैयद इरफ़ान, प्यारेलाल कश्यप, प्रेम यादव, राधेलाल निषाद, मुफीस राईन, शैलेंद्र पाल, रामऔतार यादव, मनीष दीक्षित, राधेश्याम यादव, संजय, शिवम, रंजीत गौतम, अरविंद रावत, हरदयाल गौतम, डॉ. राजपाल, सुरेश कुशवाहा, विनय यादव, श्रवण यादव, लवकुश, मोनू, नदीश यादव, अर्जुन, दानिश शानू खान, जाहिद आदि शामिल हुए। अध्यक्षता डॉ. रामपाल कुशवाहा व संचालन संजीव शुक्ला ने किया।

### उन्नाव वेटेरंस क्रिकेट एसोसिएशन के चेयरमैन बने संजय राठी



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का होता सम्मान। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार :** उन्नाव वेटेरंस क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक में संजय राठी चेयरमैन, राजकुमार यज्ञसेनी अध्यक्ष, पीके मिश्रा, अतुल तिवारी व अमित मिश्रा उपाध्यक्ष, राजेंद्र त्रिपाठी मंत्री, संजय श्रीवास्तव संयुक्त मंत्री, नवीन सिन्हा कोषाध्यक्ष, विकास सिन्हा मीडिया प्रभारी व अभिषेक श्रीवास्तव 'शंकर', ओम मिश्रा व आषीश निगम कार्यकारिणी सदस्य पद पर सर्वसम्मति से चयनित हुए। संजय राठी ने कहा कि कुछ और लोगों को जोड़कर एसोसिएशन को और मजबूत किया जायगा। शीघ्र ही जिले के 40 वर्ष से अधिक उम्र के क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच मैच आयोजित होंगे। जिले की यह टीम उप्र वेटेरंस क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित डा. गौरहरि सिंघानियां प्रदेश स्तरीय वेटेरंस क्रिकेट लीग में भाग लेंगी। जिसमें प्रदेश के 30 जिलों की क्रिकेट टीमें प्रतिभाग करतीं हैं।

### पालिका ने संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चलाया अभियान

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर एक जुलाई से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। जिस पर पालिका ने बुधवार को पालिका वार्ड दो में विशेष साफ सफाई अभियान चलाने के साथ ही लोगों को जागरूक भी किया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे व ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को वार्ड 2 आदर्श नगर में सफाई कर्मियों ने नाला व नाली की सफाई करने के साथ एंटीलार्वा का छिड़काव किया। इसके अलावा जन प्रतिनिधियों व मोहल्ला निगरानी समिति के माध्यम से लोगों को स्वच्छता में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया। ईओ ने बताया कि पालिका के सभी वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत गंदगी में पनपने वाली जानलेवा बीमारी डेंगू, चिकनगुनिया, समेत अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में साफ सफाई के साथ एंटी लार्वा दवा छिड़काव कराया जाएगा।

## एक नजर

### ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 20 से अधिक देशों के अधिकारी

**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह शुरू होने वाले भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के 11वें संस्करण में 20 से अधिक देशों के सरकारी अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। एक बयान के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के यशोभूमि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी केंद्र में आयोजित होने वाला भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह-2025 आठ से 10 जुलाई तक चलेगा।

### हजारों कर्मचारियों की छंटनी करेगा माइक्रोसॉफ्ट

**रेडमंड।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट कुछ महीनों के ही भीतर दूसरी बार हजारों कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। अमेरिकी कंपनी ने बुधवार से कर्मचारियों को छंटनी का नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट ने यह नहीं बताया कि वह कितने कर्मचारियों की छंटनी करेगी।

# क्वाड देशों ने खनिज सहयोग पर जताई सहमति

## निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख पहल की शुरुआत की

**वाशिंगटन, एजेंसी**



अमेरिका में क्वाड देशों के सदस्यों के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने और आपूर्ति श्रृंखलाओं को विविध बनाने के उद्देश्य से चार देशों के समूह 'क्वाड' ने मंगलवार को एक नई पहल 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' की शुरुआत की। यह कदम आर्थिक सुरक्षा को मज़बूती देने की दिशा में एक व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जो चीन द्वारा कथित तौर पर इस क्षेत्र में मूल्य हेरफेर समेत अन्य दबावयुक्त रणनीतियों की चिंताओं के मद्देनज़र उठाया गया है।

यह निर्णय अमेरिका की राजधानी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद लिया गया। बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया शामिल हुए। बैठक के बाद जारी एक बयान में कहा गया, यह नई प्रमुख पहल, क्वाड साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है जो आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलापन मज़बूत करने के लिए महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा और विविधता लाने पर केंद्रित है। विदेश मंत्रियों ने अपने संयुक्त बयान में प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं, विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति में अचानक आई बाधाओं और भविष्य में इसकी विश्वसनीयता को लेकर गंभीर चिंता जताई। बयान में कहा गया, इसमें गैर-बाज़ार नीतियों और चलन के उपयोग की बात भी शामिल है, जो महत्वपूर्ण खनिजों, कुछ डेरिवेटिव उत्पादों और खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी से संबंधित है। हालांकि, इसमें सीधे तौर पर चीन का उल्लेख नहीं किया गया। बयान में कहा गया, हम विविध और विश्वसनीय वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के महत्व को रेखांकित करते हैं। किसी एक देश पर खनिजों के प्रसंस्करण और परिष्करण के लिए अत्यधिक निर्भरता, हमारे उद्योगों को आर्थिक दबाव, मूल्य हेरफेर और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के जोखिम में डालती है, जिससे हमारी आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। बैठक के बाद जारी 'फैक्ट शीट' के अनुसार, क्वाड ने समुद्री कानून प्रवर्तन सहयोग का विस्तार करने की भी घोषणा की, जिससे समुद्री डकैती, मादक पदार्थों की तस्करी, सीमा सुरक्षा उल्लंघन जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश में मदद मिलेगी।

## अमेरिका में शुल्क बढ़ाने से कंपनियों को होगा 82.3 अरब डॉलर का नुकसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं के एक बड़े समूह को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीमा शुल्क संबंधी फैसलों से सीधे तौर पर 82.3 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। एक विश्लेषण में यह आकलन पेश किया गया है। जेपी मॉर्गन चेज इंस्टिट्यूट के इस विश्लेषण के मुताबिक, कंपनियों पर पड़ने वाले इस भारी बोझ की भरपाई संभावित रूप से कीमतों में वृद्धि, छंटनी या कम लाभ मार्जिन के जरिये करने की कोशिश की जाएगी। इस विश्लेषण में एक करोड़ डॉलर से लेकर एक अरब डॉलर तक के सालाना राजस्व वाली कंपनियों पर आयात कर के सीधे प्रभाव का आकलन किया गया है। इन कंपनियों में अमेरिका के भीतर निजी क्षेत्र के लगभग एक-तिहाई कर्मचारी तैनात हैं।

# ईएसआईसी की नियोक्ता कर्मचारी पंजीकरण योजना शुरू, दिसंबर तक रहेगी लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईएसआईसी ने अपना सामाजिक सुरक्षा दायरा बढ़ाने के लिए नियोक्ता एवं कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना (एसपीआरईई)-2025 शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में 27 जून को शिमला में हुई ईएसआईसी की 196वीं बैठक में एसपीआरईई योजना-2025 को मंजूरी दी गई थी।

यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर, 2025 तक सक्रिय रहेगी। इस दौरान अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों (संविदा और अस्थायी कर्मचारी समेत) को निरीक्षण या पिछले बकाये की मांग का सामना किए बगैर ही नामांकन करने का एक बार मौका दिया जाएगा। नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के जरिये अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं।

## क्रेडिट सूचना कंपनियां वास्तविक समय पर आंकड़े मुहैया कराएं : राव

**मुंबई।** आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने ट्रांसयूनियन सिबिल जैसी क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) से पाक्षिक के बजाय वास्तविक समय पर आंकड़े देने के लिए कहा है। राव ने मंगलवार को यहां सिबिल के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सीआईसी द्वारा डेटा को तेजी से भेजने से सभी के लिए प्रणाली में विश्वास, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# एसबीआई रिलायंस कम्युनिकेशन के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में करेगा वर्गीकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- अनिल अंबानी को बड़ा झटका, फ्रॉड की श्रेणी में डाला जाएगा लोन खाता

एसबीआई ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने बताया कि रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/पुलिस को भी देनी चाहिए।

## विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह पायी और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव से बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख से धारणा प्रभावित हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती तेजी को कायम नहीं रख पाया और अंत में 287.60 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 546.52 अंक तक टूट गया था। निफ्टी 88.40 अंक यानी 0.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

# भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं, दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान

**मुंबई, एजेंसी**



व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान आईटी, बीएफएसआई, विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है। फाउंडइट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है। नौकरी चाहने वालों के पास अब घर के करीब ही विविध अवसर हैं, जो भारत के समृद्ध और विविध प्रतिभा परिदृश्य को दर्शाता है।

## 19.3 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आएंगे: यूएनडीपी

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का व्यापक विकास नीतियों के साथ समायोजन करने से वर्ष 2060 तक करीब 19.3 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी की स्थिति से बाहर निकाला जा सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को कुल 20.4 लाख करोड़ डॉलर की बचत भी होगी। यूएनडीपी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य यह पता लगाना था कि सुसंगत नीतियों और वित्तपोषण के साथ नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य उत्सर्जन में कटौती, अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने और सामाजिक लाभ प्रदान करने में किस तरह मदद कर सकते हैं।



# बादल फटने की घटना में अब तक 10 मौतें

## हिमाचल के मंडी में 5 शव बरामद, 34 लापता की तलाश जारी

**शिमला, एजेंसी**



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या, पांच शव और मिलने के बाद बढ़कर 10 हो गई है तथा 34 लापता लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को राज्य में बादल फटने की 11 घटनाएं, अचानक बाढ़ आने की चार घटनाएं और एक बड़ा भूस्खलन हुआ।

इनमें से अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं। इन घटनाओं के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। गोहर में चार, करसोग में तीन, धरमपुर में दो और मंडी के थुनाग में एक स्थान पर बादल फटने की खबर है। गोहर के सियंज में दो शव तथा थुनाग, धार जारोल और पांडीव शील क्षेत्रों में एक-एक शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है। गोहर के बाड़ा में मंगलवार को दो और तलवारा में एक व्यक्ति की मौत हुई जबकि करसोग के पुराने बाजार में एक व्यक्ति की मौत हुई। वहीं जोगिंदरनगर के नेरी-कोटला में एक शव बरामद किया गया। भारी बारिश के कारण राज्य में कुल 282 सड़कें बंद हो गईं और 1361 ट्रांसफॉर्मर तथा 639 जल योजनाएं बाधित हो गईं। एसईओसी के अनुसार, सबसे अधिक नुकसान मंडी में हुआ, जहां बुधवार सुबह तक 182 सड़कें वाहनों की आवाजाही के लिए अवरुद्ध रहीं और 633 ट्रांसफॉर्मर तथा 465 जल योजनाएं प्रभावित रहीं। एसईओसी ने बताया कि इसके अलावा 24 मकान, 12 पशुशालाएं, एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, 30 मवेशी मारे गए, जबकि मंडी में 316 लोगों सहित कुल 370 लोगों को बचा लिया गया है और 11 अब भी फंसे हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो-दो टीम, पुलिस और होमगार्ड के साथ जिले में खोज और बचाव अभियान में सक्रिय रूप से लगी हुई हैं। इस बीच, राज्य के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश जारी है। कसौली में पिछली शाम से 55 मिलीमीटर बारिश हुई, इसके बाद बग्गी में 54.8 मिलीमीटर, धरमपुर में 38.8 मिलीमीटर, मंडी में 36.8 मिलीमीटर बारिश हुई।

## देश में 11 नदी निगरानी केंद्र पर चेतावनी स्तर के पार : सीडब्ल्यूसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने कहा कि देश में 11 नदी निगरानी केंद्रों पर पानी का स्तर बाढ़ चेतावनी स्तर को पार कर गया है। हालांकि, सीडब्ल्यूसी ने स्पष्ट किया कि फिलहाल किसी भी केंद्र पर पानी का स्तर खतरे के निशान या बाढ़ की चरम सीमा तक नहीं पहुंचा है। आयोग ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर यह जानकारी साझा की है। बुलेटिन में बताया गया है कि अभी कोई भी नदी निगरानी केंद्र गंभीर या उच्चतम बाढ़ की स्थिति वाली श्रेणी में नहीं है, यानी किसी भी स्थान पर पानी का स्तर खतरे के निशान या ऐतिहासिक रूप से बाढ़ के उच्चतम स्तर तक नहीं पहुंचा है। हालांकि, इसमें असम, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के 12 नदी निगरानी केंद्रों को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया है।

# मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार किया प्रति व्यक्ति कर्ज 4.8 लाख रुपये हुआ: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे

कांग्रेस ने भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट से संबंधित खबरों का हवाला देते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है और पिछले दो साल में प्रति व्यक्ति कर्ज 90 हजार रुपये से बढ़कर 4.8 लाख रुपये हो गया है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि जनता कर्ज में डूब रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परम मित्र मुनाफा कमा रहे हैं तथा उनकी संपत्ति बढ़ती ही जा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, अच्छे दिन का कर्ज़! मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह सालों में देश की अर्थव्यवस्था का बंटाधार कर दिया है।

रमेश ने कहा कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में कोई प्रयास नहीं किया गया, केवल पूंजीपति मित्रों के लिए सारी नीतियां बनाई गईं, जिसका अंजाम आज देश की जनता भुगत रही है।

## संरा सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता पाकिस्तान को मिलने पर आलोचना की

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली सरकार पर पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में महत्वपूर्ण पदों पर काबिज होने से रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया और इसे भारत के लिए एक बड़ा कूटनीतिक झटका बताया। पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि उसने जुलाई के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता संभाली है।

## रथ यात्रा



पुरी में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को बहुदा यात्रा से पहले गुंडिचा मंदिर के सिंहद्वार (मुख्य द्वार) से दक्षिण द्वार तक खींचते सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

## एक नजर

### अंतर्राज्यीय हथियार रैकेट का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतरराज्यीय हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो नाबालिग समेत छह लोगों को पकड़ा है। अधिकारी ने बताया कि एक महीने तक चले इस अभियान के दौरान 13 देशी पिस्तौलें, एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल, 18 कारतूस और अवैध हथियारों की ढुलाई में इस्तेमाल किया गया एक स्कूटर बरामद किया गया है।

### दिल्ली में पेट्रोल पंप मालिकों पर जुर्माना, कोर्ट ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट दिल्ली सरकार और सीएक्यूएम से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें समयसीमा समाप्त वाले वाहनों को ईंधन देने के नियम का पालन न करने पर पेट्रोल पंप मालिकों पर मुकदमा चलाने और जुर्माना लगाने के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की गई है। नियमों के अनुसार, दिल्ली भर के पेट्रोल पंपों को सीएक्यूएम के निर्देशों के तहत एक जुलाई से समयसीमा समाप्ति वाले वाहनों को ईंधन नहीं देने के लिए कहा गया है। 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं देने के निर्देश दिए गए हैं।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगल वाले इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ उस समय शुरू हुई जब पुलिस ने सेना और सीआरपीएफ की सहायता से बुधवार शाम आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना मिलने के बाद चटरू के कुचल इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों को देखकर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी थी।

# संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में आरोपी नीलम आजाद व महेश कुमावत को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 में संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दो आरोपियों को बुधवार को जमानत दे दी। हालांकि अदालत ने घटना के बारे में प्रेस या सोशल मीडिया से उनके बात करने पर रोक लगा दी है। पीठ ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर राहत दी। कोर्ट ने कहा, हम जमानत दे रहे हैं...वे घटना के बारे में न तो साक्षात्कार दें और न ही प्रेस या सोशल मीडिया में बयान दें। वे दिल्ली छोड़कर नहीं जा सकते और हर बुधवार और शुक्रवार को उन्हें जांच एजेंसी के सामने पेश होना होगा। आरोपियों ने दिसंबर 2023 में हुई घटना के संबंध में अपनी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। दिल्ली पुलिस ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों का इरादा 2001 के संसद हमले की भयावह यादें ताजा करना था।

# एनसीबी ने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया, शाह ने सराहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध



स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कार्रवाई को बहु-एजेंसी समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। शाह ने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश के युवाओं की सुरक्षा के लिए हर मादक पदार्थ गिरोह को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है चाहे वे कहीं से भी काम करते हों।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अवैध मादक पदार्थ व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाइयों में से एक के तहत एनसीबी ने एक अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया, जो एन्क्रिप्टेड डिजिटल मंच, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर चार महाद्वीपों में प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी कर रहा था। शाह ने कहा, एनसीबी और अन्य एजेंसियों को वैश्विक मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ करने पर बधाई।

जांच ने बहु एजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया, जिसके परिणामस्वरूप आठ गिरफ्तारियां हुईं और पांच खेप जब्ती हुईं, चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है।

## दवा संयंत्र विस्फोट की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड की एक इकाई में हुए विस्फोट के मूल कारणों की पहचान तथा उससे संबंधित घटनाओं की कड़ियां स्थापित करने के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के आदेश जारी किए। इस इकाई में 30 जून को विस्फोट होने और आग लगने से 38 लोगों की मौत हो गई थी।

इस समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है तथा उसे उसमें विशिष्ट सुझाव और सिफारिशें देनी हैं। आदेश में कहा गया है कि समिति का नेतृत्व सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ बी वेंकटेश्वर राव करेंगे। समिति यह भी अध्ययन करेगी कि इस औद्योगिक इकाई में श्रमिक सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया जाता है या नहीं।

# अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल व पार्टी नेता हिरासत में लिए गए

**चंडीगढ़, एजेंसी**



- पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे

शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य अकाली नेताओं को बुधवार को मोहाली में हिरासत में लिया गया जहां वे पार्टी नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के साथ एकजुटता व्यक्त करने पहुंचे थे। मजीठिया को आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के एक मामले में मोहाली की एक अदालत में पेश किया गया। उनकी सात दिन की सतर्कता रिमांड आज खत्म हो गई।

मोहाली में सतर्कता ब्यूरो (वीबी) कार्यालय और जिला अदालत परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। बादल के साथ पार्टी नेता सिकंदर सिंह मलूका और परमबंस सिंह बंटी रोमाना को अंब साहिब गुरद्वारे के पास हिरासत में लिया गया। बादल और अन्य अकाली नेताओं ने गुरद्वारे की ओर बढ़ने की कोशिश की तभी पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

बाद में पुलिस ने बादल और अन्य अकाली नेताओं को हिरासत में ले लिया और उन्हें एक थाने में ले गए। एक वीडियो में पूर्व उप मुख्यमंत्री बादल को पुलिस के एक अधिकारी से यह कहते सुना जा सकता है कि उन्हें जाने दिया जाए क्योंकि वह गुरद्वारे में मत्था टेकना चाहते हैं।

## एक नजर

### वेस्टइंडीजी खिलाड़ी पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** वेस्टइंडीज की वर्तमान टीम के एक सदस्य पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, जिसके बाद टीम के मुख्य कोच डेरेन सैमी ने न्याय की मांग की है, लेकिन साथ ही उचित प्रक्रिया का पालन करने पर भी जोर दिया है। गयाना के कैएटूर न्यूज में पिछले सप्ताह प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक किशोरी सहित 11 महिलाओं ने इस अज्ञात क्रिकेटर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जिनमें से कुछ कथित तौर पर 2023 तक के हैं। अब तक कोई औपचारिक मामला दायर नहीं हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले सैमी ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया तथा कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान करने पर जोर दिया।

### एशियाई चैंपियन 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी याराजी चोटिल

**नई दिल्ली।** एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक 100 मीटर बाधा दौड़ धाविका ज्योति याराजी को कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान घुटने में चोट लग गई, जिससे सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए उनकी उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली याराजी के पास सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है, लेकिन हाल में लगी चोट उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड (12.78 सेकेंड) धारक याराजी ने इंस्टाग्राम पर लिखा, कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान मेरे घुटने में दुर्भाग्य से चोट लगने के कारण मुझे ब्रेक लेना पड़ा।

### विश्व मुक्केबाजी कप : मीनाक्षी और पूजा ने भारत के दो पदक पक्के किए

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** मीनाक्षी (48 किलो) और पूजा रानी (80 किलो) ने विश्व मुक्केबाजी कप के तीसरे दिन बुधवार को सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत के दो पदक पक्के कर दिए। मीनाक्षी ने चीनी ताइपै की गुओ यि शुआन को 5-0 से हराया। पूजा रानी ने कजाखस्तान की गुलसाया येरजान को बंटे हुए फैसले पर 4-1 से मात दी। इससे पहले अनामिका (51 किलो) तुर्की की एइसेन तसकीन को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। पुरुष वर्ग में जादूमणी सिंह को फिलीपींस के जे ब्रायन ने करीबी मुकाबले में हरा दिया।

### डोप टेस्ट से बचने को 4 एथलीटों पर लगा प्रतिबंध हुआ कम

**नई दिल्ली।** ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने को लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था।

# शतक से चूके जायसवाल, भारत के 5 विकेट पर 259 रन

## दूसरे टेस्ट मैच का पहला दिन : केएल राहुल, नायर और पंत नहीं खेल पाए बड़ी पारी, इंग्लैंड के वोक्स ने लिए दो विकेट



87 रन
107 गेंद
13 चौके
यशस्वी जायसवाल।

### भारत-इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला

**बर्मिंघम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल शतक से चूक गए लेकिन उनके 87 रन की मदद से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को चाय तक तीन विकेट पर 182 रन बना लिए। चाय के समय कप्तान शुभमन गिल 109 गेंद में 42 और उपकप्तान ऋषभ पंत 28 गेंद में 14 रन बनाकर खेल रहे थे। चाय के बाद आगे का खेल जारी रखते हुए गिल ने अर्धशतक जड़ा वहीं, पंत बड़ी पारी खेलने से चूक गए और 25 रन पर बशीर की गेंद पर क्रॉली को कैच थमा बैठे। इसके बाद गिल का साथ देने के लिए मैदान पर आए नीतीश कुमार रेड्डी मात्र एक रन बनाकर वोक्स का शिकार हुए। भारतीय पारी को संभालने के लिए पिच पर रवींद्र जाडेजा 15 बनाकर खेल रहे है वहीं गिल (82*) अपनी समझदारी भरी बल्लेबाजी से शतक की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान भारतीय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 259 था। वहीं इंग्लैंड की ओर से वोक्स ने दो विकेट लिए।

दूसरे सत्र में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने जायसवाल को शॉर्ट और वाइड गेंद पर विकेट के पीछे जैमी स्मिथ के हाथों लपकवाया। जायसवाल ने 107 गेंद में 13 चौकों की मदद से 87 रन बनाए। भारत ने दूसरे सत्र में 28 ओवर में जायसवाल का विकेट खोकर 84 रन बनाए। गिल 34वें ओवर में ब्रायडन कार्स की गेंद पर पगबाधा की पुरजोर अपील से बाल बाल बचे। उन्होंने इंग्लैंड के एकमात्र स्पिनर शोएब बशीर को एक्स्ट्रा कवर पर चौका जड़ा जबकि पंत ने मिड आन के ऊपर से उन्हें छक्का लगाया। सुबह पहले घंटे में केएल राहुल (26 गेंद में दो रन) को क्रिस वोक्स ने सस्ते में आउट कर दिया।

कार्स ने लंच से ठीक पहले करूण नायर (31 रन) को दूसरी स्लिप में हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाकर भारत को दूसरा झटका दिया। पहले घंटे में गेंद को ज्यादा स्विंग तो नहीं मिली लेकिन सीम खूब मिली। कार्स ने जायसवाल को छाती पर गेंद डालने की कोशिश की लेकिन इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी सामना किया। उन्होंने कार्स को कुछ अच्छे कवर ड्राइव लगाकर शुरूआत की। उन्होंने स्टोक्स को शानदार पूल शॉट भी खेले।बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजे गए नायर को भी इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों ने कई फुललैंग्थ गेंदें फेंकी लेकिन उन्होंने कवर और स्ट्रेट में चौके लगाकर माकूल जवाब दिया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। वहीं साइ सुदर्शन की जगह वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की जगह नीतिश कुमार रेड्डी खेल रहे हैं। तेज गेंदबाज आकाश दीप को भी जगह मिली है जबकि कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव फिर बाहर हैं।



शुभमन गिल

# लॉर्ड्स में तीसरा टेस्ट खेलेंगे बुमराह : गिल

- कार्यभार प्रबंधन के कारण दूसरे मैच में दिया गया आराम

**बर्मिंघम, एजेंसी**





भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे।

### बुमराह को बाहर बैठाने के फैसले से शास्त्री स्तब्ध



**बर्मिंघम।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पूरी तरह से फिट जसप्रीत बुमराह को आराम देने के भारत के फैसले पर हैरानी जताई और कहा कि इस तेज गेंदबाज को महत्वपूर्ण मैच से बाहर बैठने का विकल्प नहीं दिया जाना चाहिए था। पिछले साल अक्टूबर से टेस्ट क्रिकेट में खराब दौर से गुजर रहा भारत अपने नौ मैच में से सिर्फ एक में जीत हासिल कर पाया है जो एक दशक से भी अधिक समय में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारतीय टीम लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 5 विकेट से हार गई थी। शास्त्री ने कहा, अगर आप भारत के प्रदर्शन को देखें तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण टेस्ट मैच है। आपने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच गंवाए, आपने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 3 मैच गंवाए। आप यहां पहला टेस्ट मैच हार गए और आप जीत की राह पर वापस लौटना चाहते हैं। आपके पास दुनिया का सबसे अच्छा तेज गेंदबाज है और आप उसे सात दिन के ब्रेक के बाद बाहर बैठाते हैं, इस पर यकीन करना बहुत मुश्किल है। बुमराह ने लीड्स में पहले टेस्ट की पहली पारी में 14वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए थे।

गिल ने कहा, हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया। तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

# क्लासिकल शतरंज को अधिक प्रयास जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा का मानना है कि मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी धीरे-धीरे क्लासिकल शतरंज से दूर हो रहे हैं, जिसका कारण मानसिक और शारीरिक थकावट है जो लंबे समय तक लंबे प्रारूप में खेलने से आती है। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन और दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी ग्रैंडमास्टर नाकामुरा ने कम क्लासिकल मैच खेले हैं जबकि इनका ध्यान फ्रीस्टाइल, रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूपों पर रहा है।

इस साल 3 मुख्य क्लासिकल खिताब जीतने वाले प्रज्ञानानंदा का मानना है कि खिलाड़ियों को क्लासिकल शतरंज के लिए लगने वाली घंटों की तैयारी पसंद नहीं है, जिससे उन्हें रैपिड व ब्लिट्ज इससे अधिक संतोषजनक लगते हैं। प्रज्ञानानंदा ने कहा, क्लासिकल शतरंज खेलना मुश्किल है। क्लासिकल शतरंज में शुरुआती तैयारी बहुत अहम होती है। अगर आप इसकी तुलना फ्रीस्टाइल से करें तो आपको इससे पहले तैयारी करने की जरूरत नहीं होती है जबकि क्लासिकल शतरंज में आपको तैयारी के लिए बाध्य होना पड़ता है। इस साल टाटा स्टील मास्टर्स, सुपरबेट क्लासिक और उज शतरंज कप जीतने वाले प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी यह प्रक्रिया पसंद करता है लेकिन आप मजबूर हैं और आपको हर चीज के लिए एक योजना बनानी होती है।

# जोकोविच जीते, गॉफ व ज्वेरेव हुए बाहर



**लंदन, एजेंसी**

नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई, लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या से दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी, लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा। ज्वेरेव को पहले दौर में आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। विम्बलडन और फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। 126वें नंबर के खिलाड़ी बेसिलशविली 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं। विंबलडन में मंगलवार को महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने हराया। विंबलडन में दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष व 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे।

### नवारो से हार के साथ क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

**लंदन।** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो से मिली हार के साथ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की क्वितोवा को नवारो ने सीधे सेट में हाराया। 2011 और 2014 में खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। क्वितोवा ने कहा, यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है। मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता।

# अमनजोत-रोड्रिग्स ने दिलाई भारत को 24 रन से जीत

**ब्रिस्टल, एजेंसी**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारतीय टीम ने मंगलवार रात को मिली जीत से 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 4 विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। स्पिनरों के नेतृत्व में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही।

हरमनप्रीत ने कहा, हमने शानदार जीत हासिल की। आज हमारी टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया वह काबिले तारीफ है। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ। भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (3), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (1) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाने वाली रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी करके न केवल भारत को 31 रन पर 3 विकेट से उबारा, बल्कि बड़े स्कोर की नींव रखी। रोड्रिग्स 15वें ओवर में लॉरेन बेल की गेंद पर सोफिया डंकले के हाथों कैच आउट हो गई। अमनजोत ने ऋचा घोष (22 गेंदों पर नाबाद 32) के साथ 57 रन की साझेदारी की, जिससे भारत महिला क्रिकेट में दूसरा सर्वोच्च स्कोर बनाने में सफल रही।

# मुख्य फुटबॉल कोच मारक्वेज ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आलोचनाओं का सामना कर रहे मुख्य कोच ने एआईएफएफ के साथ बनी सहमति पर इस्तीफा दिया

आलोचनाओं का सामना कर रहे भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच मनोलो मारक्वेज ने बुधवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ 'आपसी सहमति' पर पहुंचने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया। एआईएफएफ पर हाल में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जवाबदेही तय करने का दबाव था। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने यहां बैठक में 56 वर्षीय मारक्वेज को पदमुक्त करने पर सहमति जताई क्योंकि उन्होंने ऐसा करने की इच्छा जताई थी। मारक्वेज के अनुबंध में एक साल बाकी था। एआईएफएफ के उप महासचिव के सत्यनारायण ने बताया, एआईएफएफ और मनोलो ने दोनों पक्षों पर कोई वित्तीय प्रभाव डाले बिना आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। इसलिए उन्हें भारत के कोच के पद से मुक्त कर दिया गया है। एआईएफएफ जल्द ही मुख्य कोच के पद के लिए विज्ञापन देगा।

# पंत छठे तो बुमराह गेंदबाजी में शीर्ष पर कायम

**दुबई, एजेंसी**

### आईसीसी की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत को एक स्थान का फायदा

- गेंदबाजी रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह के 907 अंक, अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस क्रमश: दूसरे और तीसरे
- बल्लेबाजों में यशस्वी जायसवाल चौथे और सूची में शीर्ष भारतीय, कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पहुंचे



भारत के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में बुधवार को एक स्थान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले हफ्ते एक ही टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले सिर्फ दूसरे विकेटकीपर बने पंत के करियर के सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हैं।

वह शीर्ष पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट से सिर्फ 88 अंक पीछे हैं। पंत ने जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की थी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार हैं और बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष भारतीय है। कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के नुकसान से 21वें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में 28 और नाबाद 53 रन की पारी खेलने वाले रूट ने दूसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड के अपने हमवतन हैरी ब्रूक पर 15 अंक की बढ़त बना रखी है। भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 149 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट करियर के सर्वश्रेष्ठ आठवें स्थान पर हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के नेतृत्वकर्ता जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर कायम हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट चटकाए थे। दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबादा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर बरकरार हैं। जोश हेजलवुड एक स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर नोमान अली को पछाड़ा। इस बीच भारत के रविंद्र जडेजा भी टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं।

# गार्सिया के गोल से रियाल मैड्रिड क्वार्टर फाइनल में

**मियामी गार्डन्स (अमेरिका), एजेंसी**

### क्लब विश्व कप



गोंजालो गार्सिया ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड ने राउंड ऑफ 16 में युवेंटस को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी के कारण गार्सिया ने रियाल मैड्रिड के सभी चार मैचों में शुरुआत की है। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को 54वें मिनट में हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। गार्सिया को 68वें मिनट में बाहर भेज दिया गया, जबकि एमबाप्पे ने क्लब विश्व कप में पदार्पण किया। बीमारी के कारण वह कुछ समय के लिए अस्पताल में भर्ती रहे और ग्रुप चरण के तीनों मैच में नहीं खेल पाए थे।

# फिर पलटे मस्क, कई बड़े संघर्ष खत्म करने पर की ट्रंप की तारीफ

- दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी दी थी अमेरिकी राष्ट्रपति ने

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी के बाद अब मशहूर कारोबारी एलन मस्क ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने विश्व में कई गंभीर संघर्षों को हल किया है। मंगलवार को ही ट्रंप ने 'स्पेसएक्स' के संस्थापक मस्क को दक्षिण अफ्रीका भेजने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने धमकी दी थी।

दरअसल 'एक्स' के मालिक मस्क ने हाल ही में सीनेट की ओर से पारित किए गए वन बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना करते हुए इसे पागलपन और सनक करार दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी शुरू कर दी थी। ट्रंप के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने 'एक्स' पर कहा कि वह स्थिति को तूल देने से परहेज करेंगे, भले ही ऐसा करने की उनकी जोरदार इच्छा हो।

इजराइल और हमास के बीच 60 दिवसीय युद्धविराम के बारे में मस्क ने 'एक्स' पर कहा, जहां जरूरी हो वहां श्रेय दिया चाहिए। ट्रंप ने विश्व के कई गंभीर संघर्षों को रोका है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ ट्रंप की गाजा में युद्धविराम की घोषणा वाली पोस्ट भी शेयर की है। गौरतलब है कि मई में अमेरिकी संसद के निचले सदन ने ट्रंप के 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' को आगे बढ़ाया था जिसमें संघीय खर्च में कटौती के साथ गंभीर कर छूट का भी प्रावधान है।

# जापान को 35 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को जापान को धमकी दी कि अगर दोनों देशों के बीच अगले सप्ताह की समय सीमा से पहले व्यापार समझौता नहीं होता है तो उस पर 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप ने 2 अप्रैल को जापान पर 'मुक्ति दिवस' के हिस्से के रूप में 24 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया था।जापान पर लगाया गया 24 प्रतिशत शुल्क ट्रंप के 'मुक्ति दिवस' के एक भाग के रूप में था, जिसमें उन्होंने दुनिया भर के देशों पर आयात शुल्क लगाया था। ट्रंप ने इसी दिन दुनिया भर के देशों पर भारी आयात शुल्क लगाने की घोषणा की थी।

## दुनिया भर की हैं जिस पर निगाहें

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वन बिग ब्यूटीफुल बिल के नाम से आजकल दुनिया भर में चर्चित आर्थिक सुधारों का यह प्रस्ताव सीनेट में पारित होने के बाद एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर चुका है। इस बिल के तहत मुख्य रूप से करों में भारी कटौती, व्यापार विनियमों की ढील, और पर्यावरण नियमों में छूट शामिल है। भारत समेत करीब पूरी दुनिया पर इसका कुछ न कुछ असर पड़ेगा, लेकिन फिलहाल अमेरिका में ही इस बिल पर सबसे बड़ा विवाद अरबपति मस्क और राष्ट्रपति ट्रंप के टकराव के रूप में सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस बिल के पीछे ट्रंप की आर्थिक सोच का सार कम टैक्स, कम नियम और अमेरिका फर्स्ट है। यह आर्थिक दृष्टि से कुछ वर्गों को बहुत लाभ पहुंचा सकता है लेकिन इसका सामाजिक और पर्यावरणीय दुष्परिणाम गंभीर हो सकता है।

### ये बदलाव होंगे कानून लागू होने से

व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट टैक्स में कटौती होगी। अमीरों और कंपनियों के लिए टैक्स में और कमी की योजना है। ट्रंप का वादा मध्यम वर्ग को भी टैक्स राहत का है, लेकिन उसका अनुपात कम हो सकता है। पर्यावरण, श्रम, और वित्तीय नियमों में ढील दी जा सकती है, इससे तेल, गैस, कोयला और पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मेड इन अमेरिका को बढ़ावा देने और उत्पादन वापस लाने के लिए टैक्स इंसेंटिव दिए जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे महंगाई, घाटा दोनों बढ़ सकते हैं।

### मस्क और ट्रंप के बीच टकराव

मस्क का दावा है कि यह बिल परंपरागत ईंधन सेक्टर को लाभ पहुंचाएगा और ईवी सब्सिडी या ग्रांट में कटौती की जाएगी। दरअसल मस्क भावी तकनीकों जैसे एआई, ईवी और अंतरिक्ष मिशनों में निवेश चाहते हैं, लेकिन ट्रंप पुराने उद्योगों को प्राथमिकता दे रहे हैं।




### संभावित फायदे और नुकसान

कम टैक्स और नियमों की ढील से कंपनियों को विस्तार में सहूलियत होगी, साथ ही कॉर्पोरेट टैक्स घटाने से विदेशी निवेश आकर्षित हो सकता है। ट्रंप समर्थक वर्ग फायदे में रहेगा। विशेष रूप से धनी वर्ग, ऊर्जा कंपनियां और रियल एस्टेट सेक्टर। इसके उलट इस बिल बजट घाटा बढ़ने और 2017 की तरह भी राजस्व में भारी गिरावट का अनुमान भी है। कहा जा रहा है कि गरीब और मध्ययम वर्ग को कम लाभ मिलने से धन की असमानता और बढ़ेगी।

### भारत और अमेरिका के संबंधों पर असर

- अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत भारत पर उच्च आयात शुल्क लगाए जा सकते हैं। भारत के लिए निर्यात कठिन हो सकता है, विशेषकर स्टील, फार्मा और टेक्सटाइल में।
- भारत को फिर से जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रिफेरेंस से बाहर रखा जा सकता है। यह भारत के मध्यम उद्योगों को नुकसान पहुंचा सकता है।
- व्यापार घाटे पर जोर देने की नीति के तहत ट्रंप भारत से अमेरिका को कम आयात, ज्यादा निर्यात का दबाव बना सकते हैं।
- ट्रंप पहले ही एच-1 बी वीजा नियमों को सख्त कर चुके हैं। भारत के IT पेशेवरों के लिए अमेरिका में अवसर सीमित हो सकते हैं।
- आउटसोर्सिंग विरोधी रुख से भारत की बीपीओ और टेक कंपनियों पर असर पड़ सकता है। भारतीय कंपनियों के विस्तार में रुकावट आ सकती है।
- चीन के खिलाफ भारत को रणनीतिक समर्थन मिल सकता है, भारत के साथ रक्षा सौदे संभव हैं लेकिन ट्रंप इसमें निजी आर्थिक फायदे देखेंगे।
- भारत के साथ ग्रीन एनर्जी सहयोग कमजोर पड़ सकता है।अमेरिका भारत में भी कोयला-तेल प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित कर सकता है।

## एक नजर

### ऑस्ट्रेलिया : विमान में सांप निकला, उड़ान में हुई देरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक घरेलू उड़ान में दो घंटे की देरी हुई, क्योंकि विमान में सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। सांप पकड़ने वाले मार्क पेले के अनुसार, मंगलवार को जब यात्री ब्रिस्बेन जाने वाली वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की उड़ान वीए337 में मेलबर्न हवाई अड्डे पर चढ़ रहे थे, तब सामान रखने वाले स्थान पर एक सांप पाया गया। जब वह अंधेरे में उसके पास पहुंचे तो उन्हें लगा कि यह जहरीला हो सकता है। जब मैंने सांप को पकड़ा, तब मुझे एहसास हुआ कि यह जहरीला नहीं था। दुनिया के ज्यादातर जहरीले सांप ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं।

### जापानः टोकारा द्वीप पर 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में टोकारा द्वीप पर बुधवार को 5.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गे। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि भूकंप स्थानीय समयानुसार दोपहर 3:26 बजे आया, जिसका केंद्र लगभग 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप का केंद्र 29.2 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 129.2 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। कागोशिमा प्रान्त के तोशिमा गांव में भूकंपीय तीव्रता 5 से कम थी। अन्य क्षेत्रों में जहां 3 या उससे अधिक तीव्रता दर्ज की गई। उन पर वर्तमान में निगरानी रखी जा रही है।

### स्वेज की खाड़ी में जहाज डूबा, चार की मौत

**काहिरा।** स्वेज की खाड़ी में तेल निकालने वाले एक जहाज के पलट जाने से चालक दल के कम से कम चार सदस्यों की मौत हो गई और चार अन्य लापता हो गए। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तेल निकालने वाला जहाज मंगलवार शाम को लाल सागर के उत्तर पश्चिमी भाग और एक अहम समुद्री मार्ग स्वेज की खाड़ी के अफ्रीकी हिस्से से सटे रास घरेब शहर के पास पलट गया। लाल सागर प्रांत के गवर्नर अमर हनाफी ने कहा कि जहाज पलटने के वक्त उसमें 30 कर्मचारी सवार थे। उन्होंने बताया कि बचाव दलों ने चार शव बरामद किए और 22 अन्य को बचाया, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### अफ्रीकी संघ का सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मोगादिशु के अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन कार्यालय के प्रमुख अर्तान मोहम्मद ने बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायुसेना का था, लेकिन अफ्रीकी संघ का शांति मिशन इसका संचालन कर रहा था।

# क्वाड देशों का आह्वान, बिना देरी दंडित हों पहलगाम हमले के दोषी

## भारत, अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने जारी किया संयुक्त बयान

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी**

क्वाड देश भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एवं उनसे जुड़े लोगों को तत्काल के न्याय के दायरे में लाने का आह्वान किया।

वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के ताकेशी इवाया ने कहा, हम 22 अप्रैल, 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई, जबकि कई घायल हो गए।

हम इस निंदनीय घटना में शामिल आतंकवादियों और उन्हें आर्थिक तौर पर मदद करने वाले संगठनों एंव उनसे जुड़े लोगों को तत्काल न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस मामले में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह करते हैं।



क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ जयशंकर।

संयुक्त वक्तव्य में चारों देशों की स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। उन्होंने चार प्रमुख क्षेत्रों-समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती हुई प्रौद्योगिकी, और मानवीय सहायता एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया पर केंद्रित एक नए, महत्वाकांक्षी और मजबूत एजेंडे की भी घोषणा की। इस बैठक में क्वाड देशों ने 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' के शुभारंभ की भी घोषणा की, जो महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की दिशा में सहयोग कर आर्थिक सुरक्षा और सामूहिक लचीलेपन को मजबूत करने के लिए हमारी साझेदारी का एक महत्वाकांक्षी विस्तार है। वक्तव्य में कहा गया, हम कानून के शासन, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

### चारों देशों ने समुद्र में चीन की गतिविधियों पर जताई गंभीर चिंता

क्वाड राष्ट्रों ने चीन और समुद्र में उसकी आधिपत्यवादी गतिविधियों के संदर्भ में पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई के प्रति अपने कड़ा विरोध व्यक्त करते हैं जो ताकत या दबाव से यथास्थिति को बदलने की कोशिश करते हैं। हम खतरनाक और भड़काऊ गतिविधियों को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं। ऐसी गतिविधियों में अपतटीय संसाधन विकास में हस्तक्षेप, नेविगेशन और ओवरफ्लाइट में बार-बार बाधा डालना, सैन्य विमानों और तट रक्षक और समुद्री जहाजों द्वारा खतरनाक युद्धाभ्यास करना शामिल है। ये कार्रवाइयां क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं। उन्होंने विशेष रूप से महत्वपूर्ण खनिजों के लिए प्रमुख आपूर्ति शृंखलाओं की अचानक कमी और भविष्य की विश्वसनीयता के बारे में भी गहरी चिंता जताई।

# चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना खारिज की

**बीजिंग।** चीन ने दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को बुधवार को खारिज करते हुए इस पर जोर दिया कि किसी भी भावी उत्तराधिकारी को उसकी मंजूरी लेनी होगी। इस तरह चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के साथ तिब्बती बौद्ध के दशकों पुराने संघर्ष में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने बुधवार को कहा कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी और केवल गादेन फोडरंग ट्रस्ट के पास उनके उत्तराधिकारी को तय करने का अधिकार होगा। इसके साथ ही दलाई लामा ने इस अनिश्चितता को समाप्त कर दिया कि उनके बाद उनका कोई उत्तराधिकारी होगा या नहीं।

गादेन फोडरंग ट्रस्ट की स्थापना दलाई लामा ने 2015 में की थी। रविवार को दलाई लामा के 90वें जन्मदिन से पहले उनकी यह घोषणा बीजिंग के साथ तनाव बढ़ाने वाली है। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दलाई लामा की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, दलाई लामा के पुनर्जन्म को धार्मिक परंपराओं और कानूनों के अनुरूप घरेलू मान्यता, स्वर्ण कलश प्रक्रिया और केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन के सिद्धांतों का पालन करना होगा।

# ईरान ने शुरू किया फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम

- सेटेलाइट तस्वीरों से संयंत्र पर कई भारी उपकरणों की मौजूदगी का पता चला, नई सड़क भी बनी

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने पिछले महीने अपने परमाणु संयंत्रों पर की गई अमेरिकी बमबारी के बाद फोर्डो परमाणु संयंत्र पर काम शुरू कर दिया है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि मैक्सार टेक्नोलॉजीज की उपग्रह छवियों से उस संयंत्र तक पहुंचने के लिए एक नई सड़क के निर्माण और उपकरणों की तैनाती का पता चला है।

उपग्रह से ली गई तस्वीरों के अनुसार, ईरान अपने इस प्रमुख परमाणु संयंत्र में हुए नुकसान की मरम्मत के लिए रात दिन काम कर रहा है। उपग्रह तस्वीरों में पहाड़ पर फोर्डो संयंत्र की ओर जाने वाली एक नई बनी सड़क दिख रही है। इसके साथ ही वहां कई वाहन भी दिख रहे हैं जिनमें एक उत्खनन वाहन और एक मोबाइल क्रेन शामिल हैं।

वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा संस्थान (आईएसआईएस) के एक विश्लेषण का हवाला दिया गया जिसमें कहा गया था कि उत्खनन वाहन संभवतः भूमिगत संयंत्र को हुए नुकसान का निरीक्षण करने के लिए कैमरों या कर्मचारियों को नीचे उतारने के लिए स्टेजिंग एरिया तैयार कर रहा था। सोमवार को आईएसआईएस अध्यक्ष डेविड अलब्राइट ने कहा कि मैक्सार की तस्वीरों से पता चलता है कि ईरान बम प्रभावित दो स्थलों पर नीचे की ओर निरीक्षण की तैयारी कर रहा है।

### आईएईए के साथ किया सहयोग से साफ इन्कार

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ देश के सहयोग को फिलहाल रोकने के लिए कानून लागू करने का आदेश दिया है। 'तस्नीम न्यूज' एजेंसी ने बुधवार को बताया कि ईरानी संवैधानिक परिषद के प्रवक्ता हादी तहन नाजिफ ने कहा कि कानून में आईएईए के साथ फिलहाल सहयोग नहीं करने का प्रावधान है। यह तब तक जारी रहेगा जब तक कि ईरान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इसकी परमाणु सुविधाओं तथा वैज्ञानिकों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं हो जाती। रिपोर्ट में कहा गया है कि पेजेशकियन ने मंगलवार को ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन, विदेश मंत्रालय और सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को लागू करने का आदेश दिया।

# इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्ष विराम की शर्तों पर सहमत : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दी चेतावनी, अगर समझौता स्वीकार न किया तो और ज्यादा बिगड़ेंगे हालात

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्षविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है और उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने इसकी घोषणा तब की है जब वह सोमवार को व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मिलेंगे। ट्रंप इजराइल की सरकार और हमास पर संघर्ष विराम करने, बंधकों की रिहाई के लिए समझौता करने और गाजा में युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे प्रतिनिधियों ने आज इजराइल के अधिकारियों के साथ गाजा के मुद्दे पर बातचीत की। इजराइल 60 दिन के संघर्षविराम की जरूरी शर्तों पर सहमत हो गया है। हम सभी पक्षों के साथ मिलकर युद्ध को खत्म करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रस्ताव कतर और मिस्र रखेंगे।

### गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा : नेतन्याहू

**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को कहा कि गाजा में युद्ध के बाद हमास का अस्तित्व नहीं रहेगा। दरअसल अमेरिकी नेता इजराइल सरकार और हमास पर युद्ध विराम, बंधकों से संबंधित समझौते तथा युद्ध को समाप्त करने के लिए दबाव बढ़ा रहे हैं। हमास ने बुधवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे मध्यस्थों से एक प्रस्ताव मिला है और वह युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के लिए वार्ता की मेज पर लौटने के वास्ते उनके साथ बातचीत कर रहा है।

# पाकिस्तान में बम धमाके से मारे गए चार सरकारी अफसर

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को हुए बम धमाके में एक सहायक आयुक्त समेत चार सरकारी अधिकारियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

अफगानिस्तान की सीमा से सटे आदिवासी जिले बाजौर में खार तहसील के मेला मैदान के पास हुए इस विस्फोट में नवागई तहसील के सहायक आयुक्त फैसल सुल्तान के वाहन को निशाना बनाया गया। अन्य मृतकों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक नूर हकीम, तहसीलदार वकील खान और सिपाही रशीद के रूप में हुई है। सुरक्षाबलों ने घटनास्थल की घेराबंदी कर दी है, तलाश अभियान और हमले की जांच जारी है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार बैरिस्टर सैफ ने विस्फोट की निंदा की है।

## आध्यात्मिक नेता का संदेश



धर्मशाला में बुधवार को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा की ओर से जारी किए गए वीडियो संदेश को देखते हुए तिब्बती बौद्ध धर्म के विभिन्न संप्रदायों के भिक्षु। ये वीडियो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार 6 जुलाई को दलाई लामा के जन्मदिन से पहले जारी किया गया था। एजेंसी

# बोरिंग मशीन से सुरंग तैयार करने में बना विश्व रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल संपर्क परियोजना के तहत तैयार की जा रही एक सुरंग का काम 29 जून को पूरा करने के साथ ही निर्माण कंपनी लार्सन एंड टूब्रो ने सुरंग निर्माण में सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन के उपयोग का नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया है।

एलएंडटी लिमिटेड के निदेशक एसवी देसाई ने मंगलवार को कहा, टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) टीम ने शिव नाम की सिंगल शील्ड हार्ड रॉक टीबीएम का इस्तेमाल करते हुए 31 दिन में 790 मीटर की देश की सबसे लंबी सुरंग बनाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब दुनिया में कहीं भी सिंगल-शील्ड हार्ड रॉक टनल बोरिंग मशीन का इतने कुशल तरीके से उपयोग किया गया।



- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट के तहत 31 दिन में तैयार की 790 मीटर लंबी सुरंग

परियोजना निदेशक राकेश अरोड़ा ने कहा, यह 13.09 किलोमीटर लंबी सुरंग डाउनलाइन है जो 14.57 किलोमीटर लंबी अपलाइन सुरंग से समानांतर और 25 मीटर की दूरी पर है। अपलाइन सुरंग की खुदाई का काम इसी साल 16 अप्रैल 2025 को पूरा कर लिया गया था।

# शी चिनफिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे

**बीजिंग।** चीन ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री ली क्विंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इससे उन खबरों की पुष्टि हो गई है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार समूह की बैठक में शामिल नहीं होंगे।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां एक प्रेस वार्ता में बताया कि ली निमंत्रण पर पांच से आठ जुलाई तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। उन्होंने इस सवाल को टाल दिया कि शी चिनफिंग ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला क्यों किया। शी सत्ता में अपने 12 साल के कार्यकाल के दौरान हमेशा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

**विवाद** | कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आशंका जताने के बाद आईसीएमआर और एम्स के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा

# देश में अचानक हो रहीं मौतों की वजह कोविड वैक्सीन नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संयुक्त अध्ययन के आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की ओर से हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से हुई मौतों को कोविड वैक्सीन का कारण बताया गया। इसके एक दिन बाद बुधवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि आईसीएमआर और एम्स द्वारा किए गए व्यापक अध्ययनों में इस तरह के कोई संबंध नहीं पाए गए हैं। सिद्दारमैया ने कल कहा था कि कोविड वैक्सीन को जनता के लिए 'जल्दबाजी में मंजूरी और वितरण' भी इन मौतों का एक कारण हो सकता है और उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अगर उन्हें सीने में दर्द या सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं।




### अध्ययन का निष्कर्ष, अनुवांशिक परिवर्तन हो सकता है अस्पष्टीकृत मौतों का कारण

बयान में कहा गया है कि इस संबंध में अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के संस्थान एनआईई ने किया था, जिसका शीर्षक 'भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक एक बहुकेंद्रित मिलान केस नियंत्रण अध्ययन, था। इसे मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 देखभाल अस्पतालों में किया गया। मंत्रालय ने कहा कि इसमें ऐसे व्यक्तियों पर अध्ययन किया गया जो स्वस्थ प्रतीत होते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों से पता चला है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ता है। अध्ययन के मुताबिक अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में आनुवंशिक परिवर्तन को इन मौतों के संभावित कारण माना जा रहा है।

मंत्रालय ने उनकी टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक हुई मौतों के मामले की जांच की गई है और इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोविड-19 टीकाकरण और अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। मंत्रालय ने आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) द्वारा किए गए अध्ययनों का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पुष्टि की है कि देश में कोविड-19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं।

बयान में कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।